हिन्दी दैनिक

# प्रत्यूष नवबिहार

जोहार

रांची संस्करण

www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com

रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित

रांची • गुरुवार • 20.02.2025 • वर्ष : 15 • अंक : 209 • पृष्ठ : 12 • आमंत्रण मूल्य : ~~रुपये~~ 2 रुपये

## जैश जैसे संगठनों के जरिये पाकिस्तान के आतंकवादी कृत्यों का हम शिकार रहे हैं : हरीश

एजेंसी

**नई दिल्ली** : संयुक्त राष्ट्र में भारत के राजदूत ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) की बैठक में कहा कि भारत जैश-ए-मोहम्मद जैसे संगठनों के जरिये पाकिस्तान के आतंकवादी कृत्यों का शिकार रहा है और यह बड़ी विडंबना है कि आतंकवाद का वैश्विक केंद्र इस संकट के खिलाफ लड़ने का दावा करते हुए अपनी पीठ थपथपाता है। चीन की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री मोहम्मद इशाक डार द्वारा मंगलवार को परिषद की बहुपक्षवाद का अभ्यास, वैश्विक प्रशासन में सुधार विषय पर खुली बहस में जम्मू-कश्मीर के बारे में टिप्पणी करने के बाद संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि राजदूत पर्वतनेनी हरीश ने कड़े शब्दों में देश का रुख स्पष्ट किया। हरीश ने कहा, पाकिस्तान आतंकवाद का वैश्विक केंद्र है, जो 20 से अधिक संयुक्त राष्ट्र-सूचीबद्ध आतंकवादी संगठनों को पनाह देता है और सीमा पार आतंकवाद का समर्थन प्रदान करता है। उन्होंने कहा, इसलिए यह एक बड़ी विडंबना है जब पाकिस्तान आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में सबसे आगे होने के लिए खुद की पीठ थपथपाता है। भारत जैश-ए-मोहम्मद और हरकत उल मुजाहिदीन जैसे कई अन्य आतंकवादी संगठनों के जरिये इस देश द्वारा किए गए आतंकवादी कृत्यों का शिकार रहा है। पाकिस्तान स्थित कई आतंकवादी संगठन और लोग संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की 1267 अलकायदा प्रतिबंध




समिति के अंतर्गत सूचीबद्ध हैं और उनकी संपत्ति जब्त की गई है, उनकी यात्रा पर प्रतिबंध है। पूर्व में पाकिस्तान के मित्र चीन ने अक्सर भारत और अमेरिका जैसे उसके सहयोगियों द्वारा संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान स्थित आतंकवादियों को काली सूची में डालने के लिए प्रस्तुत प्रस्तावों को बाधिक किया है। हरीश ने जोर देकर कहा कि आतंकवाद का कोई भी रूप, प्रकार और उद्देश्य चाहे जो भी हो, उसे उचित नहीं ठहराया जा सकता। उन्होंने कहा, कोई भी राजनीतिक शिकायत निर्दोष नागरिकों के खिलाफ किए गए आतंकवाद को उचित नहीं ठहरा सकती। यह संस्था अच्छे और बुरे आतंकवादियों के बीच कोई अंतर नहीं कर सकती है। उन्होंने कहा कि डार को इस बात पर ध्यान देना चाहिए और परिषद का समय बर्बाद न किया जाए। हरीश ने साथ ही कहा कि जम्मू-कश्मीर हमेशा से भारत का अभिन्न व अविभाज्य अंग था, है और रहेगा। वास्तव में यह पाकिस्तान है जिसने जम्मू-कश्मीर के कुछ हिस्सों पर अवैध कब्जाकर रखा है। उन्होंने कहा, गलत सूचना और भ्रामक जानकारी, झूठ व मिथ्य प्रचार के पाकिस्तान के अभियान जमीनी हकीकत को नहीं बदल सकते। जम्मू-कश्मीर में पिछले साल सितंबर-अक्टूबर में हुए विधानसभा चुनाव का जिक्र करते हुए हरीश ने कहा कि जम्मू-कश्मीर के लोगों ने चुनाव में हिस्सा लिया और अपनी सरकार चुनने के लिए बड़ी संख्या में मतदान किया। उन्होंने कहा, जम्मू-कश्मीर के लोगों की पसंद स्पष्ट है। पाकिस्तान की स्थिति से विपरीत, जम्मू-कश्मीर में लोकतंत्र जीवंत और मजबूत है।

## रेखा गुप्ता के हाथ में होगी दिल्ली की कमान, होंगी नई मुख्यमंत्री

एजेंसी

**नई दिल्ली :** दिल्ली में बीजेपी सरकार की कमान अब महिला के हाथ में होगी। बीजेपी विधायक दल ने रेखा गुप्ता को अपना नेता चुना है। ऐसे में अब रेखा गुप्ता दिल्ली की मुख्यमंत्री होंगी। 27 साल बाद सत्ता में आने वाली बीजेपी ने इस बार महिला चेहरे पर भरोसा जताया है। रेखा गुप्ता कल रामलीला मैदान में सीएम पद की शपथ लेंगी। रेखा गुप्ता शालीमार बाग से विधायक चुनी गई है। उनको पार्टी के भीतर जमीनी स्तर पर उनकी सक्रियता और संगठनात्मक कौशल के लिए पहचाना जाता है। रेखा अब बीजेपी शासित 21 राज्यों में एकमात्र महिला मुख्यमंत्री होंगी। पार्टी के लिए एक बड़ी उपलब्धि है।



**हरियाणा के जींद से कनेक्शन**

हरियाणा के जींद की मूल निवासी गुप्ता छात्र जीवन से ही राजनीति में सक्रिय रही हैं। 50 वर्षीय रेखा गुप्ता ने मेरठ से कानून की पढ़ाई की है। उनका राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और बीजेपी से पुराना नाता रहा है। उत्तरी दिल्ली की मेयर रह चुकी गुप्ता के पास प्रशासनिक अनुभव है। वह बीजेपी की महिला मोर्चा की प्रभावशाली नेता रही हैं। वह वर्तमान में दिल्ली भाजपा महिला मोर्चा की महासचिव और पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की सदस्य हैं।

**29 हजार वोटों से मिली थी जीत**

रेखा गुप्ता ने इस बार हुए विधानसभा चुनाव में 29 हजार 595 वोट से जीत हासिल की थी। रेखा गुप्ता को 68 हजार 200 मिले थे। उन्होंने आम आदमी पार्टी की महिला उम्मीदवार बंदना कुमारी को हराया था। यहां से कांग्रेस उम्मीदवार प्रवीण कुमार जैन तीसरे स्थान पर रहे थे। 2020 के दिल्ली विधानसभा चुनावों में, आम आदमी पार्टी की बंदना कुमारी को ही इस सीट से जीत मिली थी। इससे पहले भी 2015 में बंदना कुमारी ने ही इसी सीट पर जीत दर्ज की थी। रेखा गुप्ता एबीवीपी से जुड़ी रही हैं। उन्होंने डीयू छात्र संघ चुनाव में महासचिव पद पर जीत हासिल की थी।

**2015 और 2020 में लगा था झटका**

2020 के दिल्ली विधानसभा चुनावों में, आम आदमी पार्टी की बंदना कुमारी ने बीजेपी की रेखा गुप्ता को हराया था।बंदना कुमारी को तब 57,707 वोट मिले, जबकि रेखा गुप्ता को 54,267 वोट मिले। कांग्रेस पार्टी के जेएस नायोल को 2,491 वोट हासिल किए थे। इससे पहले, 2015 में भी रेखा गुप्ता को इस सीट पर हार मिली थी। उन्हें आम आदमी पार्टी की उम्मीदवार बंदना कुमारी ने 62,656 वोट हासिल कर हराया था। उस समय कांग्रेस के सुलेख अग्रवाल को 3,200 वोट मिले थे।

## गिरिडीह में सड़क हादसे में बैंक प्रबंधक समेत छह की मौत

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**गिरिडीह :** गिरिडीह-डुमरी मार्ग पर मंगलवार आधी रात एक भीषण सड़क हादसा हुआ, जिसमें स्कॉर्पियो और बाइक की टक्कर में बैंक मैनेजर समेत छह लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। हादसा मधुबन थाना क्षेत्र के लट्टकट्टो इलाके में हुआ। जानकारी के अनुसार, स्कॉर्पियो और बाइक विपरीत दिशाओं से आ रही थीं। इसी दौरान स्कॉर्पियो चालक लाइट की चकाचौंध से संतुलन खो बैठा। पहले उसने बाइक को टक्कर मारी, फिर अनियंत्रित होकर एक पेड़ से जा भिड़ी। घटना की सूचना मिलते ही डुमरी एसडीपीओ सुमित कुमार ने मधुबन थाना पुलिस को मौके पर भेजा। पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद वाहनों से शवों को बाहर निकाला। एसडीपीओ सुमित कुमार ने हादसे की पुष्टि करते हुए बताया कि मृतकों में



चार स्कॉर्पियो सवार और दो बाइक सवार थे। इनमें से एक शव की अब तक पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस के अनुसार, स्कॉर्पियो में सवार मृतकों की पहचान मुंगेर मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के दरियापुर निवासी 40 वर्षीय सोमेश चंद्रा बैक मेनेजर केनरा बैक इसरी बाजार शांखा (पिता रवि शंकर प्रसाद सिंह), 21 वर्षीय गोपाल कुमार (पिता नरेश प्रसाद सिंह) और गुलाब कुमार (इसरी बाजार) के रूप में हुई है, जबकि एक अन्य की पहचान नहीं हो सकी है। बाइक सवार मृतकों में मधुबन थाना क्षेत्र के छछंदो निवासी 26 वर्षीय बबलू कुमार टुडू (पिता चेतलाल टुडू) और धावाटांड निवासी 55 वर्षीय हुसैनी मियां (पिता स्व. लाटो मियां) शामिल हैं। पुलिस मामले की जांच में जुटी है और मृतकों के परिजनों को सूचना भेजी गई है।

### एक नजर

### गिरिडीह में नक्सलियों की साजिश नाकाम सुरक्षा बलों ने बरामद किया विस्फोटक

**गिरिडीह :** गिरिडीह पुलिस और सीआरपीएफ की 154 बटालियन ने नक्सलियों की एक बड़ी विध्वंसक योजना को समय रहते विफल कर दिया। बुधवार को खुखरा थाना क्षेत्र के गार्दी और मर्मी के जंगलों में संयुक्त सर्च ऑपरेशन के दौरान सुरक्षा बलों ने भारी मात्रा में विस्फोटक बरामद किए। गुप्त सूचना के आधार पर एएसपी अभियान सुरजीत कुमार के नेतृत्व में चलाए गए इस अभियान में चार बंडल कोडेक्स वायर, पांच डेटोनेटर, 20 किलो विस्फोटक पाउडर, डेढ़ किलो नेल आयरन, 111 जिलेटिन स्टिक, हेक्सा ब्लेड और 200 लीटर सैंटोक्स बरामद किया गया। इसकी पुष्टि सीआरपीएफ 154 बटालियन के द्वितीय कमान अधिकारी दलजीत सिंह भाटी और एएसपी अभियान सुरजीत कुमार ने की । अधिकारियों ने बताया कि सीआरपीएफ की 154 बटालियन के कमांडेंट और पुलिस अधीक्षक गिरिडीह को सूचना मिली थी कि नक्सली साहेबराम मांझी और पवन लंगड़ा उर्फ पवन मांझी का दस्ता गार्दी और मर्मी में देखा गया है। इस आधार पर टीम का गठन किया गया। टीम में द्वितीय कमान अधिकारी दलजीत सिंह भाटी, एएसपी ऑपरेशन सुरजीत, सहायक कमांडेंट विजय सिंह मीना, इंस्पेक्टर ओमप्रकाश वर्मा, बलवंत सिंह के साथ सीआरपीएफ व पुलिस के जवान शामिल थे।

## केंद्र ने आपदा प्रभावित पांच राज्यों के लिए 1554 करोड़ रुपए की राशि मंजूर की

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में उच्च-स्तरीय समिति ने वर्ष 2024 के दौरान बाढ़, आकस्मिक बाढ़, भूस्खलन, चक्रवाती तूफान से प्रभावित पांच राज्यों को राष्ट्रीय आपदा मोचन कोष से 1554.99 करोड़ रूपए की अतिरिक्त केंद्रीय सहायता को बुधवार मंजूरी दी। गृह मंत्रालय ने कहा है कि केंद्र सरकार का यह कदम प्राकृतिक आपदाओं का सामना करने वाले इन पांच राज्यों के लोगों की मदद करने के संकल्प को दशार्ता है। उच्च-स्तरीय समिति ने पांच राज्यों को 1554.99 करोड़ रुपये की केन्द्रीय सहायता को मंजूरी दी है जो वर्ष के लिए राज्य आपदा



मोचन कोष में उपलब्ध प्रारंभिक शेष राशि के 50 प्रतिशत के समायोजन के अधीन है। 1554.99 करोड़ रुपये की कुल राशि में से आंध्र प्रदेश के लिए 608.08 करोड़ रुपये, नागालैंड के लिए 170.99 करोड़ रुपये, ओडिशा के लिए 255.24 करोड़ रुपये, तेलंगाना के लिए 231.75 करोड़ रुपये और त्रिपुरा के लिए 288.93 करोड़ रुपये मंजूर किए गए हैं। यह अतिरिक्त सहायता केंद्र द्वारा राज्यों को राज्य आपदा मोचन कोष से जारी धनराशि के अतिरिक्त है जो पहले से ही राज्यों के पास उपलब्ध है। वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान केंद्र सरकार ने राज्य आपदा कोष से 27 राज्यों को 18,322.80 करोड़ रुपये और राष्ट्रीय कोष से 18 राज्यों को 4,808.30 करोड़ रुपये, राज्य आपदा न्यूनीकरण कोष से 14 राज्यों को 2208.55 करोड़ रुपये और राष्ट्रीय आपदा न्यूनीकरण कोष से आठ राज्यों को 719.72 करोड़ रुपये जारी किए हैं। केंद्र सरकार ने आपदाओं के तुरंत बाद औपचारिक ज्ञापन की प्राप्ति की प्रतीक्षा किए बिना इन राज्यों में अंतर-मंत्रालयी केंद्रीय टीमों को भेज दिया था।

## दलहन एवं तेलहन की खेती के लिए जाना जाएगा पलामू : राधाकृष्ण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पलामू :** जिला मुख्यालय डालटनगंज शिवाजी मैदान में प्रमंडल स्तरीय किसान मेला-सह-प्रदर्शनी का आयोजन बुधवार को किया गया। कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण (आत्मा) की ओर से आयोजित इस किसान मेले का उदघाटन राज्य की कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेता तिर्की एवं वित्त, वाणिज्यकर, योजना एवं विकास व संसदीय कार्य मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने दीप प्रज्जवलित कर किया। मेला में 40 स्टॉल लगाये गये, जहां विभागों की योजनाओं की जानकारी दी गई। मेला में 16 किसानों के बीच परिस्थितियों का भी वितरण किया गया। मंत्री ने सभी स्टॉल का निरीक्षण कर वहां प्रदर्शित कृषि उत्पाद एवं कृषियंत्रों का अवलोकन किया। मौके पर कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने वन



डिस्ट्रिक्ट, वन प्रोडक्ट की चर्चा करते हुए कहा कि पलामू जिले में दलहन एवं तेलहन फसल को बड़े पैमाने पर बढावा देने के लिए स्टोरेज और प्रोसेसिंग यूनिट की स्थापना की जायेगी। किसान कोल्ड स्टोरेज के अभाव में तिलहन फसल को स्टोर करके नहीं रख पाते। स्टोरेज और प्रोसेसिंग यूनिट काम करने पर पलामू तिलहन के लिए जाना जायेगा। इसके लिए उपायुक्त के माध्यम से प्रस्ताव मांगा गया है। मंत्री ने कहा कि प्रमंडल स्तरीय किसान मेला-सह-प्रदर्शनी का आयोजन करने का उद्देश्य किसानों को राज्य सरकार की सभी योजनाओं से अवगत कराना है। पलामू में यह तीसरा आयोजन है। किसानों को समय के साथ कृषि के तौर-तरीकों को बदलना होगा। सब आधुनिकरण हो रहा है। किसानों को कृषि कार्य मजदूर की तरह नहीं व्यवसाय के रूप में करना होगा। पारंपरिक व्यवस्थाओं को बदलना होगा। धान-गेहूं की जगह संतरा, ड्रैगन फ्रूट आदि फल-सब्जियां आदि नगदी फसलों का उत्पादन करना होगा। मौके पर वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि पलामू प्रमंडल की अर्थव्यवस्था कृषि पर निर्भर है। नेशनल हाइवे और पुल-पुलिया के निर्माण से आधारभूत संरचना विकसित की जा सकती है, लेकिन जबतक हम सतही जल को नहीं बचायेंगे, भूगर्भीय जलस्तर नहीं बना रहेगा। किसानों के चेहरे पर खुशियां लाने के लिए राज्य की हेमंत सोरेन सरकार तेजी से वर्षा जल को बचाने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा कि पलामू में पड़े सुखाड़ और आकाल को देखने के लिए आज तक सिर्फ कांग्रेस पार्टी से प्रधानमंत्री बने इंदिरा गांधी एवं पीवी नरसिंहा राव ही यहां आए थे। मौके पर मनिका विधायक रामचंद्र सिंह, पूर्व मंत्री के.एन त्रिपाठी एवं जिप उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह ने भी संबोधित किया।

## रक्षा उद्योग और समुद्री सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढायेंगे भारत और मलेशिया

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** भारत और मलेशिया ने रक्षा उद्योग, समुद्री सुरक्षा, बहुपक्षीय संपर्क और नये क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर सहमति व्यक्त की है। मलेशिया-भारत रक्षा सहयोग समिति की 13वीं बैठक मंगलवार को कुआलालंपुर में हुई। बैठक की सह-अध्यक्षता रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह और मलेशिया के रक्षा मंत्रालय के महासचिव लोकमान हकीम बिन अली ने की। दोनों पक्षों ने हाल के वर्षों में दोनों सशस्त्र बलों के बीच नियमित संपर्क के साथ



बढ़ते द्विपक्षीय रक्षा सहयोग पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने द्विपक्षीय रक्षा संबंधों और क्षेत्रीय तथा वैश्विक मुद्दों को बढ़ाने के लिए प्रभावी और व्यावहारिक पहलों पर व्यापक चर्चा की। दोनों अध्यक्षों ने साइबर सुरक्षा और कृत्रिम बुद्धिमत्ता जैसे उभरते क्षेत्रों में सहयोग को और बढ़ाने के लिए कदमों की पहचान की। उन्होंने विशेष रूप से रक्षा उद्योग, समुद्री सुरक्षा और बहुपक्षीय संपर्क के क्षेत्र में मौजूदा सहयोग को प्रगाढ करने के तरीकों की पहचान की। वे गैर-पारंपरिक समुद्री सुरक्षा खतरों से निपटने के लिए एक संयुक्त फोकस समूह बनाने पर भी सहमत हुए। दोनों देशों ने व्यापक रणनीतिक साझेदारी के रक्षा स्तंभ के तहत नई पहलों को पूरी तरह से लागू करने की प्रतिबद्धता की पुष्टि की। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनके मलेशियाई समकक्ष दातो सेरी अनवर इब्राहिम की पिछले वर्ष हुई बैठक में बनी सहमति के अनुरूप होगा। भारत और मलेशिया ने रणनीतिक मामलों के कार्य समूह की स्थापना पर अंतिम रूप से संदर्भ की शर्तों का भी आदान-प्रदान किया। यह मंच द्विपक्षीय रक्षा सहयोग के सभी पहलुओं को आगे बढ़ाने के लिए मिडकॉम और दो उप-समितियों के बीच एक परामर्श तंत्र के रूप में कार्य करेगा। दोनों पक्षों ने मिडकॉम के परिणामस्वरूप सुखोई-30 फोरम की स्थापना पर अंतिम रूप से शर्तों का भी आदान-प्रदान किया। यह फोरम लड़ाकू विमान के रखरखाव में विशेषज्ञता और सर्वोत्तम प्रथाओं के आदान-प्रदान में दोनों वायु सेनाओं के बीच घनिष्ठ सहयोग को सक्षम करेगा।

## पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार ने किया राजकीय इटखोरी महोत्सव का उद्घाटन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**चतरा :** चतरा जिले के इटखोरी में तीन दिवसीय राजकीय इटखोरी महोत्सव का बुधवार को राज्य के पर्यटन, कला व संस्कृति मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने दीप प्रज्ज्वलित कर उद्घाटन किया। समारोह में राज्य के पूर्व मंत्री सत्यानंद भोगता, जिला परिषद अध्यक्ष ममता देवी, उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी, झारखंड दिगंबर जैन न्यास बोर्ड के अध्यक्ष ताराचंद जैन, बोधगया मंदिर प्रबंधन समिति के सदस्य सचिव नांगजेय दोरजी समेत अन्य शामिल हुए। समारोह को संबोधित करते हुए मंत्री सुदिव्य कुमार ने कहा कि इटखोरी तीन धर्मों की संगम स्थली है। माता भद्रकाली की प्रसिद्धि दूर दूर तक है। आने वाले साल में सरकार राजकीय महोत्सव का व्यापक प्रचार-प्रसार करेगी।

# कांग्रेस के नव नियुक्त कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष के सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग** : कांग्रेस कार्यालय हजारीबाग में झारखंड प्रदेश ओबीसी कांग्रेस के नव नियुक्त कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष का सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ओबीसी कांग्रेस के जिला अध्यक्ष दीपक कुमार गुप्ता ने की, कार्यक्रम का संचालन ओबीसी के प्रदेश वरीय उपाध्यक्ष ओमप्रकाश गोप तथा धन्यवाद ज्ञापन जिला उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता निसार खान ने की । इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष शैलेंद्र यादव ने माला पहनाकर सुरजीत नागवाला जी का स्वागत किया ,और कहां की कांग्रेस पार्टी हमेशा से वैसे कार्यकताओं को त तरजीह देती है जो संगठन के लिए दिन-रात मेहनत करते हैं आज उसी का प्रतिफल है कि हजारीबाग के सुरजीत नागवाला जैसे कार्यकर्ता को कांग्रेस की एक बड़ी जवाबदेही है दी गई है। झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश उपाध्यक्ष भीम कुमार जी ने भी फूल और बुके देकर नवनियुक्त प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष का स्वागत किया। झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी ओबीसी विभाग के डॉक्टर प्रकाश कुमार, रेणु कुमारी, प्रदेश महासचिव रीतलाल मंडल और जिला अध्यक्ष दीपक गुप्ता ने माला पहनकर और बुके देकर भी स्वागत करने का काम किया। स्वागत समारोह के इस कार्यक्रम में नवनियुक्त प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष सुजीत नागवाला ने कहा कि हजारीबाग के कांग्रेस के नेता और कार्यकताओं के इस स्वागत से मैं अभीभूत हूं, प्रदेश नेतृत्व और जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी ने जो मुझ पर भरोसा जताया है उसे मैं जमीन पर उतरने का काम करूंगा, और पूरे झारखंड के 24 जिला में लोगों को ओबीसी कांग्रेस से जोड़ने का काम करूंगा। आने वाले दिनों में झारखंड में ओबीसी और मजबूत स्थिति में दिखेगी। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला अध्यक्ष दीपक कुमार गुप्ता ने कहा की स्वागत समारोह में सबों का अभिनंदन करते हुए कहा कि सुरजीत नागवाला आंदोलन करने वाले नेता है जिन्हें प्रदेश नेतृत्व ने उनके कार्यशैली को देख बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है और हजारीबाग के लिए गर्व की बात है। स्वागत समारोह के बाद प्रेस को संबोधित करते हुए कहा कि झारखंड में ओबीसी संगठन को लेकर पूरे राज्य का भ्रमण करेंगे और जो 27 प्रतिशत आरक्षण का मामला माननीय राज्यपाल के यहां लंबित है ,उसके लिए हम लोग सड़क से लेकर सदन तक आंदोलन करने का काम करेंगे।

## एक नजर

### झामुमो नेता संजय सिंह ने मंत्री सुदिव्य से की मुलाकात

**बड़कागांव** : झारखंड सरकार के नगर विकास एवं आवास विभाग उच्च एवं तकनीकी शिक्षा, पर्यटक कला संस्कृति खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग मंत्री सुदिव्य कुमार से झारखंड मुक्ति मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष सह झारखंड श्रमिक संघ जिला सचिव संजय सिंह, युवा नेता गौरव पटेल एवं विकास राणा ने सर्किट हाउस में मुलाकात कर बुके देकर अभिनंदन किया। मौके पर संजय सिंह ने बड़कागांव और केरेडारी में कोल खनन कंपनियो के बारे कई बिंदुओं पर विचार विमर्श किया। मंत्री सुदिव्य कुमार ने आश्वासन देते हुए कहा कि निश्चित तौर इस समस्या को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के समक्ष में रखूंगा और समाधान करने का प्रयास करूंगा।

### कोल माइनिंग संवेदक संघ ने चार सूत्री मांग पत्र सौंपा

**बड़कागांव** : कोल माइनिंग संवेदक संघ के बड़कागांव और केरेडारी द्वारा पकरी बरवाडीह कोल माइंस के परियोजना प्रमुख फैज तैयब के समक्ष चार सूत्री मांग पत्र सौंपा गया। संवेदकों द्वारा परियोजना प्रमुख से गेट पास निर्गत करने के अलावा 5 करोड़ की राशि तक निविदा में विस्थापित प्रभावित एवं स्थानीय संवेदक को ही लिमिटेड टेंडर में भाग लेने की मांग रखी। मांग पत्र में महंगाई को देखते हुए डीएसआर 2022 लागू करने तथा ढेंगा कॉलोनी में संवेदकों के लिए एक कार्यालय हेतु भवन उपलब्ध कराने की मांग की गई इस दौरान बड़कागांव कोल माइनिंग संवेदक संघ के अध्यक्ष लीलाधन प्रजापति, सचिव मुजाहिद खान, कोषाध्यक्ष बादल कुमार राज, मीडिया प्रभारी अजय तिवारी, सक्रिय सदस्य सुभाष तिवारी, शिवम कुमार, आदित्य कुमार समेत अन्य संवेदक उपस्थित थे।

### परिवहन विभाग का कारनामा, दो गाड़ी को दिया गया एक ही रजिस्ट्रेशन नंबर

**हजारीबाग**: हजारीबाग डीटीओ कार्यालय हमेशा अपनी कारगुजारियां के लिए सुर्खियों में रहता है। इस बार एक मामला प्रकाश में आया है जहां हजारीबाग डीटीओ कार्यालय से दो गाड़ी का एक ही रजिस्ट्रेशन नंबर जारी हो गया है। इसके बाद पूरे कार्यालय में अफरा तफरी और जांच का माहौल है। जिला परिवहन पदाधिकारी से लेकर एमवीआई तक जांच कर रहे हैं कि आखिर यह हुआ कैसे आलम यह है कि सड़क पर एक ही नंबर की दो स्कॉर्पियो गाड़ी घूम रही है। दोनों गाड़ी का चेचिस नंबर और इंजन नंबर भी एक ही है। ऐसे में यह कैसे हुआ है यह चर्चा का विषय बन गया है। पदाधिकारी से लेकर कर्मी तक इस बुझौवल को बुझाने के लिए लगे हुए हैं। दरअसल हजारीबाग के रहने वाले सत्येंद्र नारायण सिंह 2016 में स्कॉर्पियो गाड़ी खरीदें। उनके बेटे को रांची जाना था। उन्होंने दो दिन पहले गाड़ी का प्रदूषण का कागज बनाया।

### तीन चोर गिरफ्तार जंगल से 22 मोटरसाइकिल बरामद

**कोडरमा**: जिले की मरकच्चो पुलिस ने मोटरसाइकिल चोर गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनकी निशानदेही पर डोमचांच थाना क्षेत्र के कुसाहन जंगल से एक झोपड़ी नुमा घर से चोरी की गई 22 मोटरसाइकिलों को बरामद किया है। गिरफ्तार आरोपितों के नाम डोमचांच थाना क्षेत्र के बेहराडीह निवासी रोहित कुमार स्वर्णकार, बगरीडीह निवासी मौला अंसारी तथा नावाडीह निवासी प्रकाश मेहता हैं। बुधवार को पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह ने मरकच्चो थाना में प्रेस वार्ता कर बताया कि उन्हें गुप्त सूचना प्राप्त मिली थी कि कुछ वाहन चोर जिला में भ्रमणशील हैं। इसके बाद गिरफ्तारी के लिए जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया।

# मिलावटी, एक्सपायरी व किसी प्रकार की खाद्य सामग्री बेचने पर होगी कार्रवाई



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग** : अभिहित अधिकारी-सह-अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी ने सूचना जारी कर बताया कि आगामी त्योहारों के मद्देनजर सभी खाद्य कारोबारी यथा मिठाई दुकान संचालक, रेस्टोरेंट/ ढ़ाबा/ होटल संचालक, थोक विक्रेता, खुदरा एवं फुटकर विक्रेता, वितरक, फल/ सब्जी विक्रेता, दवा विक्रेता, मीट/ मुर्गा/ मछली विक्रेता एवं फास्ट फूड विक्रेता आदि मिठाईयों को सुरक्षित एवं अत्याधिक आकर्षक बनाने एवं रखने के लिए अवांछित केमिकल एवं स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर डालने वाले अखाद्य/ औद्योगिक रंगों का उपयोग नहीं करेंगे। अधिकृत प्राकृतिक एवं कृत्रिम रंगों का मिठाईयों में उपयोग तय मानक के अनुरूप ही करेंगे। वहीं विभिन्न प्रकार के मिठाईयों में जैसें:-खोवा/ मावा/ रसगुल्ला/ छेना में आरारोट/ आटा/ मैदा/ सूजी इत्यादि, काजू बर्फी में गुलकोज, आटा, मैदा एवं घी में रिफाइन/ तेल इत्यादि का मिलावट नहीं करेंगे। सभी दुकानदार अपने-अपने खाद्य प्रतिष्ठानों में अधिकृत प्रमाण-पत्र अपने परिसर के प्रमुख स्थान पर दशार्ना सुनिश्चित करेंगे। विभिन्न खाद्य पदार्थो का निर्माण करते समय सभी कर्मियों के द्वारा संबंधित मठाई/ रेस्तरां/ होटल/ ढ़ाबा में आदि का उपयोग करवाना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही खाद्य परिसर का समुचित साफ-सफाई रखना सुनिश्चित करेंगे। सभी खाद्य पदार्थो को केवल लाइसेंस प्राप्त या रजिस्टर्ड विक्रेताओं से ही खरीदने एवं बेचने के साथ ही इसका रिकॉर्ड रखना सुनिश्चित करेंगे। तले भुने हुए गर्म खाद्य पदार्थों जैसे-समोसे, पकौडे, जलेबी, कचरी, बरा, ढुसका आदि को अखबार, प्रिन्टेंड पेपर एवं प्लास्टिक/पॉलिथीन में देना सख्त मना है।

# छत्रपति शिवाजी प्लस टू हाई स्कूल में वार्षिक उत्सव का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग** : दारू प्रखंड के बड़वार में छत्रपति शिवाजी प्लस टू हाई स्कूल में वार्षिक उत्सव का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें विधायक सदर प्रदीप प्रसाद मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकों, विद्यार्थियों और अभिभावकों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही। पूरे कार्यक्रम में उत्साह और उमंग का वातावरण बना रहा। कार्यक्रम की शुरूआत छत्रपति शिवाजी महाराज की तस्वीर पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन से हुई। विधायक प्रदीप प्रसाद ने शिवाजी महाराज के साहस, नेतृत्व और राष्ट्रभक्ति को याद करते हुए कहा की छत्रपति शिवाजी महाराज केवल एक महान योद्धा ही नहीं, बल्कि एक कुशल प्रशासक और आदर्श नेतृत्वकर्ता भी थे। आज के युवाओं को उनके जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए और अपने लक्ष्य की ओर समर्पण के साथ बढ़ना चाहिए। विधायक प्रदीप प्रसाद ने विद्यालय प्रशासन की सराहना करते हुए कहा की कम संसाधनों के बावजूद विद्यालय का संचालन जिस कुशलता और प्रतिबद्धता के साथ किया जा रहा है, वह सराहनीय है। विद्यालय परिवार, शिक्षकगण और प्रबंधन समिति बधाई के पात्र हैं, जो बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए पूरी निष्ठा से कार्य कर रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम, नृत्य,गीत और नाटक की शानदार प्रस्तुतियाँ दीं। इनमें देशभक्ति, सामाजिक जागरूकता और भारतीय संस्कृति की झलक देखने को मिली। बच्चों की प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा की बच्चों की यह ऊर्जा, आत्मविश्वास और समर्पण ही उन्हें आगे चलकर जीवन में सफल बनाएगा। उनकी मेहनत और लगन से क्षेत्र का नाम रोशन होगा। विद्यालय प्रशासन और विद्यार्थियों की मांग को देखते हुए विधायक प्रदीप प्रसाद ने आश्वासन दिया कि विद्यालय के विकास के लिए हरसंभव सहयोग प्रदान किया जाएगा।

# परीक्षा शुल्क के खिलाफ विभावि में एनएसयूआई के नेतृत्व में छात्रों ने निकाला विरोध मार्च



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग** : विनोबा भावे विश्वविद्यालय हजारीबाग में छात्रों पर अचानक बढ़ाए गए परीक्षा शुल्क का भारी बोझ डालने के खिलाफ एनएसयूआई छात्र संगठन के नेतृत्व में विशाल विरोध मार्च निकाला गया। यह विरोध प्रदर्शन एनएसयूआई के छात्र नेता अभिषेक राज के नेतृत्व में हुआ, विनोबा भावे विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा ग्रेजुएशन, पोस्ट ग्रेजुएशन, एलएलबी, एमबीबीएस, बीडीएस, एमडीएस, फिजियोथेरेपी, बी.टेक, बी.एड/एम.एड, पीएच.डी आदि कोर्सों के रजिस्ट्रेशन शुल्क, परीक्षा शुल्क, माइग्रेशन शुल्क, प्रोविजनल प्रमाणपत्र शुल्क, डिग्री शुल्क, डुप्लीकेट एडमिट कार्ड और मार्कशीट शुल्क में भारी वृद्धि कर दी गई थी। इस निर्णय के विरोध में छात्रों ने आट्र्स ब्लॉक से नारेबाजी करते हुए विश्वविद्यालय के मुख्य भवन तक विशाल मार्च निकाला और कुलपति कार्यालय का घेराव किया। छात्रों ने इस फैसले को छात्र-विरोधी एवं आर्थिक बोझ बढ़ाने वाला बताया और तत्काल इसे वापस लेने की मांग की। छात्र नेता अभिषेक राज ने कुलपति प्रो. पवन कुमार पोद्दार से सीधी बातचीत की और स्पष्ट रूप से कहा कि,छात्र पहले से ही आर्थिक समस्याओं से जूझ रहे हैं, ऐसे में फीस बढ़ाना पूरी तरह से अनुचित है। यह फैसला गरीब और मध्यमवर्गीय छात्रों की शिक्षा को बाधित करेगा। छात्रों की एकजुटता और एनएसयूआई के नेतृत्व में हुए इस आक्रामक विरोध प्रदर्शन के बाद कुलपति ने मामले की गंभीरता को समझते हुए तत्काल प्रभाव से फीस वृद्धि को अगले आदेश तक स्थगित कर दिया। इस आंदोलन में एआईडीएसओ जिला अध्यक्ष जीवन यादव भी मौके पर पहुंचे और छात्रों का समर्थन करते हुए फीस वृद्धि को पूरी तरह गलत करार दिया।

# उप विकास आयुक्त ने टाटीझरिया एवं दारू प्रखंड का किया भ्रमण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग** : हजारीबाग के विभिन्न प्रखंडों में चल रही विकासात्मक कार्यों व कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा के उद्देश्य से आज उप विकास आयुक्त श्री इश्तियाक अहमद ने आज 19 फरवरी को टाटीझरिया व दारू प्रखंड का भ्रमण किया। उप विकास आयुक्त की अध्यक्षता में सभी विभागो के प्रखण्ड कर्मी के साथ प्रखण्ड स्तरीय समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक मे मुख्यतः कई मुद्दों पर उप विकास आयुक्त द्वारा निदेशित किया गया जिसमें उन्होंने पंचायत भवन को सुदृढ़ करने हेतु पंचायत में कर्मियो का रोस्टर तैयार कर अनुपालन सुनिश्चित करने को कहा। पंचायत भवन में प्रज्ञा केन्द्र संचालक सहित सभी पंचायत स्तरीय कर्मियों का नाम, मोबाइल नंबर लिखने को कहा। जिन पंचायतों में मिनी आंगनबाड़ी का प्रस्ताव है वहाँ ग्राम सभा के माध्यम से सेविका का चयन कर, जिला को प्रतिवेदित करने की बात कही। डीडीसी ने कुडा कचरा प्रबंधन हेतु जिला से कुछ पंचायतों को कूड़ा पृथिकरण शेड,ट्राई साइकल प्राप्त है,उन्हे जेएसएलपीएस के महिला ग्रुप द्वारा संचालित करने का निदेश दिया गया। पंचायतों को प्रति पंचायत कम से कम 10 सोख्ता गढ्ढा,एक भस्मक 15वें वित आयोग से निर्माण करने का निदेश दिया। उन्होंने अपूर्ण आवास को जल्द से जल्द पूर्ण करने तथा अबुआ अवास मे ग्रामीणों द्वारा खुद से रजिस्ट्रेशन करने हेतु जागरूक करने का निर्देश दिया।

# जनहित में क्षेत्र की हर छोटी-बड़ी समस्याओं के निदान का प्रयास जारी है : मनीष जायसवाल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग** : हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के तीन प्रमुख ब्लैक स्पॉट जो खून की प्यासी बनकर मौत का घाटी के रूप में लोगों के जेहन में बसने लगा और इन स्पॉट पर कमोवेश हर दिन सड़क दुर्घटना होने की वजह से कई लोगों ने अपनी जान गंवाई तो कई परिवार बर्बाद हो गए। इस गंभीर मामले को तत्परता से जब हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने बीते लोकसभा के शीतकालीन सत्र के दौरान भारत के सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी और भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अध्यक्ष संतोष कुमार यादव एवं अन्य उच्चस्तरीय अधिकारियों से मिलकर उनके समक्ष विस्तारपूर्वक रखा और लिखित आवेदन सौंपते हुए उनसे इन सभी हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के ब्लैक स्पॉट पर तत्काल सुधार करते हुए कार्य करने का आग्रह किया। रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के चुटुपालू घाटी में सड़क के बीचोबीच अधिष्ठापित सैकड़ों स्ट्रीट लाइट्स खराब होने के कारण यह क्षेत्र के अंधेरे में डूबा रहता था इस मामले को भी सांसद मनीष जायसवाल ने गंभीरता से रामगढ़ जिले के दिशा की बैठक में उठाए और संबंधित दोषी अधिकारियों को जमकर फटकार लगाई। सांसद मनीष जायसवाल की सक्रियता और तत्परता का जी नतीजा है कि कल तक अंधेरे में डूबा रहने वाला चुटुपालू घाटी एक बार फिर दूधिया रौशनी से पट गया है। सभी करीब 350 खराब स्ट्रीट लाइट्स को सुदृढ़ कर सुचारु कर दिया गया है। चुटुपालू घाटी के मुख्य एक्सीडेंटल जॉन में ट्रांसवर्स बार मार्किंग, रोड़ मार्किंग, सोलर स्टड्स लगाने का कार्य युद्धस्तर पर चल रहा है। यहां करीब 160 साइन बोर्ड, 02 पीटीजेड कैमरे, मेटल बीम क्रैश बैरियर, बम्बू क्रैश बैरियर लगाने की भी योजना है साथ ही अन्य प्रकार के कई सेफ्टी अरेंजमेंट्स किए जा रहें हैं। ऐसे ही मांडू विधानसभा क्षेत्र के चरही स्थित यूपी मोड़ पर भी सड़क विस्तारीकरण का कार्य युद्धस्तर पर जारी है । सांसद मनीष जायसवाल के पहला और संबंधित विभाग के केंद्रीय मंत्री और उच्च अधिकारी तक इस मामले के पहुंचते ही इस पर पहल शुरू हो गया और हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के विभिन्न ब्लैक स्पॉट पर युद्धस्तर पर काम चल रहा है। निश्चित रूप से इस कार्य से इन ब्लैक स्पॉट पर सड़क दुर्घटनाओं में कमी आएगी और यहां से गुजरने वालों को बड़ी राहत मिलेगी। सांसद मनीष जायसवाल विभिन्न ब्लैक स्पॉट पर हो रहें कार्य के बाबत बताया कि विभाग और सरकार ने जनहित के इस गंभीर मामले को बेहद ही गंभीरता से लिया और तत्काल पहल शुरू किया जो अच्छी बात है।

## संक्षिप्त खबरें

### प्लास्टिक सर्जरी से जटिल ऑपरेशन सफल कम खर्च में मरीज को मिली नई जिंदगी



**हजारीबाग** : झारखंड के हजारीबाग जिले के सिरका निवासी 28 वर्षीय मुकेश कुमार यादव का एक सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से पैर क्षतिग्रस्त हो गया था। दुर्घटना के बाद उनकी हालत नाजुक हो गई थी, और डॉक्टरों ने ऑपरेशन को अत्यंत जटिल करार दिया था। परिवार के सामने एक बड़ी चुनौती थी बेहतर इलाज कहां और कैसे कराया जाए। ऐसे में परिजनों ने उन्हें आरोग्यम अस्पताल,डिस्टिक मोड़ चौक में भर्ती कराया, जहां झारखंड के जाने-माने प्लास्टिक सर्जन डॉ. विक्रांत ने उनकी स्थिति को समझते हुए तत्काल सर्जरी का निर्णय लिया। इस जटिल ऑपरेशन को सफलतापूर्वक अंजाम दिया गया, जिससे मरीज का पैर बच गया और वे अब स्वस्थ हो रहे हैं। कम खर्च में उच्च गुणवत्ता का इलाज आमतौर पर इस प्रकार के प्लास्टिक सर्जरी ऑपरेशन में अत्यधिक खर्च आता है, लेकिन आरोग्यम अस्पताल में यह इलाज बेहद किफायती दरों पर किया गया। अस्पताल प्रबंधन के अनुसार, उनका लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि मरीजों को आधुनिक चिकित्सा सुविधाएं किफायती दरों पर उपलब्ध कराई जाएं, जिससे किसी भी आर्थिक रूप से कमजोर व्यक्ति को सही इलाज से वंचित न रहना पड़े। परिजनों ने जताया आभार सफल ऑपरेशन के बाद मुकेश कुमार यादव के परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन और डॉक्टर विक्रांत का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि इस अस्पताल में न केवल आधुनिक चिकित्सा सुविधाएं हैं, बल्कि यहां मरीजों को विशेष देखभाल और सहयोग भी मिलता है, जिससे वे मानसिक रूप से भी मजबूत रहते हैं। आरोग्यम अस्पताल भरोसे का केंद्र आरोग्यम अस्पताल, में नवीनतम चिकित्सा तकनीकों और विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम उपलब्ध है, जो मरीजों को बेहतरीन उपचार देने के लिए तत्पर रहती है। यह अस्पताल जटिल से जटिल मामलों में भी सफलता प्राप्त कर चुका है और कम खर्च में गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए जाना जाता है।

### नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू का झामुमो कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत



**हजारीबाग** : झारखंड सरकार के नगर विकास एवं आवास- तकनीकी शिक्षा पर्यटन कला संस्कृति खेलकूद और युवा कार्य विभाग के मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू का सड़क मार्ग से इटखोरी जाने के क्रम में हजारीबाग परिसदन भवन में झामुमो नेताओं व कार्यकताओं ने भव्य स्वागत किया। ऐसे में बताना अहम यह होगा कि मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू इटखोरी महोत्सव के उदघाटन समारोह कार्यक्रम में शामिल होने के लिए रांची से इटखोरी जाने के दौरान हजारीबाग में रूके। हजारीबाग परिसदन में कार्यकताओं से रूबरू हुए और झामुमो संगठन को लेकर गहन विचार विमर्श किया। साथ ही विभागीय अधिकारियों से मिलकर नगर निगम क्षेत्र में चलाए जा रहे विकास कार्यों की जानकारी ली। इस अवसर पर नगर आयुक्त, योगेन्द्र प्रसाद, सहायक नगर आयुक्त के अलावा नगर निगम के कई कर्मी मौजूद थे। मीडिया से वार्ता के दौरान उन्होंने कहा कि मैं व्यक्तिगत और राज्य सरकार के प्रतिनिधि के तौर पर शहीद कैप्टन करमजीत सिंह बक्शी के परिजनों से मिला और संवेदनाएं व्यक्त की उन्होंने कहा कि इस दुख की बेला में झारखंड सरकार शहिद के परिजनों के साथ हर प्रकार से खड़ी है। मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू का स्वागत करने वालों में बरकट्ठा विधानसभा के पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव, बुद्धिजीवी मोर्चा के पूर्व अध्यक्ष डॉ कमल नयन सिंह, केंद्रीय सदस्य दिलीप वर्मा, जिला संयोजक मंडली सदस्य सह पूर्व जिला सचिव नीलकंठ महतो, पूर्व जिला उपाध्यक्ष सह पूर्व युवा मोर्चा केंद्रीय उपाध्याय सुनील शर्मा,नगर अध्यक्ष-नवीन प्रकाश, उपाध्यक्ष - राजू केसरी व शादाब हाशमी, सचिव - मोहम्मद निसार, कोषाध्यक्ष - विक्की लकड़ा, बड़कागांव प्रखंड अध्यक्ष संजय सिंह, चौपारण प्रखंड अध्यक्ष उज्जवल सिंह,कमाल कुरैशी, तराना परवीन, श्वेता दुबे, अब्दुल्ला खान, अजय साव शामिल थे।

### शहीद कैप्टन करमजीत सिंह बक्शी के घर पहुंचे नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू



**हजारीबाग** : झारखंड के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के निर्देश पर झारखण्ड के नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार ने कशमीर के अखनूर में हुए आई ई डी ब्लास्ट में शहीद कैप्टन करमजीत सिंह बख्शी के जुलु पार्क हजारीबाग स्थित आवास जाकर श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके परिजनों से मुलाकात कर शहीद के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की। झारखण्ड के नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार ने गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि झारखण्ड सरकार शहीद के परिजनों के साथ खड़ी है और सरकारी प्रवधान के तहत उनके परिजनों को सारी सुविधाएँ उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि हजारीबाग के पगोडा चौक का नामकरण कैप्टेन करमजीत सिंह बख्शी से किया जायेगा। माननीय मंत्री ने सम्बन्धित पदाधिकारी को निर्देश दिया की पगोडा चौक का नाम कैप्टेन करमजीत सिंह बख्शी होगा और वहाँ शहीद की प्रतिमा स्थापित की जाएगी। प्रतिमा का स्वरुप टोपी और राइफल लिए हुए सैनिक का होगा। उन्होंने कहा कि शहीद के आश्रितों को सरकारी नौकरी देने के तहत कैप्टेन करमजीत सिंह बख्शी की बहन को नौकरी देने की बात को झारखण्ड के माननीय मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन जी के पास ले जायेंगे । शहीद के परिवार के साथ झारखण्ड सरकार हमेशा खड़ी है। शहीद कैप्टेन करमजीत सिंह बख्शी को श्रद्धांजलि अर्पित करने वाले में मुख्य रूप झामुमो के कमल नयन सिंह, विकास राणा, प्रणव कुमार वर्मा, दिलीप वर्मा, आनन्द सिंह, अजय कुमार, आफताब आलम, विवेक कुमार राणा, गुड्डू आदि शामिल थे।

एक नजर

## 23 फरवरी को होगी राजद विधायक दल की बैठक

रांची : प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल के विधायक दल की बैठक 23 फरवरी को होगी। यह बैठक हरमू बाईपास रोड स्थित पार्टी के प्रदेश मुख्यालय में शाम चार बजे से होगी। पार्टी के मुख्य प्रवक्ता डॉ. मनोज कुमार ने बताया कि राजद विधायक दल की अध्यक्षता राजद विधायक दल के नेता सुरेश पासवान करेंगे। उन्होंने बताया कि बैठक में राज्य सरकार के कामकाज, राज्य में संगठन के विस्तार और इसकी मजबूती समेत अन्य कई मुद्दों पर चर्चा होगी। बैठक में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सह विधायक संजय कुमार सिंह यादव, मंत्री संजय प्रसाद यादव और विधायक नरेश सिंह समेत पार्टी के अन्य वरीय नेता उपस्थित रहेंगे।

## बाबूलाल मरांडी ने संगम में लगाई आस्था की डुबकी



रांची : उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में दिव्य और भव्य महाकुंभ में श्रद्धालुओं की भीड़ लगातार आ रही है। बड़ी संख्या में श्रद्धालु संगम में स्नान कर रहे हैं। इसी बीच भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने बुधवार को प्रयागराज महाकुंभ में संगम तट पर आस्था और श्रद्धा की डुबकी लगाई। उन्होंने कहा कि महाकुंभ में लोग जाति और धर्म से ऊपर उठकर पवित्र संगम में डुबकी लगा रहे हैं। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि महाकुंभ में सबसे ज्यादा देश भर से युवा पूरे उत्साह के साथ डुबकी लगाने पहुंच रहे हैं, जो सुखद है। इस मौके पर उन्होंने समस्त झारखंड वासियों के लिए मंगल कामना की। वहीं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा, आज प्रयागराज के पवित्र महाकुंभ में त्रिवेणी संगम तट पर पुण्य स्नान करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। मां गंगा, यमुना और सरस्वती के संगम में डुबकी लगाकर अपार आध्यात्मिक शांति और ऊर्जा की अनुभूति हुई। महाकुंभ का यह दिव्य वातावरण, संत महात्माओं के दर्शन और श्रद्धालुओं की आस्था वास्तव में अद्भुत और अलौकिक है। गंगा मईया से सबके कल्याण की मंगलकामना करता हूं।

## कल रांची आएंगे कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी

रांची : झारखंड कांग्रेस के नवनियुक्त प्रभारी के. राजू पांच दिवसीय प्रवास कार्यक्रम के तहत 21 फरवरी को राजधानी रांची पहुंचेंगे। वह दोपहर दो बजे से रांची स्थित प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर संगठन के सशक्तिकरण पर विचार-विमर्श करेंगे। इसके बाद वे 22 फरवरी को रांची से चाईबासा के लिए प्रस्थान करेंगे, जहां सुबह 11 बजे चाईबासा, सरायकेला, पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमिटी के जिलाध्यक्ष, प्रखंड अध्यक्ष और मंडल अध्यक्षों के साथ बैठक कर संगठन की ताजा स्थिति से अवगत होंगे। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने बुधवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश प्रभारी 23 फरवरी की सुबह 10.30 बजे बोर्ड, निगम, आयोग के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और सदस्यों की बैठक में भी भाग लेंगे। इसके बाद 11.30 बजे कांग्रेस विधायक दल की बैठक में भाग लेंगे। दो बजे से वे कांग्रेस अग्रणी मोर्चा संगठन और उसके अध्यक्षों के साथ बैठक करेंगे, फिर शाम सात बजे रांची से हजारीबाग के लिए प्रस्थान करेंगे एवं रात्रि विश्राम हजारीबाग परिसदन में होगा। 24 फरवरी को हजारीबाग, चतरा, कोडरमा और रामगढ़ में जिलाध्यक्ष, प्रखंड और मंडल अध्यक्षों के साथ बैठक करेंगे। इसके बाद रांची के लिए प्रस्थान करेंगे।

# उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने विभिन्न विभागों के कार्यों की समीक्षा की

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



रांची : उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने बुधवार रांची जिला के विभिन्न विभागों के कार्यों की समीक्षा की। बैठक में उपायुक्त ने पेयजल, स्वच्छता, राजस्व, निबंधन और भूमि सुधार, झारखंड औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकार, कृषि पशुपालन और सहकारिता, उच्च और तकनीकी शिक्षा विभाग तथा नगर विकास विभाग की ओर से जिले में किये गये कार्यों की समीक्षा की। उपायुक्त ने राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार के कार्यों की समीक्षा करते हुए खनन पट्टा पर मुद्रांक शुल्क एवं निबंधन शुल्क के संबंध में विभागीय दिशा-निर्देशों का पालन करने का निर्देश दिया। जाली मुद्रांकों की बिक्री रोकने के संबंध में उन्होंने औचक सत्यापन करने का निर्देश दिया। उन्होंने जिले में जल जीवन मिशन एवं स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) अंतर्गत किये जाने वाले कार्यों की भी समीक्षा की। उपायुक्त ने अधिकारियों को तय समय में लक्ष्य प्राप्ति का निर्देश दिया। साथ ही कायार्देश जारी होने के बाद किसी वेंडर की ओर से काम में अनियमितता बरते जाने पर उन्होंने उपविकास आयुक्त को समीक्षा करने को कहा। उपायुक्त ने मौके पर अन्य विभागों के कार्यों की भी समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया।

## झारखंड पुलिस के लिए नया ड्रेस कोड लागू रंग-बिरेंगे कपड़े पहने तो होगी कार्रवाई


प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

सेवा ही लक्ष्य
झारखंड पुलिस

रांची : झारखंड के डीजीपी अनुराग गुप्ता ने पुलिस अफसरों और जवानों के लिए नया ड्रेस कोड लागू किया है। अब कोई भी पुलिसकर्मी वर्दी के साथ रंग-बिरेंगे स्वेटर या जैकेट नहीं पहन सकेगा। सभी को सिर्फ खाकी रंग का ऊनी स्वेटर और जैकेट ही पहनना होगा। डीजीपी ने आदेश दिया है कि पुलिस अफसर और कर्मी सर्दी के मौसम में सिर्फ तयशुदा खाकी रंग का स्वेटर या जैकेट ही पहनेंगे। इसके अलावा, जैकेट पर उनके पद के अनुरूप बैज भी लगा होना चाहिए। सभी जिलों और इकाइयों के एसपी व अधिकारी इस आदेश का पालन सुनिश्चित करेंगे। अगर कोई पुलिसकर्मी इस नियम का पालन नहीं करता है, तो उसके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। आदेश में यह भी बताया गया कि भ्रमण के दौरान और सोशल मीडिया पर कई पुलिसकर्मी अलग-अलग रंग के स्वेटर, जैकेट और जूते पहने दिखे हैं, जो अनुचित है। सरकार की ओर से पुलिसकर्मियों को वर्दी भत्ता दिया जाता है, इसके बावजूद वे निर्धारित ड्रेस कोड का पालन नहीं कर रहे हैं। इसी वजह से अब सख्ती से नियमों को लागू किया गया है। डीजीपी ने यह भी स्पष्ट किया है कि ड्यूटी के दौरान पुलिसकर्मियों को वर्दी के साथ नेम प्लेट लगाना अनिवार्य होगा। खासकर जब वे आम जनता से बातचीत कर रहे हों। इससे लोगों को यह जानने में आसानी होगी कि सामने वाला पुलिसकर्मी कौन है और किस इकाई से जुड़ा हुआ है।

## बहुबाजार में दतुवन व सूखा साग बेचने वालों से हर दिन वसूले जाते हैं रुपये


प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



रांची : नगर निगम द्वारा बाजार लगाने वाले दुकानदारों से प्रति दुकान 7 से 15 रुपये तक वसूलने की दर निर्धारित की गई है। लेकिन बहुबाजार में, सूखा साग, दतुवन और मुढ़ी बेचने वाले विक्रेताओं से एक दिन में 50 से 100 रुपये तक वसूल किए जा रहे हैं। इससे उनकी आजीविका प्रभावित हो रही है। सब्जी विक्रेताओं को न्याय दिलाने के नाम पर स्थानीय प्रशासन और सामाजिक कार्यकताओं ने चुप्पी साध रखी है। सरकार ने सब्जी विक्रेताओं के लिए वेजिटेबल मार्केट बनाकर दिया है, ताकि वे अपनी उपज को बाजार में बेच सकें। विक्रेताओं का कहना है कि रनिया, खूंटी और तमाड़ से दतुवन, सूखा साग और दाल बेचने के लिए वे बहुबाजार आते हैं। लेकिन यहां आकर उन्हें अक्सर अनावश्यक वसूली का सामना करना पड़ता है। विक्रेताओं का मनोबल टूट जाता है, क्योंकि जितना सामान वे बेचते नहीं, उतना वसूला जाता है। कभी 50 रुपये तो कभी 80 रुपये तक की वसूली की जाती है। वसूली नहीं देने पर उनका सामान इधर-उधर कर दिया जाता है और दुकान बंद करने की धमकी दी जाती है। पीड़ित विक्रेताओं ने डर के कारण पुलिस और सामाजिक कार्यकताओं को इस बारे में जानकारी नहीं दी है, क्योंकि उन्हें डर है कि अगले दिन उनकी और अधिक परेशानी बढ़ जाएगी। वसूली करने वाले लोग धमकियां देते हैं और गाली-गलौज भी करते हैं, जिसके कारण विक्रेताओं को मजबूरी में वसूली देनी पड़ती है। विक्रेताओं ने बताया कि वे डर के कारण वसूली देते हैं और यदि नहीं देते, तो धमकियां मिलती हैं और उनका सामान नष्ट कर दिया जाता है। पुलिस को शिकायत करने से भी डरते हैं, क्योंकि उन्हें लगता है कि शिकायत करने पर उन्हें और अधिक परेशान किया जाएगा। वसूली करने वालों की गुंडागर्दी और धमकियों के कारण विक्रेताओं को भारी परेशानी हो रही है। वे अपने व्यवसाय को चलाने के लिए मजबूर हैं और वसूली करने वालों के डर से चुप्पी साधे रहते हैं।

## झारखंड में दो दिनों तक होगी वज्रपात और ओलावृष्टि, येलो अलर्ट जारी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



रांची : झारखंड में दो दिनों तक वज्रपात और ओलावृष्टि की संभावना है। इसे लेकर मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है। विभाग के अनुसार 20 और 22 फरवरी को राज्य के दक्षिणी और मध्यवर्ती जिलों में कहीं कहीं वज्रपात और ओलावृष्टि की संभावना है। 20 फरवरी को जिन दक्षिणी जिलों में वज्रपात और ओलावृष्टि हो सकती है उनमें पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सिमडेगा, सरायकेला खरसावां शामिल है, जबकि मध्यवर्ती जिलों में रांची, खूंटी, गुमला, रामगढ, हजारीबाग शामिल है। इसके अलावा इन जिलों के कुछ स्थानों पर 40 से 50 किमी. की गति से तेज हवा चलने की भी संभावना है। 21 फरवरी को मौसम सामान्य रहेगा, जबकि 22 फरवरी को दक्षिणी, मध्यवर्ती और इससे लगे उत्तर पूर्वी भागों में कहीं कहीं ओलावृष्टि होने की संभावना है। साथ ही राज्य के दक्षिण पश्चिमी, मध्य और नजदीकी उत्तर पूर्वी भागों कहीं कहीं गर्जन के साथ तेज हवा चलने की संभावना है। इसके अलावा पश्चिमी जिले जिनमें पलामू, गढवा, चतरा, कोडरमा और लातेहार शामिल हैं यहां कहीं कहीं गर्जन और 30 से 40 किमी की गति से तेज हवा चलने की संभावना है। वहीं बुधवार को रांची और आसपास के इलाकों में सुबह में कुहासा रहा। हालांकि दिन चढने के साथ मौसम साफ हो गया। बाद में दिन भर आंशिक बादल छाया रहा। राज्?य में सबसे अधिक तापमान सरायकेला में 36 ड्रिग्री रिकॉर्ड किया गया, जबकि सबसे कम तापमान गुमला में 11.6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। रांची में तापमान 29 डिग्री, जमशेदपुर में 33.4, डालटनेगंज में 32.7, बोकारो में 32.5, चाईबासा में 34.8 और देवघर में अधिकतम तापमान 31 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

## आईएएस को पांच-पांच विभाग देना बंद हो : विजय शंकर नायक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



रांची : आदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच के केंद्रीय उपाध्यक्ष विजय शंकर नायक ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को पत्र लिखकर झारखंड में आईएएस अधिकारियों की कमी पर चिंता जताई है । पत्र में उन्होंने बताया कि झारखंड में 224 आईएएस स्वीकृत पद हैं। लेकिन इस समय केवल 177 आईएएस अफसर कार्यरत हैं। 14 झारखंड कैडर के आईएएस अफसर केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर हैं। इस वर्ष मुख्य सचिव समेत 14 आईएएस अफसर सेवानिवृत्त हो जाएंगे, जिससे राज्य में आईएएस अधिकारियों की संख्या और कम हो जाएगी।नायक ने कहा कि राज्य आईएएस अधिकारियों की कमी का सामना कर रहा है। इस कारण एक आईएएस अफसर को पांच-पांच विभाग सौंपे जा रहे हैं, जिससे राज्य में अराजकता का माहौल बन गया है। आईएएस अफसर अपने महत्वपूर्ण विभागों के साथ लोगों को न्याय नहीं दे पा रहे हैं और विभागों को उचित समय नहीं दे पा रहे हैं। इसके परिणामस्वरूप राज्य में जन विकास कार्यों का सफल संचालन नहीं हो पा रहा है और राज्य का विकास कार्य पूरी तरह से बाधित हो गया है।

# आरडीसीआईएस, सेल, रांची और इस्को स्टील प्लांट, बर्नपुर ने 58वीं रोलिंग मिल्स संचालन समिति की बैठक आयोजित

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




रांची : आरडीसीआईएस, सेल, रांची और इस्को स्टील प्लांट, बर्नपुर द्वारा बर्नपुर क्लब में दो दिवसीय 58वीं रोलिंग मिल्स ऑपरेटिंग कमेटी (आरएमओसी) की बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य रोलिंग मिल के प्रदर्शन में सुधार करके विभिन्न रोल्ड उत्पादों की लागत को कम करना था। रोलिंग मिल्स ऑपरेटिंग कमेटी (आर. एम. ओ. सी.) पूरे भारत में इस्पात उद्योग के भीतर विभिन्न रोलिंग मिलों के इंजीनियरों और विशेषज्ञों को एकजुट करने वाले एक सहयोगी मंच के रूप में कार्य करती है। इस गतिशील गठबंधन में सेल, टाटा स्टील, आरआईएनएल, जेएसडब्ल्यू, जेएसपीएल, जेएसएल, एएमएनएस, एनएमडीसी स्टील और मेकॉन जैसी प्रमुख संस्थाओं के प्रतिनिधि शामिल हैं। आर. एम. ओ. सी. की 58वीं बैठक एक महत्वपूर्ण सभा थी, जिसमें देश भर के विभिन्न इस्पात संयंत्रों के 120 से अधिक प्रतिनिधियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस सभा का प्राथमिक ध्यान रोलिंग मिलों के प्रदर्शन को बढ़ाने, इस्पात उत्पादों की गुणवत्ता में सुधार, लागत में कमी हासिल करने, डिजिटलीकरण को आगे बढ़ाने और रोलिंग प्रक्रिया के दौरान पर्यावरण के प्रति जागरूक प्रथाओं को लागू करने के उद्देश्य से विचारों और अनुभवों का आदान-प्रदान करना था। अनिर्बान दासगुप्ता, निदेशक प्रभारी बी. एस. पी. साथ अतिरिक्त निदेशक प्रभारी (आईएसपी, डीएसपी और एएसपी), सेल उद्घाटन सत्र में ऑनलाइन शामिल हुए। इस्को स्टील प्लांट के कार्यपालक निदेशक (कार्य) दीपेंदु घोष उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि थे। ए. वी. कमलाकर पूर्व मुख्य कार्यकारी अधिकारी (आई. एस. पी., डी. एस. पी. और ए. एस. पी.) सम्मानित अतिथि के रूप में समारोह में शामिल हुए। उद्घाटन सत्र का स्वागत भाषण शैलेंद्र कुमार, सीजीएम (डब्ल्यूआरएम एंड बार मिल) आईआईएससीओ स्टील प्लांट द्वारा दिया गया। डॉ. सुशांत रथ, महाप्रबंधक आरडीसीआईएस, रांची और सचिव, आरएमओसी ने उद्घाटन सत्र में सचिव की रिपोर्ट प्रस्तुत की। उद्घाटन सत्र के अंत में, हेमंत कुमार पाठक, सीजीएम (यूएसएम) इस्को स्टील प्लांट द्वारा धन्यवाद प्रस्ताव रखा गया। सभा की व्यापक प्रकृति बौद्धिक आदान-प्रदान से परे है, क्योंकि प्रतिभागियों को प्रस्तुतियों के समापन के बाद आईआईएससीओ स्टील प्लांट की यात्रा के माध्यम से अपनी समझ को व्यापक बनाने का अवसर भी दिया जाता है।

संक्षिप्त खबरें

## राज्यपाल संतोष गंगवार से मिला 'पहला कदम' दिव्यांग स्कूल का दल



रांची : राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से बुधवार को धनबाद स्थित 'पहला कदम' दिव्यांग स्कूल के छात्र और विद्यालय परिवार के सदस्य राजभवन में मिले। इस अवसर पर राज्यपाल ने विद्यालय के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि वे पहले ही इस संस्थान का भ्रमण कर चुके हैं और इसके कार्यों से प्रभावित हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार दिव्यांगों के सशक्तिकरण और समग्र विकास के लिए निरंतर प्रयासरत है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से उन्हें दिव्यांग संबोधित किया गया, जो दिव्यांगजनों के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को प्रकट करता है। राज्यपाल ने युवाओं का आह्वान किया कि वे दिव्यांगजनों के उत्थान में सक्रिय भूमिका निभाएं और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के प्रयासों में सहयोग करें। वहीं विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि यह संस्थान मात्र दो बच्चों के साथ शुरू हुआ था और आज यह दिव्यांग बच्चों को विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से स्वावलंबी बनाने का काम कर रहा है। विद्यालय के छात्र राष्ट्रीय और राज्य स्तर की विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर चुके हैं। इस अवसर पर बच्चों ने झारखंड के लोकगीत पर नृत्य भी प्रस्तुत किया, जिसे सभी ने सराहना की। वहीं राज्यपाल ने विद्यालय के प्रयासों की सराहना की और सभी बच्चों को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

## स्वतंत्रता सेनानी म्यूजियम की स्थापना को लेकर राज्यपाल से मिला शिष्टमंडल

रांची : झारखंड स्वतंत्रता सेनानी विचार मंच के शिष्टमंडल ने बुधवार को राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से मुलाकात की । शिष्टमंडल का नेतृत्व मंच के अध्यक्ष बटेश्वर प्रसाद मेहता ने किया। शिष्टमंडल ने राज्यपाल से राज्य के युवाओं में देशप्रेम की भावना को जागृत बनाए रखने और स्वतंत्रता सेनानियों की स्मृतियों को संजोए रखने के उद्देश्य से हजारीबाग में स्वतंत्रता सेनानी म्यूजियम की स्थापना के लिए पहल करने का आग्रह किया।

## टेक्निकल छात्र संघ ने की प्रौद्योगिकी विवि के प्रभारी कुलसचिव से मुलाकात




रांची : टेक्निकल छात्र संघ का एक प्रतिनिधिमंडल बुधवार को अभिषेक बनर्जी की अध्यक्षता में झारखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के प्रभारी कुलसचिव निशांत कुमार से मिला। इस दौरान विश्वविद्यालय के करिकुलम डायरेक्टर स्नेह भी मौजूद थे। प्रतिनिधिमंडल ने प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में छह माह विलंब से चल रही एमबीए, एमटेक, बीटेक की परीक्षाओं के बारे में अवगत कराया। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि विश्वविद्यालय में कोई काम नहीं हो रहा है। बीटेक छठे सेमेस्टर की परीक्षा अगस्त में ही हुई है, लेकिन अब तक रिजल्ट नहीं आया है। उन्होंने कहा कि दो दिनों पूर्व सातवें सेमेस्टर की परीक्षा का फॉर्म भरने की तिथि घोषित कर दी गई है। इससे छात्र परेशान हैं। एमबीए की भी परीक्षा हुए तीन माह हो गए हैं, लेकिन अब तक रिजल्ट नहीं निकाला गया है। प्रतिनिधिमंडल ने आरोप लगाते हुए कहा कि यूनिवर्सिटी किसी भी सेमेस्टेर की परीक्षा का रिजल्ट जारी करने से एक सप्ताह पहले रिजल्ट से मिलता जुलता प्रोविजनल रिजल्ट कॉलेजों को भेजता है और यहां के कर्मचारी छात्रों से पास कराने के एवज में पैसा लेते हैं। उन्होंने कहा कि कोई भी यूनिवर्सिटी रिजल्ट को अपनी साइट पर जारी करती है, लेकिन यहां ऐसा नहीं होता है। प्रभारी कुलसचिव ने प्रतिनिधिमंडल से कहा है कि इस संबंध में लिखित शिकायत करें, जरूर कार्रवाई होगी।

## रांची में होली पर कवि सम्मेलन: हास्य, व्यंग्य और वीर रस की होगी बौछार

रांची : राजधानी रांची में हर साल होली के अवसर पर हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन करने वाली समिति इस वर्ष भी काव्य रसिकों के लिए विशेष आयोजन कर रही है। 12 मार्च को रात 9 बजे हरमू रोड स्थित मारवाड़ी भवन में हास्य, व्यंग्य, श्रृंगार और वीर रस की कविताओं का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में समिति के मुख्य संयोजक सुरेश चंद्र अग्रवाल ने बताया कि इस कवि सम्मेलन में प्रसिद्ध कवि जानी बैरागी, सुनील पाल, भुवन मोहिनी, रमेश मुस्कान, गौरव चौहान और शशिकांत यादव सहित कई कवि रात भर लोगों को अपने हास्य व्यंग, वीर रस तथा श्रृंगार रस की कविताओं से गुदगुदाएंगे। वहीं समिति के अध्यक्ष अशोक नारसरिया ने बताया कि आयोजन स्थल पर सभी तरह की सुरक्षा की व्यवस्था होगी। साथ ही उन्होंने कहा कि आयोजन स्थल पर जलपान की भी व्यवस्था होगी। वहीं पूर्व अध्यक्ष ललित पोद्दार ने बताया कि कार्यक्रम में प्रवेश पूरी तरह नि:शुल्क है । पूर्व अध्यक्ष विनोद जैन ने रांची के सभी कविताप्रेमियों से कवि सम्मेलन का लुफ्त उठाने का आग्रह किया है।

## सुदेश महतो जाएंगे दिल्ली, शपथ ग्रहण समारोह में होगें शामिल



रांची : दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) ने 27 साल बाद एक ऐतिहासिक वापसी की है। पार्टी अब शानदार शपथ ग्रहण समारोह की तैयारी कर रही है, जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विदेश यात्रा से लौटने के बाद आयोजित किया जाएगा। यह समारोह जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम, यमुना किनारे या रामलीला मैदान में होने की संभावना है। इस समारोह में प्रधानमंत्री मोदी, केंद्रीय मंत्री, विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्री और कई सांसदों के शामिल होने की उम्मीद है। झारखंड के आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो भी इस कार्यक्रम में शामिल होंगे। बीजेपी ने दिल्ली की 70 सदस्यीय विधानसभा में 48 सीटें जीतकर शानदार प्रदर्शन किया है। वहीं, आम आदमी पार्टी (अआढ) को केवल 22 सीटें मिलीं, जबकि कांग्रेस को इस चुनाव में खाता भी नहीं खोलने का सामना करना पड़ा। अआढ की हार के बाद, मौजूदा मुख्यमंत्री आतिशी ने रविवार को उपराज्यपाल वी.के. सक्सेना को अपना इस्तीफा सौंप दिया। हालांकि, उन्हें नई सरकार के गठन तक पद पर बने रहने को कहा गया है। यह बीजेपी के लिए एक बड़ी जीत है, और पार्टी इस सफलता का जश्न मनाने के लिए शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन कर रही है।

# विधायक सरयू राय ने कॉलिंग पॉन्ड और ऐश पॉन्ड का किया निरीक्षण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** जमशेदपुर पूर्वी के विधायक झारखंड विधानसभा के प्रत्यय युक्त कमेटी के सभापति तथा दामोदर बचाओ आंदोलन के संरक्षक सरयू राय बुधवार को बोकारो पहुंचे श्री राय बोकारो स्टील तथा दामोदर बहेली कॉरपोरेशन द्वारा ज्वाइंट वेंचर में स्थापित बोकारो पावर सप्लाई कंपनी लिमिटेड बीसीसीएल द्वाराऐश पॉन्ड के पानी को कॉलिंग पाउंड में बहाने के मामले को गंभीरता से लेते हुए कूलिंग पाउंड तथाऐश पॉन्ड का निरीक्षण किया तथा इसे दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा कि प्राकृतिक एवं आम लोगों की जीवन के साथ बोकारो स्टील प्रबंधन तथा बीपीसीएल खिलवाड़ कर रहा है प्लांट के अवशेष तथा छाई को कूलिंग पॉन्ड में बहाया जा रहा है कॉलिंग पौंड




के पानी का उपयोग आसपास के लोग नहाने एवं घरेलू उपयोग में करते हैं जिसके कारण उन्हें विभिन्न तरह के बीमारी का सामना करना पड़ रहा है लेकिन प्रबंधन समस्या का समाधान करने के बजाय टाल मटोल की नीति अपना रहा है उन्होंने कहा कि बीपीसीएल के अधिकारियों ने उन्हें जो जानकारी दी है वह गलत जानकारी दी गई है अधिकारी मामले को छुपाने का प्रयास कर रहे हैं अधिकारियों द्वारा कहा गया कि विस्थापित आंदोलन के कारण जुलाई माह से यश पौंड के पानी को बाहर जा रहा है जबकि सच्चाई यह है कि लंबे अरसे से इस काम को किया जा रहा है क्योंकि ऐश पॉन्ड पूरी तरह से भर चुका है एवं उसकी सफाई की व्यवस्था नहीं की गई है जबकि भारत सरकार द्वारा गठित कमेटी ने इसके लिए समय-समय पर गाइडलाइन जारी किया है जिसका अनुपालन नहीं किया जा रहा है। पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि वह इस मामले को आने वाले बजट सत्र में उठाएंगे तथा समाधान नहीं होने पर इस मामले को एनजीटी के सामने भी ले जाएंगे क्योंकि बोकारो स्टील प्रबंधन भारत सरकार के गाइडलाइन तथा एनजीटी के गाइडलाइन का उल्लंघन कर रहा है उन्होंने कहा कि शासन तथा प्रशासन भी इस मामले में चुप है बीपीसीएल के अधिकारियों ने जानकारी दी है कि इस मामले को लेकर एसडीओ तथा बोकारो डीसी को पत्र दिया गया है लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई है श्री राय ने कहा कि उन्होंने इसकी जानकारी लेने के लिए दोनों अधिकारियों से फोन पर बातचीत करने की कोशिश की लेकिन दोनों ने मोबाइल ऑन करने की आवश्यकता महसूस नहीं की उन्हें यह नहीं भूलना चाहिए कि उनके ऊपर भी अधिकारी है उनसे इस बात पर बातचीत करेंगे एक प्रश्न के उत्तर में श्री राय ने कहा कि झारखंड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड पूरी तरह से ठप है तथा जिला पर्यावरण समिति का भी गठन नहीं किया गया है जो दुखद है बोकारो में सरकारी तथा वन विभाग का जमीन कब्जा करने के साथ-साथ नदी नाला पर कब्जा करने के संबंध में पूछे जाने पर उन्हो झारखंड में जमीन कब्जा करना आसान है सरकारी जमीन के साथ-साथ निजी संस्थाओं का भी जमीन कब्जा किया जा रहा है क्योंकि इस पर कार्रवाई करने वाला कोई नहीं है।

## एक नजर

### महाकुंभ पर ममता बनर्जी का विवादित बयान पर बोकारो में प्रदर्शन




**बोकारो :** प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ जो की 144 वर्षों बाद हो रहा है सभी के लिए गौरव की बात है परंतु कुछ ऐसे विकृत मानसिकता के लोग जो कि संवैधानिक पद पर रहने के बावजूद भी महाकुंभ को मृत्यु कुंभ से परिभाषित कर रही है जो मुख्यमंत्री नहीं मुर्खमंत्री ममता बनर्जी द्वारा कथित बयान विधानसभा के मंदिर में दिया हम सभी घोर निंदा करते हैं आज श्रीराम चौक,धर्मशाला मोड चास में पुतला दहन का कार्यक्रम होना सुनिश्चित हुआ है आप तमाम बोकारो वासियों से नम: निवेदन है कि इस पुतला धन कार्यक्रम में सम्मिलित होकर विरोध करके चट्टानी एकता का परिचय दें, कार्यक्रम में प्रमुख रूप से कौशल किशोर राय, विक्रम कुमार महतो, अशोक जगनानी, करमचंद गोप,शिव शंकर राय बी के सिंह, प्रदीप सिंह अभय कुमार मुन्ना, बुलेट सिंह ध्रुव,भाजपा चास नगर उत्तरी अध्यक्ष अमर स्वर्णकार, भाजयुमो जिला कार्यसमिति सदस्य अर्जुन कुमार, शंकर पाल, दीपक, ए के राय, कार्तिक, भरत कई लोग मौजूद रहे।

### पुलिस एवं वन विभाग ने अवैध पोस्ते की खेती को किया नष्ट

**चौपारण :** प्रखंड में पुलिस प्रशासन एवं वन विभाग संयुक्त रूप से अवैध पोस्ते-अफीम की खेती को नष्ट करने बीड़ा उठा विनिष्टीकरण अभियान चला रही है। लगातार कार्रवाई की जा रही है। बुधवार को भी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अजीत कुमार विमल के नेतृत्व में प्रखंड मुख्यालय से पच्चीस किलोमीटर दूर सुदूरवर्ती क्षेत्र ग्राम सिकदा एवं ढोडिया के बाहरी इलाके में लगे लगभग बारह एकड भुमि से अवैध पोस्ते की खेती को ट्रैक्टर चला विनिष्ट किया गया। बता दें प्रखंड से पोस्ते-अफीम फसल को समूल नष्ट करने के लिए पुलिस तीसरी आंख यानि कि ड्रोन कैमरे की भी मदद ले रही है। वहीं जहां ट्रैक्टर नहीं पहुंच पा रहा है वहां ग्रास कट्टर का उपयोग कर अफीम फसल को नष्ट किया जा रहा है। बता दें प्रखंड क्षेत्र में अभी तक आठ सौ एकड़ से ऊपर अवैध पोस्ता-अफीम की खेती को विनिष्ट किया जा चुका है। इस संबंध में थाना प्रभारी अनुपम प्रकाश ने कहा कि पूरे प्रखंड क्षेत्र से अवैध खेती को खत्म करना प्राथमिकता है। वहीं इसमें शामिल लोगों को चिह्नित कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी और इसके पहले जितनी भी कार्रवाई हुई है उन क्षेत्रों में संलिप्त लोगों को चिह्नित कर केस दर्ज किया जा चुका है।

### स्नेह की डोर से मजबूत होता समरसता का बंधन : डॉ साध्वी झा

**बोकारो :** संकल्प सृजन अनेक आयाम व प्रकल्प रूपी स्तंभ के साथ समाज में सेतु स्वरूप सेवारत है। एक ऐसा सेतु जो दो विमुख किनारों को जोडता है। अभिवंचित एवं संभ्रांत के बीच की गहराई या दूरी को पाट कर एक के सहयोग से दूजे के विकास का मार्ग प्रशस्त करता है। प्रमुख आयाम शिशु सृजन वाटिका के माध्यम से अभिवंचित समाज के बच्चें, सभ्रांत वर्ग के स्नेह से सींचे जाते हैं, जहाँ उन्हें सींचकर, तराशकर कल के समाज के लिए एक कुशल नागरिक व सेवित से सेवक की ओर उन्मुख करना ही लक्ष्य है। स्नेह मिलन के जरिए स्नेह की डोर से समरसता का बंधन मजबूत होता है। उक्त बातें संकल्प सृजन की संस्थापिका सह महासचिव डॉ० साध्वी झा ने बी एस एल झोपडी कलोनी स्थित शिशु सृजन वाटिका के स्नेह मिलन कार्यक्रम में कहे।

## मानव संसाधन के ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग में ईसजी क्विज कार्यक्रम का हुआ आयोजन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** मानव संसाधन के ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग में ईएसजी सिद्धांतों पर जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से परम्परागत तरीके से दीप प्रज्वलन के साथ ईएसजी क्विज-2024-25 कार्यक्रम का सुभारम्भ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अधिशासी निदेशक सुश्री राजश्री बनर्जी के साथ वरीय अधिशासी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। कार्यक्रम में बीएसएल के विभिन्न विभागों से अनाधिशासी कर्मियों के 42 टीमों ने हिस्सा लिया था। मुख्य अतिथि सुश्री राजश्री बनर्जी, अधिशासी निदेशक ने अपने सम्बोधन में सभी प्रतिभागियों को इस तरह के ज्ञानार्जन के कार्यक्रम में जीत के जज्बे के साथ शामिल होने लिए के लिए प्रेरित किया। ईएसजी क्विज-2024-25 कार्यक्रम का उद्देश्य टिकाऊ और जिम्मेदार ब्यवसायिक प्रथाओं को प्रोत्साहित करना है, जो पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक जिम्मेदारी के प्रति बोकारो इस्पात संयंत्र की प्रतिबद्धता को दशार्ती है। आयोजित क्विज कार्यक्रम में महाप्रबंधक सुश्री नीता बा के साथ अमित आनंद, सहायक महाप्रबंधक ने क्विज मास्टर के रूप में अहम् योगदान दिया जिसमें प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में विजेता के रूप में प्रोजेक्ट डिवीजन से सुश्री शालिनी प्रसाद तथा सुश्री भवानी हांसदा की टीम को प्रथम, आर सी एल विभाग के सुरेश सोरेन तथा श्री एन के पंडित की टीम को द्वितीय तथा इलेक्ट्रॉनिक & टेलीकॉम विभाग के बी सोरेन एवं सुश्री प्रियंका शर्मा की टीम को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।

## 22 फरवरी को कोक ओवेन से आन्दोलन का श्रीगणेश : बिके चौधरी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** आये दिन कोक ओवेन सहित अन्य बिभागों मे ठेकेदार मजदूरों द्वारा अपने खून पसीना से उत्पादन मे कीर्तिमान स्थापित करने बाले मजदूर अपने बेतन मे से पैसा लौटाना बन्द कर रहा है तो ठेकेदार इन्जीनियर इन्चार्य गठजोड मिलकर उनका गेट पास रोक देने का शिलशिला आये दिन बढ़ते जा रहा है तथा अन्य समस्याओं को लेकर आज जय झारखंड मजदूर समाज कार्यालय सेक्टर-9 मे कार्यकारिणी की बैठक झारखंड मुक्ति मोर्चा केन्द्रीय सदस्य सह जय झारखंड मजदूर समाज के महामंत्री बि के चौधरी के अध्यक्षता मे हूई। बैठक मे उपस्थित सभी नेता और कार्कताओं ने इस्पातकर्मी और ठेकाकमीर्यों के आर्थिक और



मानसिक शोषण के लिये एन जे सी एस नेताओं को जिम्मेदार बताते हुए कहा कि एन जे सी एस युनियन दिल्ली मे मजदूर बिरोधी समझोता करता है और बोकारो मे घड़ियालू आंसू बहाते हुए कहता कुछ और है जिसे मजदूरों को समझने की जरूरत है क्योंकि सीधे सादे मजदूर उनके कूटनिति को नही समझ पा रहा था जिसे अब समझने लगा है जो मजदूरों के लिए अच्छा संकेत है। महामंत्री बि के चौधरी ने सभी के सुझाव पर अपने सम्बोधन मे कहा कि सेल चेयरमैन अमरेंन्दु प्रकाश सहाव और बोकारो के डायरेक्टर इन्चार्य जिस तरह पहले ठेकाकमीर्यों के मर्म और बेदना को समझते और मामले को संज्ञान मे लिया करते थे उसमे काफी गिरावट आई है जिसके कारण एक आध मुख्य महाप्रबंधक को छोड़कर सभी ठेकेदार इन्जीनियर इन्चार्य गठजोड के भक्त होते जा रहा है।

## अंडर 23 राज्यस्तरीय बास्केटबॉल चैंपियनशिप का हीरा लाल मांझी ने किया उद्घाटन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** जिला बास्केटबॉल संघ के तत्वावधान में झारखंड बास्केटबॉल संघ के मार्गदर्शन व दिशानिर्देश में आयोजित प्रथम अंडर 23 झारखंड बास्केटबॉल प्रतियोगिता 19 फरवरी से 22 फरवरी तक बोकारो के सेक्टर 12 क्लब में आयोजित किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता का विधिवत उद्घाटन झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिलाध्यक्ष श्री हीरा लाल मांझी ने किया। इस प्रतियोगिता में धनबाद, बोकारो, पश्चिम सिंहभूम, चाईबासा, दुमका, टाटा, रामगढ़, राँची, हजारीबाग, कोडरमा, गढ़वा, सरायकेला के पुरूष व महिला टीम ने भाग लिया। श्री जे पी संघ, सचिव, झारखंड बास्केटबॉल संघ ने अपने संबोधन में कहा कि बोकारो जिला बास्केटबॉल संघ ने बहुत कम समय में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता को एक चुनौती के रूप में लेकर बेहतरीन तैयारी किये हैं। अंडर 23 का पहला टूनामेंट है। इस प्रतियोगिता से चयनित खिलाड़ियों का प्रशिक्षण शिविर लगाया जाएगा और उसके बाद राष्ट्रीय स्तर के प्रतियोगिता में भाग लेंगे। श्री हीरालाल मांझी ने अपने संबोधन में कहा कि इस तरह का आयोजन हुआ चाहिए। सही मायने बोकारो के लिए बहुत उम्मदा प्रयास और यह पत्थर का मिल साबित होगा। झारखंड के खिलाड़ियों को अपने हुनर दिखाने का एक मंच दिया है। आप अपने प्रतिभा से अपने राज्य का नाम राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित करें और अपनी शुभकामना दिए। आज का पहला मैच बोकारो और सरायकेला बक बीच खेला गया। इस उद्घाटन अवसर पर ONGC के खेल प्रमुख अनूप मिंज, झारखंड बास्केटबॉल संघ के टेक्निकल चेयरमैन आरिफ, हीरा मनी शुक्ला, किंकर कृष्णा, रवि रंजन, मुदस्सर खान, बाल्मीकि पाठक, अनिल कुमार, मोहम्मद सलीम खान,उपेंद्र श्रीवास्तव, रमेश कुमार शांता मिश्रा बोकारो जिला बास्केटबॉल संघ के अध्यक्ष सत्येंद्र नारायण सिंह, सचिव मोहम्मद हारुन अंसारी उपस्थित थे।

## नेशनल ताइक्वांडो चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीतने वाले छात्र को किया गया सम्मानित



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**धनबाद :** डीएवी प्लस-टू स्कूल कतरास के कक्षा ग्यारहवीं का छात्र मो अलकमा अंसारी ने गत माह रांची खेल गांव में आयोजित नेशनल ताइक्वांडो चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीतने पर टुंडी विधायक सह झारखंड सरकार के मुख्य सचेचक मथुरा प्रसाद महतो ने मोङ्क अलकामा के छाताबाद स्थित उनके आवास पहुंचकर पुष्प गुच्छा के साथ उज्जवल भविष्य की कामना की। मौके पर मो अलकमा के पिता मो इकराम, बड़े पापा मो तिजामुद्दीन अंसारी मो परवेज ने विधायक मथुरा प्रसाद महतो का स्वागत किया। मौके पर झामुमो नेता दयाल महतो, बसंत महतो, मनोज महतो, सुमित महतो, आनंद महतो, शकील अहमद, परवेज इकबाल, मो दानिश, मो फैजल, मो हुजैफा, मो. अमजद, मो साहेब, मो शदाब आदि लोग उपस्थित थे।

## नर्मदेश्वर शिवलिंग की प्राण प्रतिष्ठा के लिए निकाली गयी कलश शोभा यात्रा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता


**बोकारो :** स्टील सिटी के जनवृत 9 बी स्ट्रीट 14 एवं 15 स्थित कॉलोनी में श्री श्री नर्मदेश्वर शिवलिंग की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर कार्यक्रम के प्रथम दिन भव्य कलश शोभा यात्रा निकाली गयी। इस कलश शोभा यात्रा में मोहल्ले के 251 महिलाओं व कुंवारी कन्याओं ने भाग लिया। इसके पूर्व महिलाओं व बालिकाओं ने पीला वस्त्र धारण कर आम पल्लव युक्त कलश लेकर गाजेबाजे के साथ हर हर महादेव, जय शिव शंभू का जयकारा लगाते हुए सेक्टर 9 बी कॉलोनी बी रोड होते हुए नवनाथ मंदिर पहुंची। जहां विधिवत रूप से देवी देवताओं का आह्वान कर आचार्य सुनील कुमार पाण्डेय व पांच



पुरोहितों द्वारा संकल्प पाठ, पूजन व गंगा आरती के साथ संपन्न कराया। उसके बाद नवनाथ मंदिर से कलश में जल भरकर कुंवारी कन्याओं व महिलाओं ने अपने सिर पर जल भरा कलश रखकर गाजे बाजे के साथ कलश शोभा यात्रा में शामिल होकर नगर भ्रमण किया। वहीं कलश शोभा यात्रा में आसपास के इलाके से सैकड़ों लोग शामिल हुए। यह कलश शोभा यात्रा सेक्टर 9 डी कॉलोनी अवस्थित शिव मंदिर प्रांगण से शुरू होकर 9ए रोड ,फूल दुकान मोड़, बी रोड मुख्य बाजार होते हुए हनुमान मंदिर परिसर स्ट्रीट 14/15 पहुंची। इसके साथ ही शिव मंदिर में कलश स्थापना के साथ शिवलिंग की प्राण प्रतिष्ठा का अनुष्ठान शुरू हुआ। इस दौरान बाबा भोलेनाथ के जयकारो से पूरे क्षेत्र में भक्तिमय माहौल बना हुआ है। पूजा समिति के सदस्यों ने बताया कि बुधवार को मंडप पूजन व नगर भ्रमण कर शिव मंदिर में महादेव के शिवलिंग की प्राण प्रतिष्ठा व हवन की जाएगी। प्राण प्रतिष्ठा के लिए नर्मदेश्वर महादेव की शिवलिंग काशी वाराणसी से मंगाई गई है। शिवलिंग की प्राण प्रतिष्ठा आचार्य सुनील कुमार पाण्डेय एवं पुरोहितों द्वारा वैदिक उच्चारण के साथ कराया जाएगा।शिवलिंग की प्राण प्रतिष्ठा पर सेक्टर 9 बी स्ट्रीट 14/15 कॉलोनी हनुमान मंदिर मे बुधवार से पूजन का आयोजन किया गया। इस मौके पर भक्तों द्वारा हर हर महादेव, भगवान भोले शंकर, हरे रामा हरे कृष्णा के धून से पूरा वातावरण गूंजायमान हो रहा है। शिवलिंग की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर लोगों में काफी उत्साह है। धार्मिक अनुष्ठान को लेकर आसपास का इलाका सहित चारों ओर भक्ति की धारा बह रही है। पूजा समिति के सदस्यों में रवि शंकर अध्यक्ष श्री बजरंग सेवा परिषद व यजमान आशीष कुमार व सुमन देवी, योगेंद्र कुमार, एन के सिंह, बी पी सिंह, एस एन सिंह, एच के सिंह, डी पी चौधरी, गौरांग, विक्की सिंह, राम कुमार, संजय, मिथलेश, सुनील महतो, सत्यम, कुलदीप कुमार महतो, राम नरेश प्रसाद, विकाश राजहंस, समेत सैकड़ों की संख्या में अन्य लोग मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें

### पहली बार इंडिया थेरेपी सेंटर में विशेष सेवाओं की हुई शुरूआत



**धनबाद :** पहला कदम दिव्यांग बच्चों के विकास और उनकी विशेष आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए इंडिया थेरेपी सेंटर जगजीवन नगर डॉक्टर्स कॉलोनी, ब्रह्माकुमारी के सामने मंगलवार को एक नई पहल की गई। डॉ. शिप्रा कमल हर महीने के तीसरे बुधवार को सुबह 9:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक अपनी सेवाएँ धनबाद में प्रदान करेंगी। यह पहल विशेष रूप से उन बच्चों के लिए की गई है जिन्हें विकास संबंधी चिकित्सा परामर्श की आवश्यकता होती है। प्रवक्ता ने बताया कि अब हमें बाहर जाने की जरूरत नहीं। हमारे ही शहर धनबाद में विशेषज्ञ डॉक्टर उपलब्ध हैं, जो बच्चों की सभी आवश्यकताओं का ध्यान रखेंगे। इस विशेष अवसर पर, डॉ. शिप्रा कमल और डॉ. दीपक कुमार भी उपस्थित रहे। इस पहल को सफल बनाने में इंडिया थेरेपी सेंटर के निदेशक प्रतीक अग्रवाल और कौशल अग्रवाल का विशेष योगदान रहा। इंडिया थेरेपी सेंटर ने आश्वासन दिया है कि बच्चों की हर जरूरत को पूरा करने के लिए पूरी कोशिश की जाएगी। सबके सहयोग से यह पहल और भी सफल होगी। सभी का समर्थन हमारे लिए महत्वपूर्ण है। साथ मिलकर हम धनबाद में और भी बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रयासरत रहेंगे।

### स्टील प्लांट में आश्रित प्रशिक्षुओं की नियोजन की मांग



**बोकारो :** मृत कर्मचारी आश्रित संघ बैठक आज टू टैंक गार्डन में हुई साप्ताहिक बैठक कि अध्यक्षता सनी देओल एवं संचालन रमेश कुमार सिंह ने किया आज की बैठक में आश्रित प्रशिक्षु ने कहा बोकारो इस्पात प्रबंधन के वरिय अधिकारियों ने जो आश्वासन प्रबंधन को 4 सूत्री मांग पत्र दिया गया उसी के आलोक में आश्रित संघ एवं एवं प्रबंधन के वरीय अधिकारियों के साथ काफी सकारात्मक वार्ता हुई वार्ता के बाद प्रबंधन का निदेर्शानुसार कर्मचारियों के आश्रित प्रशिक्षुओं की पूरी सूची प्रबंधन के संघ के द्वारा दिया गया लगभग एक महीने का समय बीतने जा रहा है परंतु हम लोगों के साथ अभी तक नियोजन को लेकर प्रबंधन की तरफ से कोई वार्ता की पहल नहीं की जा रही है यह बताने की जरूरत नहीं है कि नियोजन के अभाव में हम आश्रित की आर्थिक स्थिति कितनी बदहाल है हम सभी आश्रित प्रशिक्षण बोकारो स्टील प्लांट से प्रशिक्षण प्राप्त है प्लांट में काम करने का पूर्ण दक्षता कार्यस्थल पर कोई भी अप्रिय घटना ना घटे सुरक्षा सर्वप्रथम को मानक मानकर कार्यस्थल पर कुशल काम करने का हम सभी आश्रितों को अच्छा अनुभव है जिससे प्लांट की दुर्घटना कम हो सकती है हम सभी आश्रित बोकारो स्टील प्लांट में अधिकतम 3 वर्ष का प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके हैं हम लोग को बोकारो स्टील प्रबंधन नियोजन ना देकर हमारे साथ अन्याय कर रहा है अगर प्रबंधन आने वाले दिनों में हमारे नियोजन को लेकर कोई निर्णायक पर पहल नहीं करती है।

### उमेश कुमार महतो की पुण्यतिथि पर खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**चास :** प्रखंड के बिजुलिया पंचायत अंतर्गत सिंहडीह में समाज सेवी सह शिक्षक स्व उमेश कुमार महतो का प्रथम पुन्यतिथि तिथि व खेलकूद प्रतियोगिता 2025 का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उदघाटन पूर्व मंत्री अमर कुमार बाउरी ने समाजसेवी सह युवा मोटीवेशन स्पीकर उमेश कुमार महतो के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। उनहोंने कहा कि स्व महतो शिक्षा के साथ खेल प्रेमी एंव समाजिक कार्यक्रम मे अग्रणी भुमिका निभाने वाले में एक थे। आज उनके की हमेशा कमी महशुस होगी। ये युवा के प्रेरणा स्रोत थे। भले ही आज हम सबो के बीच नहीं है, लेकिन स्व उमेश एक एक दिल में बसे है। आयोजक समिति अध्यक्ष शंकर प्रसाद महतो ने स्व महतो का जीवन चरित्र के बारे में जानकारी दिया। कहा ये उच्च विद्यालय दुंदीगाडा.रांची शिक्षक पद कार्यरत थे। 38 बर्ष मे ही हमसबो छोड़कर चले गयें। 18 फरवरी 24 को गांव सिंहडीह आये थे। हर बर्ष की भांति खेल प्रतियोगिता को संपन्न कराने के बाद 19 फरवरी को विधालय रांची जाने के लिए बोकारो रेलवे स्टेशन सुबह पहुंचे तथा सिढी चढकर रांची गाड़ी पकड़ने वाले ही थे कि सीढ़ी मे ही हार्टअटैक हुआ ओर सीढ़ी पर गिर पढ़े। ओर निधन हो गया।

### ह्यूमन ट्रैफिकिंग के खिलाफ सुरक्षित प्रवासन को बढ़ावा संगोष्ठी का हुआ आयोजन



**बोकारो :** ट्रैफिकिंग के खिलाफ तत्काल एक बहुआयामी रणनीति की आवश्यकता पर जोर देते हुए जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रन के संस्थापक भुवन ऋभु ने नई दिल्ली में आयोजित संगोष्ठी में कहा, मानव दुव्यार्पार भारी मुनाफे वाला एक संगठित अपराध है, जो विशेष रूप से बच्चों और मजबूर युवाओं के शोषण के सहारे फल-फूल रहा है। इससे निपटने के लिए हमें बहु-आयामी रणनीति अपनाने की आवश्यकता है जिसमें ट्रैफिकिंग के आर्थिक ढांचे को नेस्तनाबूद करना, संगठित आपराधिक गिरोहों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई से उनकी कमर तोड़ना और ट्रैफिकिंग गिरोहों के बारे में सूचनाओं के आदान-प्रदान के लिए वैश्विक रजिस्टर रखना और इसके माध्यम से स्थानीय, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खुफिया समन्वय को मजबूत करने जैसे कदमों की जरूरत है। हाल ही में बेड़ियों में डाल कर भारत भेजे गए और इसी हालात में फंसे अन्य लोगों में पसरे डर पर चिंता जाहिर करते हुए उन्होंने कहा कि यह भयावह वास्तविकता इस संगठित अपराध के खिलाफ वैश्विक प्रतिक्रिया की तात्कालिक आवश्यकता को दशार्ती है। उन्होंने कहा, मैं भारत, अमेरिका और अन्य सरकारों से अपील करता हूं कि वे इन ट्रैफिकिंग गिरोहों के खिलाफ राष्ट्रीय स्तर पर कठोर कार्रवाई शुरू करें।

**एक नजर**

## बीडीओ ने पंचायत में डोर टू डोर किया फाइलेरिया दवा खाने का जागरूक

**पटमदा** : बुधवार को पटमदा बीडीओ शशि नीलिमा डुंगडुंग और बांगुड़दा पंचायत की मुखिया कल्याणी सिंह ने संयुक्त रूप से गोपालपुर गांव में डोर टू डोर टीम के साथ दौरा करते हुए ग्रामीणों को फाइलेरिया का दवा खाने के लिए जागरूक करते हुए अपनी उपस्थित में महिलाओं और पुरुषों को दवा खिलाया ।इस दौरान अभियान में बीडीओ शशि नीलिमा डुंगडुंग,मुखिया कल्याणी सिंह,सीएचसी प्रभारी डॉ कृष्टोफर बेसरा,श्रीदेवी माझी, एम पी डब्लू जन्मेजय महतो सहित कई स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे ।सभी लोगों को फाइलेरिया उन्मूलन अभियान में सहयोग करने की अपील करते हुए परिवार के सभी सदस्यों को फाइलेरिया की दवा खाने को कहा गया।

# जिला स्तरीय मुखिया सम्मेलन का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज :** जिला स्तरीय मुखिया सम्मेलन 2025 का आयोजन आज सिद्धो कान्हो सभागार में भव्य रूप से संपन्न हुआ। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम का शुभारंभ जिला शिक्षा पदाधिकारी दुगानंद झा, जिला शिक्षा अधीक्षक कुमार हर्ष एवं विभिन्न पंचायतों के सम्मानित मुखिया गण द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस सम्मेलन में जिले के 163 पंचायतों के मुखिया, सभी प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी बीआरपी, सीआरपी सहित अनेक शिक्षा प्रेमी शामिल हुए। पूरे कार्यक्रम के दौरान शिक्षा के विभिन्न पहलुओं, विद्यालयों में मुखिया की भूमिका, प्रशासनिक सुधार एवं शैक्षिक उन्नति पर गंभीर चर्चा की गई। मुख्य वक्ता के रूप में जिला शिक्षा पदाधिकारी दुगानंद झा ने कहा कि किसी भी विद्यालय के शैक्षणिक विकास एवं उसे एक आदर्श संस्थान के रूप में स्थापित करने में विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों, अभिभावकों तथा स्थानीय प्राधिकार के रूप में कार्यरत मुखिया की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। उन्होंने कहा,बच्चे हमारे देश की निधि हैं। वे राष्ट्र के भावी कर्णधार हैं। शिक्षा में किया गया निवेश भविष्य में दूरगामी प्रभाव डालता है। इसलिए मुखिया को शिक्षा व्यवस्था में भागीदारी निभाने के लिए आगे आना चाहिए। जिला शिक्षा अधीक्षक कुमार हर्ष ने भी अपने संबोधन में कहा कि यदि मुखिया विद्यालयों में सक्रिय भूमिका निभाएं तो शैक्षिक उन्नति संभव है। उन्होंने कहा कि पंचायत स्तर पर मुखिया और अभिभावकों को मिलकर शिक्षा में सुधार लाने हेतु विशेष प्रयास करने चाहिए। सम्मेलन के दौरान सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी कुमारी डॉली एवं जिला जेंडर कोऑर्डिनेटर शबनम तबस्सुम ने एक पीपीटी प्रस्तुति के माध्यम से मुखिया के अधिकार एवं कर्तव्यों की समुचित जानकारी दी। इस प्रस्तुति में बताया गया कि किस प्रकार मुखिया विद्यालयों में प्रभावी निगरानी रख सकते हैं, शिक्षकों की उपस्थिति सुनिश्चित कर सकते हैं, विद्यालय में बुनियादी सुविधाओं की उपलब्धता पर ध्यान दे सकते हैं तथा छात्रों के नामांकन एवं उपस्थिति बढ़ाने में योगदान दे सकते हैं। सम्मेलन में विभिन्न पंचायतों से आए चिन्हित मुखिया गण, जिन्होंने अपने क्षेत्र में शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया है, उन्हें विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इन्हें स्मृति चिन्ह एवं शॉल प्रदान कर सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें विद्यालयों में नामांकन वृद्धि, ड्रॉपआउट दर में कमी, विद्यालयों के आधारभूत संरचना में सुधार एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की दिशा में किए गए प्रयासों के लिए प्रदान किया गया। सम्मेलन में उपस्थित कई मुखिया गण ने भी अपने विचार व्यक्त किए। प्रमुख वक्ताओं में मुखिया जिया-उल-हक, इश्तियाक मस्जिद, बेबी शकीला खातून सहित अन्य लोगों ने शिक्षा की गुणवत्ता, पंचायतों में शैक्षिक योजनाओं के क्रियान्वयन, स्कूलों में मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता एवं शिक्षकों की भूमिका पर अपने विचार रखे। प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी रॉबिन चंद्र मंडल ने अपने संबोधन में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में नामांकन बढ़ाने के विषय पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए पंचायतों में विशेष अभियान चलाए जाएंगे, ताकि हर बच्ची को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सके। कार्यक्रम का संचालन संजय तिवारी ने किया, जिन्होंने पूरे सत्र को प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाया। अंत में धन्यवाद ज्ञापन सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी कुमारी डॉली द्वारा किया गया, जिन्होंने सभी प्रतिभागियों, अधिकारियों एवं अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

**संक्षिप्त खबरें**

## उधवा प्रखंड में किसानों के बीच मधुमक्खी पालन यंत्रों का हुआ वितरण



**साहिबगंज/उधवा :** उद्यान विकास योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2024-25 में उधवा प्रखंड के मध्य प्यारपुर पंचायत में 26 किसानों के बीच मधुमक्खी पालन बक्सा एवं मधु निकासी यंत्र का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में पंचायत की मुखिया रेशमा बीवी, जिला उद्यान पदाधिकारी अमितेश रंजन एवं सहायक मिट्टी रसायनज्ञ अभिजीत शर्मा ने संयुक्त रूप से वितरण किया। जिला उद्यान पदाधिकारी ने बताया कि मधुमक्खी पालन लघु एवं सीमांत किसानों के लिए आय का अच्छा साधन है। यह कम लागत वाला घरेलू उद्योग है और पर्यावरण को भी लाभ पहुंचाता है। उन्होंने कहा कि चयनित पंचायतों में मधुमक्खी पालन को बढ़ावा दिया जाएगा, और भविष्य में बड़े पैमाने पर उत्पादन होने पर किसानों के समूह को सहकारिता के तहत पंजीकरण कराकर उनके उत्पादों की ब्रांडिंग और विपणन किया जाएगा। इस अवसर पर उद्यान विभाग के अधिकारी प्रेम पासवान, कुद्दुस शेख सहित लाभार्थी किसान एवं अन्य ग्रामीण उपस्थित थे। उद्यान विभाग की इस पहल से किसानों को अतिरिक्त आय का अवसर मिलेगा और जिले में मधु उत्पादन को बढ़ावा मिलेगा।

## नाबालिग के साथ बलात्कार का मामला पुलिस ने दर्ज की प्राथमिकी

डुमरी :डुमरी थाना क्षेत्र में एक नाबालिग के साथ बलात्कार का गंभीर मामला सामने आया है। थाना प्रभारी अनुज कुमार ने पुष्टि की है कि पीड़िता के पिता, राजेंद्र दास, द्वारा दिए गए आवेदन के आधार पर पॉक्सो एक्ट और भारतीय दंड संहिता की धारा 376 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। परिजन ने बताया कि विवरण राजेंद्र दास ने बताया कि उनकी 13 वर्षीय पुत्री 13 फरवरी को अपनी सहेली मुनि कुमारी के साथ महुआडंड मेला देखने गई थी। जब शाम को वह घर नहीं लौटी, तो परिवार ने चिंता जताई। 14 फरवरी को, राजेंद्र और उनकी पत्नी ने महुआडंड जाकर अपनी बेटी को खोजने का प्रयास किया। वहां उन्हें अपनी बेटी और उसकी सहेली की बहन मिली, जिसने बताया कि रात होने के कारण वे वहीं रुक गए थे।घर लौटने के बाद, पीड़िता काफी डरी हुई थी और किसी से बात नहीं कर रही थी। 16 फरवरी को, उसने अपनी मां को बताया कि मुनि कुमारी के घर में सोने के दौरान, उसकी सहेली का भाई रात में उसके बिस्तर में आ गया और उसके साथ जबरदस्ती बलात्कार किया। पीड़िता ने बताया कि इच्छा के विरुद्ध आरोपी ने किया दुष्कर्म पीड़िता ने बताया कि जब उसने विरोध किया, तो उसके मुंह को दबा दिया गया और जान से मारने की धमकी दी गई। आरोपी ने कहा कि यदि उसने किसी को बताया, तो उसके परिवार को गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। परिजनों ने कानूनी कार्रवाई की मांग पीड़िता के पिता ने आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। थाना प्रभारी अनुज कुमार ने कहा कि मामले की गंभीरता को देखते हुए सभी आवश्यक कदम उठाए जाएंगे और आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। यह घटना न केवल एक गंभीर अपराध है, बल्कि समाज में सुरक्षा और नाबालिगों के खिलाफ अपराधों के प्रति जागरूकता का भी सवाल उठाती है।

## बिरसा मुंडा तीरंदाजी अकादमी की मधुमिता कुमारी और सुरभि पाल देहरादून रवाना



**सिल्ली/मुरी :** द्वितीय नेशनल रैंकिंग आर्चरी टूनामेंट का आयोजन आगामी 23 एवं 23 फरवरी को उत्तराखंड राज्य के देहरादून शहर में आयोजित किया गया है जिसमें बिरसा मुंडा तीरंदाजी अकादमी की मधुमिता कुमारी एवं सुरभि पाल से खेलने के लिए बुधवार के दिन रांची से राजधानी एक्सप्रेस ट्रेन से रवाना हुई। इस आयोजित प्रतियोगिता में देशभर से तिरंगा जी भाग लेंगे। बताते चले कि इससे पूर्व में भी अकादमी के सब जूनियर कैटेगरी में साहिल, प्रियांशु बनवार और दीप्ति कुमारी भी आज और कल अपने प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। बिरसा मुंडा अकादमी के प्रशिक्षकों ने बताया कि खिलाड़ियों ने काफी मेहनत किया जिससे राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित कर पा रहे हैं और पूर्ण विश्वास जय की मधुमिता और सुरभि अपने प्रतिभा के बल पर झारखंड और सिल का नाम अवश्य ही रोशन करेंगी साथ ही उनके उज्जवल भविष्य की कामना भी किया।

# रोजगार मेला का आयोजन, जेएसएलपीएस के माध्यम से सशक्त हो रही है महिलाएं : मो मारूफ

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




साहिबगंज : पंडित दीनदयाल उपाध्याय कौशल विकास योजना के तहत राजमहल प्रखंड परिसर में जेएसएलपीएस के रोजगार मेला का आयोजन किया गया जिसमें राजमहल प्रखंड क्षेत्र से सखी मंडल की महिलाएं शामिल हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक प्रतिनिधि मो मारूफ उर्फ गुड्डू, सीओ मो यूसुफ, जिला परिषद सदस्य अब्दुल बारीक शेख, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष अनिसुर रहमान व कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष देवेंद्र ठाकुर ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। महिला एवं अभ्यर्थियों को रोजगार मेला के माध्यम से चयनित कर उन्हें प्रशिक्षित करते हुए रोजगार के लिए प्लेसमेंट दिया जाता है इसे लेकर कई कंपनियों का प्रतिनिधि भी कार्यक्रम में शामिल हुए। विधायक प्रतिनिधि ने कहा कि जेएसएलपीएस के माध्यम से समूह में जुड़कर महिलाएं रोजगार का अवसर प्राप्त कर रहे हैं इससे महिलाएं सशक्त भी हो रही है। मातृशक्ति को मजबूत करने के लिए सरकार के माध्यम से योजनाएं संचालित की जा रही है महिलाओं को लाभान्वित किया जाएगा। अतिथियों को पौधा एवं अंग वस्त्र सहित पुष्प कुछ देकर सम्मानित किया गया। पीएम जब स्किल राजेंद्र कुमार ने सभी को योजनाओं के लाभ से संबंधित जानकारियां दी। मौके पर राजेश कुमार राय सहित सखी मंडल की महिलाएं मौजूद थी।

# ट्रेन से बड़ी मात्रा में शराब व बीयर के साथ एक युवक गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बरहरवा :** आरपीएफ ने बुधवार की अहले सुबह मुंबई एलटीटी एक्सप्रेस (15648) से 55 पीस अवैध विदेशी शराब बरामद कर एक युवक को गिरफ्तार किया है। इस मामले में आगे की कार्रवाई के लिए उत्पाद विभाग को सौंप दिया गया है। गुप्त सूचना पर आरपीएफ इंस्पेक्टर संजीव कुमार के नेतृत्व में एक टीम गठित कर बरहरवा रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 3 पर रुकी हुई मुंबई एलटीटी एक्सप्रेस में छापेमारी की गई। जांच के दौरान ट्रेन के पीछे वाले जनरल डब्बा में देखा कि शौचालय के पास एक युवक पीठ वाला बैग और एक झोला के साथ संदिग्ध अवस्था में खड़ा मिला। संदेह पर युवक का पीठ वाला बैग और झूला की तलाशी लेने पर 45 पीस बड़वाइजर केन बियर, 7 बोतल रॉयल स्टैग सुपीरियर व्हिस्की और 3 बोतल रॉयल स्टैग बैरल सिलेक्ट व्हिस्की की बोतल बरामद हुआ। आरपीएफ इंस्पेक्टर संजीव कुमार ने बताया कि बिहार राज्य के पटना जिला के सन्नी कुमार को अवैध विदेशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया है। उसके पास से कुल 14670 रुपए का अवैध विदेशी शराब बरामद हुआ है। युवक को अवैध विदेशी शराब के साथ साहिबगंज उत्पाद विभाग के निरीक्षक को सौंप दिया गया है। छापेमारी टीम में मालदा के सीपीडीएस टीम एएसआई आदित्य कुमार ठाकुर, कांस्टेबल अनिल कुमार दास, हेड कांस्टेबल संजय कुमार व सीआईबी के एएसआई आरएस यादव, एएसआई डी के राय आदि मौजूद थे।


## करंट लगने से महिला झुलसी

**साहिबगंज :** शहर के बड़ा लोहंडा में एक महिला को करंट लगने से मूर्छित हो गई। करंट लगने से महिला की हालत गंभीर हो गई है। बेहोशी की हालत में महिला को इलाज के लिए सदर अस्पताल साहिबगंज में भर्ती कराया गया है। महिला बुधराय टुडू की पत्नी संजी मुर्मू 35 वर्षीय है। परिजनों ने बताया कि घर में पानी भरने के लिए मोटर पंप चालू करने के दौरान करंट लग गई है। डॉक्टर ने बताया कि महिला को जोर का करंट झटका लगा है। हालांकि इलाज चल रहा है,हालत नाजुक बनी हुई है।

## ट्रक के धक्के से मोटरसाइकिल चालक व बच्ची घायल

साहिबगंज/राजमहल : तीनपहाड़ राजमहल मुख्य मार्ग पर मुरली के पास एक तेज रफ्तार ट्रक के धक्के से मोटरसाइकिल चालक व बच्ची घायल हो गई। मिली जानकारी के अनुसार जोंका निवासी केताबुल शेख 18 वर्षीय अपनी बहन के घर कोयला बाजार राजमहल से भांजी साहिबा खातून 6 वर्षीय को मोटरसाइकिल में बैठकर घर लेकर जा रहा था। उसी दौरान मुरली के पास विपरीत दिशा से आ रही तेज रफ्तार ट्रक ने धक्का मार दिया। हादसे में केताबुल शेख मोटरसाइकिल लेकर बीच सड़क पर गिर गया। परिजनों को पता चलते ही अन्य लोगों की मदद से इलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल राजमहल लाया।

# पुलिस ने 3 एकड़ जमीन पर लगे अफीम की खेती को किया नष्ट




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**ईचागढ़ :** ईचागढ़ थाना क्षेत्र के सोड़ो पंचायत अंतर्गत हाड़ात गांव के जंगल झाड़ी में लगे करीब 3 एकड़ जमीन पर अफीम खेती को ईचागढ़ पुलिस द्वारा बुधवार को नष्ट किया गया।अफीम खेती पर लाठी चलाकर अफीम के पौधों,फल व फूल को नष्ट किया गया।थाना प्रभारी बिक्रम आदित्य पांडे के नेतृत्व में जिला जैप के जवानों ने अफीम खेती को ट्रैक्टर चलाकर नष्ट किया।वही थाना प्रभारी विक्रम आदित्य पांडे ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर करीब 3 एकड़ जमीन पर लगे अफीम खेती को लाठी चलाकर नष्ट किया गया एवं खेती करने वाले को चिन्हित कर उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई किया जाएगा। उन्होंने थाना क्षेत्र में अफीम खेती करने वाले किसानों को अफीम खेती नहीं करने और वैकल्पिक खेती को अपनाने का अपील किया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में अफीम खेती का पता लगाया जा रहा है। जिस गांव में किसान अफीम खेती किया है,वह स्वयं नष्ट कर दें, अन्यथा पुलिस द्वारा नष्ट कर कानूनी कार्रवाई किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अफीम खेती के खिलाफ लगातार नष्टी करण अभियान जारी रहेगा। बताया जा रहा है कि थाना क्षेत्र के बीहड़ गांवों में धड़ल्ले से अफीम खेती किया जा रहा है।

# विदेशी सैलानियों ने ऐतिहासिक धरोहर का किया भ्रमण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज/राजमहल :** बुधवार को कोलकाता के पांडव संस्थान नामक टूरिस्ट एजेंसी के गाइड पदार्थो मजुमदार के नेतृत्व में ऑस्ट्रेलिया, न्यू जीलैंड और अमेरिका, तीन देशों से आए आठ विदेशी सैलानी प्राकृतिक की गोद में बसा ऐतिहासिक धरोहर जामी मस्जिद तथा बारादरी का भ्रमण करने पहुंचे और यहां की सुंदरता को अपने कैमरा में कैद किया। इस दौरान धरोहर का भ्रमण करने आए अन्य पर्यटकों ने विदेशी सैलानियों के साथ जम कर सेल्फी खिंचवाया।

## उपायुक्त की अध्यक्षता में पीसी और पीएनडीटी को लकेर हुई बैठक

**साहिबगंज** : उपायुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में कार्यालय प्रकोष्ठ में पीसी और पीएनडीटी की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान उन्होंने आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए और स्वास्थ्य विभाग को सतर्कता बढ़ाने पर जोर दिया। बैठक में उप विकास आयुक्त सतीश चंद्रा, सिविल सर्जन प्रवीण कुमार संथालीया, डीपीएम हीना सिंह अरोड़ा, डीएमएफटी फैलो, डॉक्टर मोहन मुर्मू और अन्य स्वास्थ्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। इस दौरान योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई और आगामी कार्ययोजना पर चर्चा हुई। पदाधिकारियों ने भी अपने सुझाव प्रस्तुत किए, जिससे स्वास्थ्य सेवाओं में और सुधार लाया जा सके। बैठक में निर्णय लिया गया कि जिले में पीसी और पीएनडीटी अधिनियम को प्रभावी रूप से लागू करने के लिए निगरानी तंत्र को मजबूत किया जाएगा।

# रोजगार देने की बात कहकर कंपनी प्रदूषण फैलाकर ग्रामीणों के बीच बीमारियां बांट रही है : हरे लाल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**चांडिल :** सरायकेला - खरसावां जिले के चांडिल थाना अंतर्गत लाखा स्थित बिहार स्पंज आयरन लिमिटेड कंपनी प्राइवेट लिमिटेड द्वारा फैलाए जा रहे प्रदूषण से परेशान होकर ग्रामीणों ने हारुडीह गांव में बैठक की। उक्त बैठक में भादुडीह, रूदिया व चिलगु पंचायत के ग्रामीण शामिल हुए थे। इस दौरान ग्रामीणों ने कंपनी द्वारा फैलाए जा रहे प्रदूषण के कारण उत्पन्न समस्याओं को लेकर चर्चा की, समस्याओं के समाधान के लिए विचार विमर्श किया। वहीं, उक्त बैठक में आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव हरे लाल महतो उपस्थित हुए और ग्रामीणों के आंदोलन को समर्थन किया। हरे लाल महतो ने कहा कि वर्ष 1982 से कंपनी चल रही हैं, लेकिन इस तरह का भयावह स्थिति कभी देखने को नहीं मिला था। पहली बार कंपनी द्वारा बड़े पैमाने पर प्रदूषण फैलाने का काम किया जा रहा है। हरे लाल महतो ने कहा कि रोजगार देने की बात कहकर कंपनी प्रदूषण फैलाकर ग्रामीणों के बीच बीमारियां बांट रही हैं। उन्होंने कहा कि कंपनी प्रबंधन को चाहिए कि वह सबसे पहले प्रदूषण नियंत्रण करें। बैठक में ग्रामीणों ने निर्णय लिया है कि यदि सात दिनों में प्रदूषण नियंत्रण नहीं होता है तो बड़े पैमाने पर उग्र आंदोलन किया जाएगा। ग्रामीणों ने बताया कि कंपनी के प्रदूषण के खिलाफ गांवों में जनजागरण अभियान चलाया जाएगा। हजारों की संख्या में आंदोलन के तहत नेशनल हाईवे जाम, कंपनी गेट जाम, मुख्यमंत्री कार्यालय घेराव, उपायुक्त कार्यालय घेराव जैसे आंदोलन किए जाएंगे।

## पुलिस ने आत्मसमर्पण के लिए चिपकाया इश्तेहार

**साहिबगंज/बरहेट :** थाना क्षेत्र अंतर्गत झिमोली में समीर मुर्मू नामक व्यक्ति के घर पुलिस ने न्यायालय से जारी इश्तेहार चिपकाया। इश्तेहार चिपकाने का काम बरहेट थाना के एएसआई जमील अख्तर ने पुलिस बल की मदद से किया। उन्होंने बताया कि बुधवार को पहली पत्नी के रहते दूसरी शादी करने के मामले में कथित आरोपी को शीघ्र ही न्यायालय या थाना में आत्मसमर्पण करने को कहा गया है। साल 2017 में केस दर्ज होने के बाद से वह फराह चल रहा था।

झारखण्ड सरकार
उद्योग विभाग
कार्यालय-सहायक उद्योग निदेशक (रेशम), राँची-पलामू क्षेत्र, राँची

संशोधित नीलामी सूचना-01/2024-25
PR 343706 Industries(24-25)#D Date-08.01.2025

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में राँची-पलामू प्रक्षेत्र के विभिन्न अग्र परियोजना केन्द्र अन्तर्गत डाबा कोकून का प्रथम/द्वितीय बीजागार तथा स्थानीय प्रजाति के लरिया कोकून का बीजागार किया गया है, जिसका कोकून (Emerged and Unemerged cocoon) का नीलामी किया जाना है। उक्त के निमित्त इच्छुक इकाई/प्रतिष्ठान/स्वयं सहायता समूह से दिनांक-05.03.2025 अपराह्न 03:00 बजे तक निम्नांकित नियम एवं शर्तों के अधीन सीलबंद कोटेशन आमंत्रित किया जाता है।
1. कार्यालय में कोटेशन जमा करने का अंतिम तिथि-05.03.2025 अपराह्न 03:00 बजे तक
2. कोटेशन जमा करने का स्थान सहायक उद्योग निदेशक (रेशम), राँची-पलामू क्षेत्र, राँची।
3. निविदा खोलने कि तिथि-05.03.2025 अपराह्न 03:30 बजे।
4. EMD की राशि रू0 5,000/ (पाँच हजार रूपये) मात्र प्रति लाख कोकून की दर से गणना कर बैंक ड्राफ्ट (न्यूनतम राशि रू0 5,000/- तथा अधिकतम राशि रू0 62500/-)
5. बैंक ड्राफ्ट भारतीय स्टेट बैंक से बना होना चाहिए।
6. नीलामी समिति के समक्ष निविदा खोला जायेगा एवं अधिकतम दर अंकित करने वाले/अधिकतम बोली लगाने वाले क्रयकर्त्ता (इकाई/प्रतिष्ठान) का चयन किया जाएगा।
7. चयनित इकाई/प्रतिष्ठान को 07 दिनों के अन्दर संबंधित अग्र परियोजना केन्द्र को कोकून की गणना के अनुसार राशि का भुगतान सुनिश्चित करना होगा।
8. इस निलामी सूचना को किसी भी समय बिना कारण बताये रद्द करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित होगा।
नोटः नीलामी से संबंधित नियम एवं शर्तें का विवरण इस वेबसाइट पर https://jharsericulture.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखी जा सकती हैं/प्राप्त किया जा सकता हैं।
सहायक उद्योग निदेशक (रेशम),
राँची-पलामू क्षेत्र, राँची
PR 346743 Industries(24-25).D

झारखण्ड सरकार
श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग,
अवर प्रादेशिक नियोजनालय, हजारीबाग।

भर्ती कैम्प, दिनांक - 24.02.2025
सूचना

अवर प्रादेशिक नियोजनालय -सह- मॉडल कैरियर सेन्टर, हजारीबाग द्वारा दिनांक 24.02.2025 को अवर प्रादेशिक नियोजनालय, हजारीबाग में 10:00 बजे पूर्वाह्न से 4:00 बजे अपराह्न तक निम्न कंपनियों के अधीन रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु एक दिवसीय भर्ती कैम्प का आयोजन किया जा रहा है, जिसका विवरण निम्न है :-

| S. N | Name of the Establishment | Name of Vacancies | No of Vacanies | Qualification | Experience | Age in Years | Pay/ Salary | Job Location | Remarks |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Bharat Financial Indus ion Pvt. Ltd Hazaribagh | Loan Officer | 20 | 12th, Graduation | Fresher / & Experience in any micro finance | 18 - 32 | 12000 - 16500 | | Driving licence mandatory |
| 2 | Gramin Sikshha Ayam Prasikchhan Foundation | CNC Machine Operator | 100 | 10th , 12th, ITI, Graduation, Diploma | If Candidates Have | 18 – 36 | 15720 - 25000 | | After 8 Month work company will take own Payroll |

योग्य एवं इच्छुक आवेदक (उम्मीदवार) जो पूर्व से निबंधित नहीं है वे अपने निकटतम नियोजनालय में अथवा www.jharniyojan.jharkhand.gov.in पर अपना निबंधन कराते हुए इस रोजगार मेला/भर्ती में नियोजक/नियोजक के प्रतिनिधि के समक्ष अपने सभी मूल प्रमाण-पत्रों एवं अंक प्रमाण-पत्रों की छाया प्रतियां अंचल कार्यालय द्वारा निर्गत आवासीय प्रमाण-पत्र तथा बायोडाटा दो प्रतियों में, दो पासपोर्ट साईज का फोटो के साथ साक्षात्कार हेतु उपस्थित हो सकते है। जो उम्मीदवार पूर्व से निबंधित है उन्हे पुनः निबंधन करवाने की आवश्यकता नहीं है। चूंकि रिक्ति निजी क्षेत्र से संबंधित है, अतएव चयन की प्रक्रिया में नियोजनालय का किसी भी प्रकार से हस्तेक्षप नहीं रहेगा। इस निमित किसी भी प्रकार का मार्ग व्यय देय नहीं होगा।
नियोजन पदाधिकारी
अवर प्रादेशिक नियोजनालय, हजारीबाग।
PR 346807 (Labour Employment and Traning) 24-25 (D)

## अखिलेश पर भारी पड़ रहा है महाकुंभ का विरोध

समाजवादी पार्टी आजकल दुविधा की सियासत से जूझ रही है। उसके एक तरफ कुआ तो दूसरी तरफ खाई जैसी स्थिति है। इसी कारण समाजवादी पार्टी तुष्टिकरण की सियासत तो खुलकर कर रही है,लेकिन हिन्दूवादी राजनीति को लेकर कोई फैसला नहीं ले पा रही हैं। सपा की हालात यह हो गई है कि मोदी-योगी सरकार के हर फैसले में अखिलेश को साम्प्रदायिकता और खामियों के अलावा कुछ नजर नहीं आता है। धर्म की बात की जाये तो अखिलेश महाकुंभ में खामियां तलाश रहे हैं। हाल यह है कि महाकुंभ के सफल आयोजन को लेकर जहां बच्चा-बच्चा योगी की तारीफ कर रहा है। वहीं अखिलेश और उनकी टीम मौनी अमवस्या के शाही स्नान के समय मची भगदड़ में हुई तीस लोगों की मौत पर राजनीति करने से उबर नहीं पा रही है,जिस समाजवादी पार्टी की मुलायम सरकार ने 1990 में अयोध्या में कारसेवकों पर अंधाधुंध गोलियां बरसा कर उन्हें मौत के घाट पर सुला दिया गया था,इसमें कितने लोग मरे थे यह आज भी रहस्य बना हुआ है। खास बात यह है कि योगी सरकार कह रही है कि भगदड़ में तीस लोग मरे हैं,वहीं समाजवादी पार्टी नेता इसे झूठ बता रहे है। सपा नेता तर्क दे रहे हैं हजारों जूते-चप्पलें और बैग घटना स्थल पर पड़े मिले थे,जिससे साबित होता है कि हजारों लोग मरे होंगे,लेकिन सवाल यह है कि यदि समाजवादी पार्टी के प्रमुख सहित अन्य तमाम नेताओं और कांग्रेस नेता राहुल गांधी आदि की यह बात मान भी ली जाये कि भगदड़ में हजारों लोग मरें हैं तो वह पीड़ित लोग सामने क्यों नहीं आ रहे हैं जिनके परिवार के लोग भगदड़ में मारे गये हैं। यही बात बताती है कि विपक्ष भगदड़ के नाम पर महाकुंभ और योगी सरकार को बदनाम करने की साजिश में लगे हैं। इसीलिये अखिलेश का साथ दलित और पिछड़े लोग भी छोड़ने लगे हैं।आज अखिलेश सिर्फ मुस्लिमों के नेता बनकर रह गये हैं,उसमें भी उदारवादी और पढ़े लिखे मुसलमान बीजेपी के साथ जुड़ते जा रहे हैं।

वैसे यह भी नहीं भूलना चाहिए के अखिलेश यादव शुरू दिन से महाकुंभ का विरोध कर रहे हैं। यह बात विधानसभा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी कही कि पहले दिन से सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अफवाह फैलाने में लगे हैं। अखिलेश सबसे पहले कहते हैं कि महाकुंभ को इतना पैसा और विस्तार देने की जरूरत क्या थी। फिर कहते हैं कि 65-70 के लोग महाकुंभ में स्नान नहीं कर पा रहे हैं। फिर कहते हैं महाकुंभ जैसा कोई शब्द ही नहीं है। महा सरकारी पैसा निकालने के लिये महाकुंभ शब्द रचा गया। अखिलेश तंज कसते हैं कि 50 नहीं 60 लोग आ चुके हैं। इसी तरह से लालू यादव महाकुंभ को फालतू बताते हैं तो पश्चिमी बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी महाकुंभ को मृत्यु कुंभ बताते हैं,लेकिन कोई इसका विरोध नहीं करता है।इसी तरह से सोशल मीडिया पर इधर-उधर की फोटो और वीडियो को महाकुंभ की घटना बता कर प्रचारित किया जा रहा है।

गौरतलब हो, आज महाकुंभ पर हो हल्ला मचाने वाले समाजवादी इससे पूर्व अयोध्या में रामलला के मंदिर निर्माण के समय भी ऐसा करते नजर आये थे। सपा प्रमुख अखिलेश यादव तो मंदिर निर्माण के उदघाटन अवसर पर भी मौजूद नहीं रहे थे। कारण बहुत साफ था वहीं चुनाव के समय उन्हें ईवीएम और चुनाव आयोग में खामियां नजर आती हैं। योगी जब अवधी,भोजपुरी,बुंदेलखंडी भाषा को आगे बढ़ाने की बात करते हैं तो समाजवादी उर्दू को आगे बढ़ाने का राग अलापने लगते हैं। समाजवादी पार्टी के नेताओं को समझना होगा कि यूपी में जिस भारतीय जनता पार्टी को सपा के पूर्व प्रमुख मुलायम सिंह यादव ने अपने सियासी अखाड़े में कभी उभरने नहीं दिया,उसी भारतीय जनता पार्टी को अखिलेश यादव की गैर जिम्मेदाराना और अपरिपक्त राजनीति ने अपनी सियासत चमकाने का पूरा मौका दे दिया। समाजवादी पार्टी मुलायम सिंह के नेतृत्व में 2012 में अंतिम बार चुनाव जीती थी और अखिलेश सीएम बने थे,उसके बाद से आज तक अखिलेश अपने बल पर कोई बड़ा करिश्मा नहीं कर पाये हैं। 2024 के आम चुनाव में जरूर समाजवादी पार्टी को बढ़त मिली थी,लेकिन अखिलेश कांग्रेस की बैसाखी के सहारे यह सफलता हासिल कर पाये थे। आज स्थिति यह है कि कांग्रेस का साथ लेकर सपा उन सीटों पर भी जीत नहीं हासिल कर पा रही है ।

### सूडोकु नवताल- 7347

मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 1 | | | | | 6 |
| 7 | | 2 | | 5 | | | | 9 |
| | | 4 | | | 2 | 7 | 5 | |
| 5 | 7 | | | | 9 | | 1 | 8 |
| | | | | 6 | | | | |
| 6 | 1 | | 3 | | | | 2 | 4 |
| | 5 | 1 | 9 | | | 8 | | |
| 2 | | | | 8 | | 9 | | 1 |
| 9 | | | | | 3 | | | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल -7346 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 9 | 3 | 2 | 4 | 6 | 5 | 8 | 7 |
| 4 | 7 | 2 | 5 | 1 | 8 | 3 | 6 | 9 |
| 6 | 5 | 8 | 7 | 3 | 9 | 1 | 2 | 4 |
| 3 | 8 | 9 | 4 | 5 | 1 | 2 | 7 | 6 |
| 2 | 4 | 7 | 6 | 9 | 3 | 8 | 1 | 5 |
| 5 | 1 | 6 | 8 | 7 | 2 | 4 | 9 | 3 |
| 8 | 2 | 4 | 9 | 6 | 5 | 7 | 3 | 1 |
| 7 | 6 | 1 | 3 | 2 | 4 | 9 | 5 | 8 |
| 9 | 3 | 5 | 1 | 8 | 7 | 6 | 4 | 2 |

# शिक्षा में स्मार्टफोन के प्रचलन से एकाग्रता एवं हेल्थ खतरे में

ललित गर्ग

शिक्षा में तेजी से बढ़ते स्मार्टफोन के उपयोग और उसके घातक प्रभावों को लेकर दुनियाभर में हलचल है, बड़े शोध एवं अनुसंधान हो रहे हैं, जिनके निष्कर्षों एवं परिणाम को देखते हुए कड़े कदम भी उठाये जा रहे हैं। शोध एवं अध्ययनों के तथ्यों ने चौंकाया भी है एवं चिन्ता में भी डाला है। पाया गया कि जो छात्र अपने फोन के करीब रहकर पढ़ाई करते हैं, उन्हें ध्यान केंद्रित करने में बहुत मुश्किल होती है, भले ही वे इसका उपयोग न कर रहे हों। स्मार्टफोन के उपयोग से नींद की गुणवत्ता कम होने, तनाव बढ़ने, एकाग्रता बाधित होने, स्मृति लोप होने, अवांछित सामग्री का अधिक उपयोग करने, मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य पर दुष्प्रभाव पड़ने जैसे खतरे उभरें हैं। इन बढ़ते खतरों को देखते हुए दुनियाभर में कम से कम 79 शिक्षा प्रणालियों ने स्कूलों में स्मार्टफोन पर प्रतिबंध लगा दिया है। जिसे लेकर, कई देशों में बच्चों की शिक्षा और निजता पर इसके प्रभाव को लेकर बहस जारी है। ह्यसंयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक एवं सांस्कृतिक संगठनह्न (यूनेस्को) की वैश्विक शिक्षा निगरानी (जीईएम) टीम के अनुसार, 60 शिक्षा प्रणालियों या वैश्विक स्तर पर पंजीकृत कुल शिक्षा प्रणालियों का 30 प्रतिशत ने विशेष कानूनों या नीतियों के माध्यम से 2023 के अंत तक स्कूलों में स्मार्टफोन पर प्रतिबंध लगा दिया है। भारत में अभी इस ओर कोई कदम नहीं उठाया गया है।

सर्वेक्षण के आंकड़े यह संकेत देते हैं कि डिजिटल शिक्षा और स्मार्टफोन के इस्तेमाल में बच्चों की भागीदारी तेजी से बढ़ रही है। यह बदलाव शिक्षा के क्षेत्र में नए अवसर पैदा कर रहा है, लेकिन साथ ही इसके साथ कई चुनौतियाँ भी हैं, डिजिटल शिक्षा को संतुलित और सुरक्षित बनाना आने वाले समय में एक प्रमुख चुनौती है। डिजिटल शिक्षा के बढ़ते प्रभाव के साथ, यह आवश्यक हो गया है कि स्मार्टफोन और इंटरनेट का सही, संयमपूर्ण और सुरक्षित उपयोग सुनिश्चित किया जाए ताकि बच्चों का विकास सही दिशा में एवं समग्रता से हो। निस्संदेह, शिक्षा के बाजारीकरण और नए शैक्षिक प्रयोगों में मोबाइल की अपेक्षाओं को महंगे स्कूलों ने स्टेटस सिंबल बना दिया है। लेकिन हालिया वैश्विक सर्वेक्षण बता रहे हैं कि पढ़ाई में अत्यधिक मोबाइल का प्रयोग विद्यार्थियों के लिये मानसिक व शारीरिक समस्याएं पैदा कर रहा है। सर्वविदित है कि विभिन्न ऑनलाइन शैक्षिक कार्यक्रमों के चलते छात्र-छात्राओं में मोबाइल फोन का इस्तेमाल तेजी से बढ़ा है। तमाम पब्लिक स्कूलों ने ऑनलाइन शिक्षा के लिए मोबाइल फोन का इस्तेमाल अनिवार्य तक बना दिया है। कमोबेश सरकारी स्कूलों में ऐसी बाध्यता नहीं है। लेकिन वैश्विक स्तर पर किए गए सर्वेक्षण



से यह तथ्य सामने आया है कि स्मार्टफोन एक हद तक तो सीखने की प्रक्रिया में मददगार साबित हुआ है, लेकिन इसके नकारात्मक प्रभावों को भी नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिए। ज्यादा मोबाइल का इस्तेमाल करने से पढ़ाई में बाधा आती है, नैसर्गिक शैक्षणिक गुणवत्ता आहत होती है। भारत में 21 राज्यों के ग्रामीण समुदायों में 6-16 वर्ष की आयु के स्कूली बच्चों के 6,229 अभिभावकों के बीच किए गए अखिल भारतीय सर्वेक्षण से पता चला कि अधिकतर बच्चे पढ़ाई के बजाय मनोरंजन एवं अश्लील सामग्री के लिए स्मार्टफोन का उपयोग करते हैं। सर्वेक्षण में कहा गया है कि जिन छात्रों के पास गैजेट्स हैं, उनमें से 56.6 प्रतिशत ने डिवाइस का इस्तेमाल मूवी डाउनलोड करने और देखने के लिए किया, जबकि 47.3 प्रतिशत ने उनका इस्तेमाल संगीत डाउनलोड करने और सुनने के लिए किया। सर्वेक्षण से पता चला है कि ग्रामीण भारत में 49.3 प्रतिशत छात्रों के पास स्मार्टफोन की पहुंच है, लेकिन उनमें से केवल 34 प्रतिशत ही पढ़ाई के लिए इसका इस्तेमाल करते हैं।

वैश्विक स्तर पर, आज दुनिया भर में 6.378 बिलियन स्मार्टफोन उपयोगकर्ता हैं-जो कि कुल आबादी का लगभग 80.69 प्रतिशत है। इसमें दो मत नहीं कि एक समय महज बातचीत का जरिया माना जाने वाला मोबाइल फोन आज दैनिक जीवन की जरूरतों को पूरा करने वाला बेहद जरूरी उपकरण बन चुका है। खासकर कोरोना संकट के चलते स्कूल-कालेजों के बंद होने के बाद तो यह पढ़ाई का अनिवार्य हिस्सा बन गया। आललाइन कक्षाओं के बढ़ते प्रचलन में लगने लगा था कि इसके बिना तो पढ़ाई संभव ही नहीं है। लेकिन नादान बच्चों के हाथ में मोबाइल बंदर के हाथ में उस्तरे जैसा ही साबित हुआ है। निश्चित तौर पर ये उनके भटकाव, गुमराह, दिग्भ्रमित और मानसिक विचलन का कारण भी बना है। इसी कारण कई देशों में स्कूलों में स्मार्टफोन पर बैन लगा दिया है, क्योंकि इन देशों का मानना है कि यह बच्चों की शिक्षा और उनकी गोपनीयता पर नकारात्मक प्रभाव डालता है। अनेक देशों में हुए सर्वेक्षणों ने स्मार्टफोन के उपयोग से विद्यार्थियों पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों पर चिंता जतायी है। इनकी रिपोर्ट एवं चौंकाने वाले तथ्य भारत में शिक्षा के नीति-नियंताओं की आंख खोलने वाले हैं। यूनेस्को की टीम के मुताबिक बीते साल के अंत तक कुल पंजीकृत शिक्षा प्रणालियों में से चालीस फीसदी ने सख्त कानून या नीति बनाकर स्कूलों में छात्रों के स्मार्टफोन के प्रयोग पर रोक लगा दी है। दरअसल, आधुनिक शिक्षा के साथ आधुनिकीकरण एवं विकास की अपेक्षा को दर्शा कर तमाम पब्लिक स्कूलों में मोबाइल के उपयोग को अनिवार्य बना दिया गया। निस्संदेह, आधुनिक समय में स्मार्टफोन कई तरह से शिक्षा में मददगार है। लेकिन यहां प्रश्न इसके अनियंत्रित एवं अवांछित प्रयोग का है। साथ ही दुनिया में अनियंत्रित इंटरनेट पर परोसी जा रही अनुचित, अश्लील, अनुपयोगी सामग्री और बच्चों पर पड़ने वाले उसके दुष्प्रभावों पर भी दुनिया में विमर्श जारी है। मोबाइल फोन का अत्यधिक उपयोग छात्रों के मनोवैज्ञानिक स्वास्थ्य के लिए बुरा है तथा इसके लगातार उपयोग से चिंता का स्तर बढ़ता है, आत्म-सम्मान कम होता है तथा अकेलेपन की भावना बढ़ती है। इसका अंधाधुंध व गलत उपयोग घातक भी हो सकता है। दरअसल, स्मार्टफोन में वयस्कों से जुड़े तमाम एप ऐसे भी हैं जो समय से पहले बच्चों को वयस्क बना रहे हैं। उन्हें यौन कुंठित बना रहे हैं। बड़ी चुनौती यह है कि बच्चों की एकाग्रता भंग हो रही है। बच्चों में याद करने की क्षमता घट रही है। बदलते शैक्षणिक परिदृश्यों में जब शिक्षा में स्मार्टफोन का उपयोग टाला नहीं जा सकता, लेकिन उसका नियंत्रित उपयोग तो किया ही जा सकता है। निस्संदेह उसका उपयोग सीमित एवं संयमपूर्वक किया जाना नितांत अपेक्षित होना चाहिए। संकट यह भी कि मोबाइल पर खेले जाने वाले ऑन लाइन गेम जहां बच्चों को मैदानी खेलों से दूर कर रहे हैं, वहीं स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल असर डाल रहे हैं। हमें किसी भ्रम में नहीं रहना चाहिए। पूरी दुनिया में बढ़ता मोबाइल फोन का प्रचलन एक संकट है एवं एक चुनौती है। क्या हम वाकई सोचते हैं कि छात्रों को स्कूल में ज्यादा स्क्रीन टाइम की जरूरत है? कुछ सर्वेक्षण के परिणामों ने विश्वविद्यालय के संसाधनों और शैक्षणिक जानकारी तक मोबाइल पहुँच के लिए छात्रों की बढ़ती माँग को प्रदर्शित किया, साथ ही अपने साथियों और प्रशिक्षकों के साथ तेज, व्यक्तिगत, इंटरैक्टिव डिजिटल संचार की बढ़ती जरूरतों को भी दशार्या। भारत में स्मार्टफोन के उपयोग को बैन करने का निर्णय जल्दबाजी में न हो, पहले अनुसंधान हो, परामर्श किया जाना चाहिए तथा उनके अनुप्रयोग पर गहन विचार किया जाना चाहिए।

# वर्तमान युग में क्यों महत्वपूर्ण हैं गुरुजी की शिक्षाएँ

पंकज जगन्नाथ जयस्वाल

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के दूसरे सरसंघचालक श्री माधवराव सदाशिव गोलवलकर, जिन्हें सभी लोग गुरुजी के नाम से पुकारते हैं, उनका दर्शन और विश्वदृष्टि, सनातन धर्म के ठोस और वैज्ञानिक सिद्धांतों पर आधारित थी, जिससे उनका दृष्टिकोण स्पष्ट और असंदिग्ध था। इसका मतलब यह नहीं है कि उनके विचार प्राचीन सिद्धांतों से अडिग रूप से बंधे हुए थे। सेमेटिक धर्मों के विपरीत, हिंदू धर्म ने लगातार लचीलापन और अनुकूलनशीलता का प्रदर्शन किया है। सनातन धर्म मौलिक और शाश्वत है, फिर भी हमारे ऋषियों ने समय के निरंतर बीतने के कारण परिवर्तन की अनिवार्यता को पहचाना। नतीजतन, सनातन धर्म के सिद्धांतों को आँख मूंदकर या कट्टरता से नहीं बल्कि सोच-समझकर और प्रासंगिक रूप से लागू किया जाना चाहिए। गुरुजी ने इस अंतर को अच्छी तरह से समझा और तदनुसार मार्गदर्शन प्रदान किया।

जीवों में एक सुखी, देखभाल करने वाला और शांतिपूर्ण जीवन जीने की एक अंतर्निहित प्रवृत्ति होती है। हालाँकि, जैसे-जैसे दुनिया ने पश्चिमीकरण को अपनाया है, विकसित भौतिकवादी मानसिकता ने प्रत्येक व्यक्ति के जीवन पर भारी असर डाला है, जिससे वे अपने आसपास की शांति, आनंद और सामंजस्य खो रहे हैं। अधिकांश लोग लालच, शत्रुता, विनाशकारी मानसिकता और अहंकारी रवैये जैसी कई नकारात्मक विशेषताओं के साथ एक यांत्रिक अस्तित्व जीते हैं, मानवता की भावना को खो रहे हैं और प्रकृति के विरुद्ध काम कर रहे हैं। महत्वपूर्ण तकनीकी प्रगति और उच्च जीवन स्तर के बावजूद, दुनिया भर के व्यक्ति दुखी, असंतुष्ट हैं और सामाजिक अस्थिरता पैदा कर रहे हैं। पश्चिमी उपभोक्तावाद की अवधारणा हानिकारक है, क्योंकि यह व्यक्तियों को केवल वस्तुओं और ग्राहकों के रूप में देखता है। इससे सभी उपलब्ध रास्तों का शोषण होता है, अक्सर मानवता और पर्यावरण अखंडता की कीमत पर। इसके अलावा, विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म को सामाजिक संबंध और कल्याण को बढ़ावा देने के बजाय उपभोक्तावाद पर ध्यान केंद्रित करके डिजाइन किया गया है। इसलिए गुरुजी की शिक्षाएँ आज की दुनिया में अत्यंत प्रासंगिक हैं। उन्हें समाज, राष्ट्र और विश्व के सामाजिक, आर्थिक और आध्यात्मिक आयामों की पूरी जानकारी है। उनकी कुछ शिक्षाएँ हमारी बेहतर समझ के लिए प्रस्तुत हैं। गुरुजी के आर्थिक, राजनीतिक और स्वदेशी सिद्धांत किसी समाज की राजनीतिक, सामाजिक या आर्थिक व्यवस्था में होने वाले परिवर्तन का प्रभाव पूर्ण समाज पर भी पड़ सकता है। गुरुजी ने एक एकीकृत सामाजिक-राजनीतिक-आर्थिक दृष्टिकोण विकसित किया। उन्होंने भारतीय दर्शन, संस्कृति, धर्म और साहित्य के साथ-साथ समाजवाद, मार्क्सवाद और पश्चिमीकरण जैसी पश्चिमी विचारधाराओं का भी गहन अध्ययन किया। अपने व्याख्यानों और भाषणों में उन्होंने मार्क्सवाद और पश्चिमीकरण दोनों की आलोचना की। वे अक्सर भारतीय दर्शन और साहित्य की तुलना मार्क्सवाद और उसकी विचारधारा से करते थे। गुरुजी ने मार्क्सवाद के आर्थिक नियतिवाद, द्वंद्वात्मक भौतिकवाद और वर्ग संघर्ष के मूल सिद्धांतों को खारिज कर दिया। उनका मानना था कि न तो साम्यवाद और न ही पूंजीवाद दुनिया को एकजुट कर सकता है। उन्होंने जो स्पष्टीकरण दिया वह आवश्यक था। भौतिकवादी विचारधारा, जो मनुष्यों को भौतिक पशु मानती है और भौतिक हितों को प्राथमिकता देती है, एकता और सद्भाव के बजाय प्रतिस्पर्धा और संघर्ष को जन्म देती है। तर्क सीधा है। भौतिक स्तर पर, केवल विविधता और अंतर है। वे अलगाववाद और बहिष्कार को बढ़ावा देते हैं। जो व्यक्ति केवल भौतिक वास्तविकता पर ध्यान केंद्रित करते हैं, उनमें एकता और एकीकरण की कमी हो सकती है। सहयोग पर विचार करने का कोई कारण नहीं है। जब हम स्पष्ट मतभेदों से परे देखते हैं, तो हम एक सूक्ष्म एकता देख सकते हैं जो सभी स्थूल प्राणियों को एक सुसंगत पूल में जोड़ती है।

गुरुजी के अनुसार, भौतिकवादी मानते हैं कि हम सभी स्वतंत्र व्यक्ति हैं जिनका कोई सामान्य संबंध या लगाव नहीं है। कार्ल मार्क्स के सिद्धांत वर्ग संघर्ष और पूंजीवाद पर वर्गहीन समाज की जीत पर केंद्रित हैं। उन्होंने इस धारणा को खारिज कर दिया कि आपसी नापसंदगी और दुश्मनी सफलता की ओर ले जा सकती है। उन्हें लगा कि साम्यवाद वर्ग विभाजन और नफरत पैदा कर सकता है, जो अंततः वर्ग संघर्ष को जन्म देता है। कार्ल मार्क्स की विचारधारा कटुता और आपसी दुश्मनी पर जोर देती है। उन्होंने राष्ट्र को मजबूत करने के लिए वर्ग शांति, सहयोग और आपसी समझ पर जोर दिया। उनका मानना था कि वर्ग भेद समाज को विभाजित करते हैं, जो राष्ट्र के लिए हानिकारक है। सोवियत संघ और चीन को व्यापक रूप से मार्क्सवादी-आधारित साम्यवाद के सबसे प्रमुख उदाहरण माना जाता है। उनके अनुसार, चीन और रूस ने ऐतिहासिक रूप से सत्ता हासिल करने के लिए समाजवाद का इस्तेमाल किया है, जिसके कारण विनाशकारी कदम उठाए गए हैं। दोनों देशों में प्रभुत्व के भूखे अधिकारियों ने राजनीतिक प्रभुत्व हासिल करने के लिए ऐतिहासिक रूप से अपने ही नागरिकों को नुकसान पहुंचाया है। चीन और रूस उन्नत और विकसित होने का दावा करते हैं, लेकिन दोनों का लक्ष्य वैश्विक प्रभुत्व स्थापित करना है। गुरुजी इस स्वभाव और व्यवहार को राक्षसी मानते हैं। उपभोक्तावाद हिंदू संस्कृति के लोकाचार के साथ असंगत है। हमारा आदर्श वाक्य ₹अधिकतम उत्पादन और समान वितरण₹ होना चाहिए, जिसमें राष्ट्रीय आत्मनिर्भरता हमारा तात्कालिक लक्ष्य हो। बेरोजगारी और अल्परोजगार को युद्ध स्तर पर संबोधित किया जाना चाहिए। जबकि औद्योगीकरण आवश्यक है, लेकिन इसे पश्चिम की नासमझ प्रतिकृति होने की आवश्यकता नहीं है। प्रकृति का दोहन किया जाना चाहिए, शोषण नहीं। पारिस्थितिकी कारक, प्राकृतिक संतुलन और भावी पीढ़ियों की जरूरतों पर विचार किया जाना चाहिए। पारिस्थितिकी, अर्थशास्त्र और नैतिकता सभी पर एक साथ विचार किया जाना चाहिए। प्रत्येक नव स्वतंत्र राष्ट्र के नेतृत्व की सबसे महत्वपूर्ण जिम्मेदारी अपने नागरिकों की मानसिक संरचना में आवश्यक परिवर्तन को प्रभावित करना है। गुरुजी नव स्वतंत्र भारत की मानसिकता से अच्छी तरह वाकिफ थे। अंग्रेजों ने भारत को न केवल राजनीतिक और आर्थिक रूप से गुलाम बनाया था, बल्कि जीवन के सभी पहलुओं में सांस्कृतिक रूप से भी गुलाम बनाया था। वे अपनी दुर्भावनापूर्ण योजनाओं में काफी हद तक सफल भी हुए थे।

हमारे स्वतंत्रता संग्राम के नेताओं ने इस सत्य को समझा और स्वदेशी, गोरक्षा, स्वभाषा, हिंदी आदि पर जोर देकर इस आत्मघाती मानसिकता को खत्म करने का प्रयास किया। डॉक्टर जी का अनुसरण करते हुए गुरुजी ने संघ के माध्यम से लोगों में इन विचारों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए कई पहल की। स्वदेशी पर उनका विश्वास सर्वव्यापी था। स्वदेशी की उनकी अवधारणा स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग तक सीमित नहीं थी; इसमें दैनिक जीवन के सभी तत्व शामिल थे, जैसे कि हमारी मूल भाषाओं में विवाह के निमंत्रण या कार्यक्रम की बधाई भेजना, साथ ही हिंदू परंपरा के अनुसार जन्मदिन मनाना आदि।

इन दृष्टिकोणों का विशेष महत्व है। ये केवल दार्शनिक ग्रंथ नहीं हैं। गुरुजी केवल एक बौद्धिक दार्शनिक से कहीं अधिक थे। वे हिंदू दर्शन और उसकी जटिलताओं को अच्छी तरह समझते थे। एक व्यावहारिक नेता और राष्ट्रव्यापी आंदोलन के मार्गदर्शक के रूप में उन्होंने अपने दर्शन को व्यक्तिगत अनुभव और प्रयोग के माध्यम से परखा। वे वास्तविक दुनिया के मुद्दों और चुनौतियों पर केंद्रित रहे। उनका दृष्टिकोण हिंदू आध्यात्मिक परंपरा पर आधारित होने के बावजूद अत्यधिक व्यावहारिक था।

# स्वस्थ लोकतंत्र के लिए मजबूत व रचनात्मक विपक्ष जरूरी



प्रियंका सौरभ

लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए सरकार और विपक्ष को मिलकर रचनात्मक रूप से काम करना होगा। लेकिन भारत में संसदीय बहसों में बढ़ते ध्रुवीकरण, बार-बार व्यवधान तथा गहन चचाओं पर टीका-टिप्पणी व हंगामे के कारण विधायी विचार-विमर्श की गुणवत्ता और भी खराब हो गई है। अपर्याप्त नीतिगत चर्चा सरकार और विपक्ष के बीच वास्तविक बातचीत में बाधा डालती है। पक्षपातपूर्ण मुद्दों का उपयोग अक्सर उन महत्त्वपूर्ण विषयों पर चर्चा करने के लिए किया जाता है, जिनके लिए व्यापक राष्ट्रीय सहमति की आवश्यकता होती है, जैसे विदेश नीति और तकनीकी विकास। संसदीय चचाओं की प्रभावशीलता तब कम हो जाती है जब राजनीतिक दुश्मनी के कारण चर्चा के बजाय अशांति पैदा होती है। सरकार का विधायी एजेंडा और विपक्ष के साथ सार्थक तरीके से बातचीत करने की अनिच्छा यह दशार्ती है कि वह अपने कार्यों की जिम्मेदारी लेने को तैयार नहीं है। संसदीय प्रक्रियाओं द्वारा चर्चा और नीति सुधार को सुगम बनाया जाना चाहिए, लेकिन बढ़ती पक्षपातपूर्णता ने इन प्रक्रियाओं को कमजोर कर दिया है। महत्त्वपूर्ण नीतियों पर पूर्व-विधान परामर्श और चचाएँ अधिक प्रयास से नहीं हो पा रही हैं। सरकार को नियंत्रण और संतुलन बनाए रखने के लिए मजबूत विपक्ष की आवश्यकता है। इस बात को समझते हुए अमेरिकी संस्थापकों ने सरकार के कई स्तर स्थापित किये। वे सरकार को लेकर बहुत सतर्क थे, यही कारण है कि उन्हें लगता था कि इसे चलाना कठिन और जटिल है। वे अन्य सदस्यों द्वारा कानून पारित होने से रोकने के लिए वैध लेकिन अनैतिक साधनों के प्रयोग से अनभिज्ञ थे। विधेयक पर बातचीत करते हुए उसे समाप्त कर देना या विधेयक पर बात न करना₹ का तात्पर्य अनावश्यक भाषणबाजी और समय की बबार्दी से है जिसका उद्देश्य किसी सार्थक विधेयक या कानून को वास्तव में पारित होने से रोकना होता है। विपक्ष सरकार में तोड़फोड़ कर सकता है और कानूनों को पारित होने से रोक सकता है, जिससे वे अप्रभावी हो जाएंगे। राजनीतिक बयानबाजी के बजाय नीति पर जोर देना संसदीय कार्यप्रणाली में सुधार का एक तरीका है। संसदीय चचाओं में पुराने जमाने के दोषारोपण या चुनाव प्रचार की तुलना में शासन सम्बंधी मुद्दों को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। विपक्ष और सत्तारूढ़ पार्टी के बीच लगातार, संगठित संपर्क से मुद्दा-आधारित संवाद को बढ़ावा मिल सकता है और टकराव से बचने में मदद मिल सकती है। यह सुनिश्चित करने के लिए कि नीतिगत चचाएँ फलदायी बनी रहें, संसदीय समितियों जैसे तंत्रों को मजबूत किया जाना चाहिए। तात्कालिक राष्ट्रीय मुद्दों पर नियमित चर्चा के माध्यम से सरकार की कार्यवाही को स्पष्ट करना कुछ ऐसा है जो प्रधानमंत्री और अन्य महत्त्वपूर्ण मंत्रियों को करना चाहिए। प्रश्नकाल और संगठित नीतिगत चर्चा जैसे मंचों को पुनर्जीवित करके जवाबदेही की गारंटी देना संभव है। राजनीतिक विभाजन पैदा करने के बजाय, विदेश नीति, विकास और आर्थिक परिवर्तन को दलीय मुद्दों के रूप में देखा जाना चाहिए, जिन पर दीर्घकालिक आम सहमति की आवश्यकता है। चचाओं के लिए अधिक कठोर नियम और नैतिक मानदंड स्थापित करके संसदीय व्यवधानों को कम किया जाना चाहिए। शिष्टाचार बनाए रखने और न्यायसंगत भागीदारी की गारंटी देने में अध्यक्ष और संसदीय समितियों की भूमिका को बढ़ाना आवश्यक है। रचनात्मक आलोचना विपक्षी दल की भूमिका होनी चाहिए। विपक्ष के कारण मुद्दों और विधेयकों पर अधिक बहस और चर्चा होती है; अन्यथा, उन्हें बिना किसी चर्चा या दूसरों की जरूरतों पर विचार किए पारित कर दिया जाएगा, जो लोकतंत्र के लिए घातक होगा और इसे निरंकुशता में बदल सकता है। किसी महत्त्वपूर्ण मुद्दे पर, विपक्षी पार्टी ही युद्ध के लिए उतरेगी। प्रभावी शासन के लिए सरकार और विपक्ष के बीच रचनात्मक सहयोग की आवश्यकता होती है। चूंकि सरकार ही मुख्य प्रभारी निकाय है, इसलिए यह उसका कर्तव्य है कि वह किसी समझौते पर पहुँचने के प्रयासों का नेतृत्व करे तथा यह सुनिश्चित करे कि संसद में चर्चा राजनीतिक दरार को बढ़ाने के बजाय भारत की समस्याओं के समाधान पर केंद्रित हो। किसी लोकतंत्र में विपक्ष की सक्रियता और ताकत अक्सर उसके स्वास्थ्य का सूचक होती है। भारत में विपक्ष को मजबूत करने के लिए सिर्फ. राजनीतिक दलों को ही नहीं, बल्कि समग्र लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत करना होगा। महत्त्वपूर्ण नीतियों में पार्टियों के भीतर आंतरिक लोकतंत्र को बढ़ावा देना, मीडिया तक समान पहुँच प्रदान करना और राज्य निधि का आवंटन शामिल है। लोकतंत्र को गतिशील, उत्तरदायी और जवाबदेह बनाने के लिए एक मजबूत और सफल विपक्ष का होना आवश्यक है। (लेखिका, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

### दैनिक पंचांग

**20 फरवरी 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | कुंभ में | मीन | 07.42 बजे से |
| चंद्र | वृश्चिक में | मेष | 09.12 बजे से |
| मंगल | मिथुन में | वृष | 10.52 बजे से |
| बुध | कुंभ में | मिथुन | 12.50 बजे से |
| गुरु | वृष में | कर्क | 15.04 बजे से |
| शुक्र | मीन में | सिंह | 17.20 बजे से |
| शनि | कुंभ में | कन्या | 19.32 बजे से |
| राहु | मीन में | तुला | 21.43 बजे से |
| केतु | कन्या में | वृश्चिक | 23.57 ब.से |
| राहुकाल | | धनु | 02.13 बजे से |
| 1.30 से 3.00 | | मकर | 04.18 बजे से |
| बजे तक | | कुंभ | 06.05 बजे से |

**गुरुवार** 2025 वर्ष का 51 वा दिन
**दिशाशूल** दक्षिण **ऋतु** शिशिर।
**विक्रम संवत्** 2081 **शक संवत्** 1946
**मास** फाल्गुन (दक्षिण भारत में माघ)
**पक्ष** कृष्ण **तिथि** सप्तमी 09.59 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** विशाखा 13.30 बजे को समाप्त।
**योग** ध्रुव 11.34 बजे को समाप्त।
**करण** बव 09.59 बजे तदनन्तर बालव 23.03 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 21.5 घण्टे
**रवि क्रान्ति** दक्षिण 10° 55'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1872261
**जूलियन दिन** 2460726.5
**कलियुग संवत्** 5125
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2551
**हिजरी सन्** 1446
**महीना** शाबान **तारीख** 21
**विशेष** कालाष्टमी, शबरी जयंती।

| दिन का चौघड़िया | | | | रात का चौघड़िया | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| शुभ | 05.54 | से | 07.22 बजे तक | अमृत | 05.40 | से | 07.11 बजे तक |
| रोग | 07.22 | से | 08.51 बजे तक | चर | 07.11 | से | 08.43 बजे तक |
| उद्वेग | 08.51 | से | 10.19 बजे तक | रोग | 08.43 | से | 10.15 बजे तक |
| चर | 10.19 | से | 11.47 बजे तक | काल | 10.15 | से | 11.47 बजे तक |
| लाभ | 11.47 | से | 01.15 बजे तक | लाभ | 11.47 | से | 01.19 बजे तक |
| अमृत | 01.15 | से | 02.43 बजे तक | उद्वेग | 01.19 | से | 02.51 बजे तक |
| काल | 02.43 | से | 04.11 बजे तक | शुभ | 02.51 | से | 04.23 बजे तक |
| शुभ | 04.11 | से | 05.40 बजे तक | अमृत | 04.23 | से | 05.55 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

# आकाश बोले- बहनजी पर बयान बसपा के खिलाफ साजिश: लखनऊ में उदित राज पर किया पलटवार









**लखनऊ।** में कांग्रेस नेता और पूर्व सांसद उदित राज के मायावती पर विवादित बयान से राजनीतिक हलकों में बवाल मच गया है। दरअसल, उदित राज ने बसपा सुप्रीमो को लेकर कहा था कि अब मायावती का गला घोंटने का समय आ गया है। उनके इस बयान के बाद बसपा के नेशनल कोऑर्डिनेटर आकाश आनंद ने यूपी पुलिस से 24 घंटे के अंदर कार्रवाई की मांग की है। वहीं बसपा प्रमुख मायावती ने कांग्रेस पर सवाल उठाए हैं। इसको लेकर बसपा कार्यकताओं ने मंगलवार को हजरतगंज स्थित अंबेडकर प्रतिमा के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। राहुल गांधी मुदार्बाद के नारे लगाए। वहीं उदित राज की गिरफ्तारी की मांग की। आकाश आनंद ने उदित राज के बयान को बहुजन समाज के खिलाफ साजिश करार दिया। उन्होंने कहा- उदित राज का सामाजिक न्याय आंदोलन से कोई लेना-देना नहीं है, बल्कि वह कभी भाजपा तो कभी कांग्रेस का सहारा लेकर अपनी राजनीति चमकाने में लगे हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर यूपी पुलिस ने उदित राज के खिलाफ 24 घंटे में कार्रवाई नहीं की तो बहुजन समाज सड़क पर उतरने को मजबूर होगा। उदित राज ने क्या कहा था...? लखनऊ में सोमवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान उदित राज ने बहुजन राजनीति की वर्तमान स्थिति पर चर्चा की। इस दौरान उन्होंने कहा- जब भगवान कृष्ण से पूछा गया कि वह अपने सगे-संबंधियों से कैसे लड़ेंगे, तो उन्होंने कहा कि न्याय के लिए अपनों को भी मारना जरूरी है। इसी संदर्भ में उदित राज ने कहा- जो सामाजिक न्याय आंदोलन का गला घोंट रहा है, अब उसका गला घोंटने का समय आ गया है। उनके इस बयान के बाद राजनीतिक विवाद खड़ा हो गया है। कुछ दलबदलू और स्वार्थी दलित नेता अपने आकाओं को खुश करने के लिए अनर्गल बयानबाजी कर रहे हैं। बहुजन समाज को ऐसे लोगों से सावधान रहने की जरूरत है, क्योंकि वे सामाजिक परिवर्तन और आर्थिक मुक्ति आंदोलन से अनजान हैं। उदित राज ने दी सफाईझ विवाद गहराने के बाद मंगलवार को पूर्व सांसद उदित राज ने सफाई देते हुए पर एक पोस्ट किया। जिसमें लिखा- सबसे पहले मैं स्पष्ट करना चाहूंगा कि मेरे बयान को कांग्रेस से न जोड़ा जाए। मायावती जी ने 4 दशक से झूठ, दुष्प्रचार और कांग्रेस को दलित विरोधी बताकर लोगों को भ्रमित किया। डॉ अंबेडकर को ढाल बनाकर कांग्रेस का गला काटा और सत्ता का सुख लूटा। करोड़ों बहुजन कार्यकताओं ने भूखे-प्यासे रहकर आंदोलन को सृजित किया। इनके चंदे, परिश्रम और बलिदान का गला घोटा। बीएसपी ने कभी आरएसएस के खिलाफ मोर्चा नहीं खोला।

## हमीरपुर की ललपुरा पुलिस ने फरार चल रहे अभियुक्त को किया गिरफ्तार



**हमीरपुर।** उत्तर प्रदेश के हमीरपुर की ललपुरा पुलिस ने अपराधियों की धरपकड़ के लिये चलाये जा रहे अभियान के तहतमु०अ०सं०-22/2025 धारा-74 बी०एन०एस० सहित 09/10 पॉक्सो एक्ट के मामले में फरार चल रहे थाना क्षेत्र के नेहरू निवासी 45 वर्षीय अभियुक्त दुल्लीचन्द पुत्र महेश्वरीदीन को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया गया है, जबकि अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में खासतौर से एस आई सुरेन्द्र कुमार सहित कांस्टेबल अनुरुद्ध कुमार शामिल रहे।

## थाई भिक्षुओं ने केंद्रीय मंत्री को भेंट की बुद्ध की प्रतिमा



**कुशीनगर।** बुद्ध स्थली स्थित थाई बुद्धिस्ट मॉनिस्ट्री के प्रमुख भंते फ्राविडेश्वचिरायन (भंते सोम पोंग) ने केंद्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत को दया, करुणा, शांति के उपदेशक तथागत बुद्ध की प्रतिमा भेंट की। मंगलवार को केंद्रीय पर्यटन, सांस्कृतिक मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत और प्रदेश के पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह कुशीनगर भ्रमण करकरे के क्रम में थाई बुद्ध बिहार पहुंचे। जहां थाई भंते सोम पोंग, भंते सोम क्रान और अन्य भिक्षुओं ने स्वागत किया। मंत्री गण ने मुख्य थाई मंदिर में पूजन अर्चन किया। भिक्षु सोम पोंग ने मंदिर के निरीक्षण के दौरान थाई संस्कृति, परम्परा, स्थापत्य कला की जानकारी दी। थाई मंदिर की सुंदरता और बागवानी को देख केंद्रीय मंत्री मुग्ध हो गए। उन्होंने कहा कि बुद्ध के उपदेश विश्व कल्याण के लिए है। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय, सांसद विजय दूबे, राज्यसभा सदस्य और पूर्व केंद्रीय मंत्री कुंवर आरपीएन सिंह, दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री राजेश्वर सिंह, पूर्व विधायक रजनीकांत मणि त्रिपाठी, नपाप अध्यक्ष किरन जायसवाल, प्रतिनिधि राकेश कुमार जयसवाल, डॉ अनिल कुमार सिन्हा, ओमप्रकाश कुशवाहा आदि मौजूद रहे।

## बौद्ध संग्रहालय द्वारा रूट्स आफ बुद्धिज्म अखिल भारतीय छायांकन कला प्रदर्शनी आयोजित



**कुशीनगर।** केंद्रीयमंत्री संस्कृति एवं पर्यटन विभाग, भारत सरकार गजेंद्र सिंह शेखावत एवं जयवीर सिंह मंत्री, संस्कृति एवं पर्यटन विभाग उत्तर प्रदेश सरकार के कुशीनगर आगमन पर राजकीय बौद्ध संग्रहालय द्वारा रूट्स आफ बुद्धिज्म अखिल भारतीय छायांकन कला प्रदर्शनी एवं विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों में बुद्ध इंटरमीडिएट कॉलेज के नेशनल कैडेट कोर के कैडेट्स की सहभागिता रही। साथ ही संग्रहालय के अज्ञेय स्मृति सभागार में राष्ट्रीय व्याख्यान श्रृंखला के अंतर्गत ₹सम्यक प्रबंधन और जातक अट्कथाएं₹ विषयक व्याख्यान का आयोजन किया गया जिसमें डॉ० जसवीर सिंह चावला, अध्यक्ष, वाक चंडीगढ़ द्वारा अटकथाएं विभिन्न विद्यालयों से आए हुए बच्चों को सुनाई गई। इस अवसर पर यशवंत सिंह राठौर उपनिदेशक, राजकीय बौद्ध संग्रहालय गोरखपुर, नेशनल कैडेट कोर के कप्तान वेद प्रकाश मिश्रा, तेज प्रताप शुक्ल, तरुण शुक्ला, धीरेंद्र मिश्र, दिनेश दुबे, नसरुद्दीन बेग उपस्थित रहे।

## सेवरही गन्ना शोध संस्थान द्वारा 9 जिले को 4122 कुंतल गन्ना बीज आबंटित



**कुशीनगर।** बसंतकालीन गन्ना बुवाई के लिए 2025-26 हेतु अपर गन्ना आयुक्त विकास एवं शोध समन्वय कार्यालय गन्ना आयुक्त लखनऊ वीके शुक्ला के निर्देश पर गेंदा सिंह गन्ना प्रजनन एवं अनुसंधान संस्थान सेवरही द्वारा 9 जिलों को 4122 कुन्तल अभिजनक गन्ना बीज (ब्रीडर सीड) का आवंटन किया गया है। यह जानकारी उत्तर प्रदेश गन्ना किसान संस्थान प्रशिक्षण केंद्र पिपराइच गोरखपुर के पूर्व सहायक निदेशक ओम प्रकाश गुप्ता ने देते हुए बताया कि गन्ने की उत्पादकता एवं चीनी परता बढ़ाने में गन्ना प्रजातियों का सबसे बड़ा योगदान है। गन्ने की चार प्रजातियां शीघ्र पकने वाली को. शा. 13235, को.लख. 14201, को. 0118, यू.पी. 05125 का 3273 कुंतल तथा 4 मध्य देर से पकने वाली प्रजातियां को.शा. 9232, को. से. 8452, को.से. 13452 तथा को. शा. 10239 का 849 कुंतल आवंटन हुआ है। गन्ना विकास परिषद परिक्षेत्र में पौधशाला भी कृषकों के खेतों पर स्थापित किया गया है। जहां बीज गन्ना उपलब्ध है। कुशीनगर जिला को 372 कुन्तल, देवरिया 204 कुन्तल, महाराजगंज 600 कुन्तल, मऊ-352 कुन्तल, बलिया-150 कुंतल, आजमगढ़ 700 कुंतल, बस्ती 690 कुंतल, सिद्धार्थनगर174 कुन्तल गन्ना बीज संवर्धन केंद्र लक्ष्मीपुर कुशीनगर के वरिष्ठ वैज्ञानिक कीट डॉ. वीके मिश्रा ने बताया कि इस केंद्र से 2909 कुन्तल आवंटन हुआ है। सेवरही गन्ना शोध के संयुक्त निदेशक डॉ. सुभाष सिंह के अनुसार गन्ना बीज का वितरण, गन्ना विकास विभाग द्वारा लिखे गए पत्र के आधार पर प्रारंभ कर दिया गया है, उपगन्ना आयुक्त गोरखपुर उषा पाल, उप गन्ना आयुक्त देवरिया एपी सिंह ने गन्ना बीज बुवाई के लिए संबंधित को निर्देश जारी कर दिया है। गन्ना शोध तकनीक को प्रयोगशाला से किसान के खेत पर पहुंचाने के लिए गोरखपुर - बस्ती-आजमगढ़ मंडल के 25 हजार गन्ना कृषकों को प्रशिक्षण सत्र 2024-25 में प्रशिक्षित किया जाएगा। इसके अतिरिक्त गन्ना कृषकों को पश्चिमी उत्तर प्रदेश, करनाल, महाराष्ट्र प्रशिक्षण के लिए भेजा जाएगा। लाल बहादुर शास्त्री गन्ना किसान संस्थान लखनऊ के निदेशक श्री विश्वेष कनौजिया के मार्ग निर्देशन में उन्होंने सहायक निदेशक गन्ना किसान संस्थान पर पिपराइच गोरखपुर को निर्देश दिया है कि प्रशिक्षण का परिणाम कृषकों के खेतों पर दिखाई देना चाहिए।

## सीडीओ ने सुनीं ग्रामीणों की समस्याएं गोंडा में ब्लॉक आपके द्वार कार्यक्रम





**गोंडा।** के विकासखंड कटरा बाजार के ग्राम पंचायत खेमपुर में मंगलवार को 4 बजे मुख्य विकास अधिकारी अंकिता जैन ने 'ब्लॉक आपके द्वार कार्यक्रम' का आयोजन किया। कार्यक्रम में विभागीय अधिकारियों ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं। सीडीओ ने विभिन्न सरकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। अधिकारियों ने प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान भारत योजना और स्वच्छ भारत मिशन की जानकारी दी। ग्रामीणों ने जल निकासी, स्वच्छता, स्वास्थ्य सेवाओं और पेंशन संबंधी समस्याएं रखीं। कई समस्याओं का मौके पर समाधान किया गया।अधिकारियों ने कूड़ा प्रबंधन केंद्र का निरीक्षण किया। यहां व्यवस्थागत कमियां मिलीं। आयुष्मान आरोग्य केंद्र की सेवाओं और सामुदायिक शौचालय की स्थिति की भी समीक्षा की गई। साफ-सफाई और रखरखाव में सुधार के निर्देश दिए गए। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि और ग्राम प्रधान भी मौजूद रहे। अधिकारियों ने समस्याओं के प्राथमिकता से समाधान का आश्वासन दिया। इस पहल से ग्रामीणों में सरकार के प्रति विश्वास बढ़ा है। विकास कार्यों को गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा करने का भरोसा दिलाया गया।

### पर्यटन के क्षेत्र में भारत एक बड़ा हब बनेगा: गजेन्द्र सिंह शेखावत

## केंद्रीय और प्रदेश के पर्यटन, संस्कृति मंत्री ने बुद्ध का किया दर्शन पूजन





**कुशीनगर।** केंद्रीय पर्यटन, संस्कृति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत और प्रदेश के पर्यटन, संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह मुख्य महापरिनिर्वाण मंदिर पहुंचे जहां भिक्षु संघ कुशीनगर के अध्यक्ष एबी ज्ञानेश्वर, भंते डॉ नन्द रतन, भंते अशोक, भंते नंदिका और भिक्षुओं के धम्म वंदना के बीच सांसद विजय कुमार दूबे, पूर्व केंद्रीय मंत्री कुंवर आरपीएन सिंह, पूर्व सांसद राजेश पांडेय, भाजपा जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय, राजेश्वर सिंह, पूर्व विधायक रजनीकांत मणि त्रिपाठी, नपा अध्यक्ष किरन जायसवाल व उनके प्रतिनिधि राकेश जायसवाल संग चीवर चढ़ाया और स्तूप की परिक्रमा की। केंद्रीय मंत्री श्री सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश पर्यटन विकास की इबारत लिख रहा है। देश के विभिन्न क्षेत्रों में पर्यटन विकास की अपार संभावनाएं हैं। पर्यटन विकास की संभावनाओं को देखते हुए केंद्र सरकार, राज्य सरकार के पर्यटन विभाग समन्वित रूप से टीम बनाकर भविष्य की योजनाओं पर काम करेगी। जल निकासी, कांच का ध्यान केंद्र, रैंप निर्माण, पर्यटन विकास के लिए आए धन की रिपोर्ट मांगी, संस्कृति विभाग की भूमि को एक करने, एनएच 28 से बुद्ध मार्ग तक रोड कनेक्टिविटी, बीच में पड़ने वाली किसानों की जमीनों को चेंज करने आदि के निर्देश प्रशासन, पुरातत्व, पर्यटन को निर्देश दिए। इस दौरान पुरातत्व के रीजनल डायरेक्टर भोपाल भुवन विक्रम व उप निदेशक पर्यटन रविन्द्र कुमार, जिलाधिकारी विशाल भरद्वाज, सीडीओ गुंजन द्विवेदी, उपजिलाधिकारी परितोष मिश्रा, तहसीलदार धर्मवीर सिंह, क्षेत्राधिकारी कुंदन कुमार सिंह, एसएचओ कसया ओमप्रकाश तिवारी, लेखपाल नीलेश रंजन राव, गाइड डॉ अभय कुमार राय, अधीक्षक पुरातत्वविद अविनाश मोहंती, सहायक संरक्षण पुरातत्व शादाब खान, सहायक पर्यटन सूचना अधिकारी प्राण रंजन, डॉ अनिल कुमार सिन्हा, सभासद केशव सिंह, सुमिति त्रिपाठी, गोपालजी राय सहित अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

## संक्षिप्त डायरी

### नाबालिगों को नहीं मिलेगा पेट्रोल:गोंडा डीएम का आदेश,



**गोंडा।** सड़क सुरक्षा को लेकर बैठकर कड़े कदम उठाए गए हैं। जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक की। बैठक में परिवहन और पुलिस विभाग के अधिकारी मौजूद रहे। डीएम ने स्कूली बच्चों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता बताया। उन्होंने कहा कि इसकी जिम्मेदारी शिक्षण संस्थानों और अभिभावकों की भी है। उन्होंने 18 वर्ष से कम उम्र के वाहन चालकों को पेट्रोल न देने के आदेश दिए। साथ ही बिना हेलमेट वाहन चालकों को भी पेट्रोल देने पर रोक लगाई गई है। सड़क सुरक्षा को मजबूत करने के लिए दुर्घटना संभावित क्षेत्रों (ब्लैक स्पॉट) को चिह्नित करने के निर्देश दिए गए हैं। नियमों का उल्लंघन करने पर होगी कार्रवाई इन स्थानों पर होर्डिंग और बैनर लगाकर लोगों को जागरूक किया जाएगा। डीएम ने एआरटीओ, पुलिस और जिला पूर्ति अधिकारी को नियमों का कड़ाई से पालन कराने के निर्देश दिए। सड़क सुरक्षा के लिए वाहनों में बैकलाइट, हेडलाइट और इंडिकेटर का प्रयोग अनिवार्य किया गया है। दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट और चार पहिया वाहन चालकों को सीट बेल्ट का प्रयोग करना होगा। नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### सगाई समारोह में 40 से अधिक फूड प्वाइजनिंग का शिकार



**गोंडा।** नगर कोतवाली क्षेत्र के होटल सॉलिटेयर में आयोजित एक सगाई समारोह में खुशियों की जगह अफरातफरी मच गई। दूषित भोजन खाने से वर-वधू पक्ष समेत 40 से ज्यादा लोग फूड पॉइजनिंग का शिकार हो गए। रात में भोजन करने के बाद सुबह होते ही लोगों को उल्टी-दस्त की शिकायत होने लगी। हालत बिगड़ने पर 12 से ज्यादा लोगों को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराना पड़ा। कैटरर पर लापरवाही का आरोप, शिकायत के बाद हुआ फरार पटेल नगर निवासी अशोक कुमार जायसवाल की छोटी बेटी की सगाई का कार्यक्रम चल रहा था। खानपान की जिम्मेदारी गुरदीप इवेंट (बंटी कैटर्स) को सौंपी गई थी। पीड़ित परिवार का आरोप है कि कैटरिंग सर्विस ने पुराना और खराब खाना परोसा। जब अशोक जायसवाल की पत्नी रविबाला और बेटी प्रिया ने कैटरर बंटी से शिकायत की, तो उसने आरोपों को नकार दिया और बकाया पैसे लेकर फरार हो गया। बीमार लोगों में अशोक की बड़ी बेटी प्रिया, उनकी नवजात बच्ची और 7 माह की गर्भवती दीपिका जायसवाल भी शामिल हैं। परिवार को दीपिका की हालत को लेकर गंभीर चिंता है। फूड पॉइजनिंग का सबसे ज्यादा असर बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों पर पड़ा है। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस ने अशोक कुमार जायसवाल की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस कैटरर और आयोजन से जुड़े अन्य लोगों से पूछताछ कर रही है। फिलहाल अस्पताल में भर्ती लोगों की हालत में सुधार हो रहा है, लेकिन इस घटना ने सगाई की खुशियों को मातम में बदल दिया।

### लखनऊ में ऑपरेशन के बाद महिला की मौत:परिजनों का हंगामा



**लखनऊ।** के वेलसन हॉस्पिटल में मंगलवार दोपहर इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई। परिजनों ने डॉक्टरों पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाकर हंगामा शुरू कर दिया। परिजनों ने कहा- बिना अनुमति के दूसरी बार ऑपरेशन किया गया। पुरानी केस समरी में हेराफेरी की गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले को शांत करवाया। पुलिस ने शव को कब्जे में लिया, लेकिन परिजनों की पोस्टमॉर्टम नहीं कराने की जिद पर पंचनामा भर उनको सौंप दिया। मृतका के भाई अभिषेक कुमार ने बताया कि बहन दर्शिका (30) पत्नी सौरभ सचान जानकीपुरम में रहती हैं। वह गर्भवती थीं, जिनका तेलीबाग स्थित जावित्री अस्पताल से इलाज चल रहा था। 13 फरवरी को अस्पताल में भर्ती करवाया गया था। उन्होंने बताया कि अगले दिन सीजेरियन ऑपरेशन से बेटे को जन्म दिया, लेकिन डॉक्टरों की लापरवाही के कारण अत्यधिक रक्तस्राव के चलते हालत अत्यन्त गंभीर हो गई थी। बिना किसी परिवारीजन के सहमति से दोबारा ऑपरेशन कर दिया गया। हालत गंभीर होने पर आनन-फानन में उन्हें वृंदावन कॉलोनी स्थित विल्सन हास्पिटल में रेफर कर दिया गया। जहां उपकरण एवं दवाओं पर रखा गया। गलत ऑपरेशन कर नस काट दी अभिषेक ने बताया कि बहन की हालत बेहद नाजुक बताई गई। उन्होंने आरोप लगाया कि जावित्री अस्पताल के चिकित्सकों ने गलत ऑपरेशन कर नस काट दी थी, जिससे अत्यधिक रक्तस्राव होने के कारण रोगी को सेप्टिक शॉक हो गया। इसके बाद मौत हो गई। केस समरी देने में आनाकानी परिजनों ने विल्सन अस्पताल परिसर में हंगामा शुरू कर दिया। जावित्री अस्पताल का रेफरल लेटर एवं केस समरी मांगी। परिजनों का आरोप है कि विल्सन अस्पताल ने इसे उपलब्ध कराने में आनाकानी की। पुलिस ने दोनों पक्षों को समझाया। पहले भी लग चुके आरोप इसके पहले भी जावित्री अस्पताल पर इलाज में लापरवाही और डॉक्टर पर मनमानी के आरोप लग चुके हैं। 2020 में जावित्री हॉस्पिटल में ही महिला का ऑपरेशन हुआ था, जिसमें बच्चे की डेथ हो गई थी। उस समय भी परिजनों ने हंगामा किया था। इंस्पेक्टर पीजीआई रवि शंकर त्रिपाठी ने बताया कि परिजनों ने जावित्री अस्पताल के डॉक्टरों पर इलाज में लापरवाही का आरोप लगाया है।

# मुठभेड़ के बाद 4 अपराधी गिरफ्तार

## :फायरिंग के बाद एक घर में घुसे थे, ढाई घंटे चला पुलिस-एसटीएफ का ऑपरेशन





**पटना ।** के कंकड़बाग इलाके में मंगलवार को पुलिस और अपराधियों के बीच मुठभेड़ हुई। ढाई घंटे चले ऑपरेशन में टीम ने चारों अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया है। एक घर के बाहर फायरिंग करते हुए 4 अपराधी इमारत के अंदर घुसे थे, इन्हें पकड़ने के लिए पुलिस और STF भी बिल्डिंग के अंदर घुसी थी। इससे पहले 5 मंजिला बिल्डिंग को घेरकर ऑपरेशन चलाया गया। अपराधियों से लगातार सरेंडर करने को कहा गया, लेकिन वो नहीं माने। इसके बाद फोर्स अंदर दाखिल हुई। करीब ढाई घंटे चले ऑपरेशन में रुक-रुककर गोलीबारी होती रही। बिल्डिंग में आम लोग थे, इसलिए धैर्य से काम लिया पटना SSP अवकाश कुमार ने बताया, 'पुलिस रामलखन सिंह पथ इलाके में जमीनी विवाद मामले की जांच के लिए पहुंची थी। जांच के दौरान ही अपराधियों की तरफ से पुलिस पर फायरिंग की गई। फायरिंग करते हुए वे मकान के अंदर भाग गए थे।' बिल्डिंग में आम नागरिक भी थे, इसलिए पुलिस ने बहुत ही धैर्य से काम लिया। पुलिस की तरफ से कोई फायरिंग नहीं की गई। सभी आम नागरिक सुरक्षित हैं। हमने 4 अपराधियों को हिरासत में लिया है। ऐसा लग रहा है कि कुछ अपराधी भागने में सफल हुए हैं, जिनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी इस ऑपरेशन में पुलिस, STF के साथ ही करीब 5 थानों के SHO और 80 से ज्यादा पुलिसकर्मी शामिल थे। अपराधी कंकड़बाग में रहने वाले धर्मेंद्र सिंह नाम के व्यक्ति के मकान में छिपे थे। ऑपरेशन के दौरान फोर्स ने आसपास के सभी लोगों के घरों के खिड़की दरवाजे बंद करवा दिए।

## ट्रेन का गेट नहीं खोलने पर यात्रियों ने रोकी ट्रेन

### सासाराम स्टेशन पर लोगों ने किया हंगामा




**रोहतास।** के सासाराम रेलवे स्टेशन पर शनिवार की देर रात प्लेटफॉर्म नंबर-2 पर खड़ी एक ट्रेन में आरक्षित टिकट धारक यात्रियों को नहीं चढ़ने दिए जाने से नाराज होकर कुछ लोगों ने ट्रेन को रोक दिया। बता दें कि कुंभ मेले के कारण सासाराम स्टेशन पर इन दिनों यात्रियों की भारी भीड़ देखी जा रही है। यात्रियों ने बताया कि आरक्षित टिकट होने के बावजूद ट्रेन के दरवाजे नहीं खोले जा रहे थे। इससे नाराज होकर कुछ यात्री ट्रेन के इंजन के सामने आ गए और ट्रेन को आगे बढ़ने से रोक दिया। कहा कि जब तक आरक्षित यात्रियों को ट्रेन में नहीं बैठाया जाएगा, वे ट्रेन को नहीं जाने देंगे। वहीं अब इस घटना का वीडियो वायरल हो रहा है। आरपीएफ की मदद से खुलवाए गए दरवाजे मामले की गंभीरता को देखते हुए रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) के जवानों को हस्तक्षेप करना पड़ा। आरपीएफ की मदद से विभिन्न कोच के दरवाजे खोले गए और आरक्षित यात्रियों को ट्रेन में बैठाया गया। इसके बाद ही ट्रेन को रवाना किया जा सका। स्टेशन सूत्रों के अनुसार, कुंभ यात्रियों की बढ़ती भीड़ के कारण कई ट्रेनों में यात्रियों को चढ़ने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

## 300 श्रद्धालु समहुता से प्रयागराज रवाना



**रोहतास।** आदर्श ग्राम पंचायत समहुता से महाकुंभ जाने के लिए रविवार की रात आठ बजे निःशुल्क चार बसें और दो पिकअप से यात्रियों को रवाना किया गया। बताया जा रहा है कि करीब तीन सौ महिला-पुरुष श्रद्धालु प्रयागराज के लिए रवाना हुए हैं। पैक्स अध्यक्ष कृष्णनंदन सिंह ने झंडी दिखा कर सभी को रवाना किया। जयप्रकाश ठाकुर ने बताया गया कि लोग प्रयागराज के बाद अयोध्या, विंध्याचल और बनारस मंदिर में जाएंगे। मौके पर मुखिया रंजीत कुमार , राकेश सिंह, अमन राज, अमितेश सिंह, मृत्युंजय सिंह, विवेक कुमार, रंजन कुमार, जलील सिद्दीकी, जयप्रकाश ठाकुर, राजू शाह, अर्जुन गुप्ता, संतन पासवान, धनंजय पासवान आदि थे।

## नगर पंचायत के सफाईकर्मी की निर्मम हत्या



**छपरा।** के मसरख में नगर पंचायत में कार्यरत सफाई कर्मी मोहन बांसफोड़ (40) की निर्मम हत्या कर दी गई। मोहन सोमवार शाम से लापता थे और मंगलवार को उनका शव घोघड़ी नदी किनारे झाड़ियों से बरामद हुआ। मृतक के भतीजे गुड्डू कुमार ने बताया कि मोहन सोमवार शाम को सब्जी खरीदने बाजार गए थे और वापसी में नदी की तरफ चले गए। देर रात तक घर नहीं लौटने पर परिजनों ने खोजबीन की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। मंगलवार को ग्रामीणों ने नदी किनारे शव देखा और पुलिस को सूचित किया। धारदार हथियार से गला रेतकर की हत्या शव की जांच से पता चला है कि मोहन की हत्या धारदार हथियार से गला रेतकर की गई है। घटनास्थल पर खून बिखरा मिला है। प्रारंभिक जांच से यह प्रतीत होता है कि हत्या में दो-तीन लोगों का हाथ हो सकता है। मसरख थानाध्यक्ष ने बताया कि पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। परिजनों की शिकायत के आधार पर पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है और जल्द ही हत्यारों को पकड़ने का दावा किया है।

## यूपी सीएम और डीजीपी से मिला आर.जे.डी प्रतिनिधिमंडल



**पटना ।** सासाराम की छात्रा स्नेहा की संदिग्ध मौत के मामले में न्याय की मांग तेज हो गई है। सोमवार को राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) का एक प्रतिनिधिमंडल उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और पुलिस महानिदेशक से मिला। औरंगाबाद सांसद अभय कुशवाहा के नेतृत्व में गए प्रतिनिधिमंडल में सासाराम विधायक राजेश कुमार गुप्ता, वाराणसी जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम मौर्या और पीड़ित परिवार भी शामिल था। मुख्यमंत्री योगी ने मामले की निष्पक्ष जांच का आश्वासन दिया। डीजीपी ने जांच के लिए दो पुलिस अधीक्षकों की नियुक्ति की घोषणा की और 15 दिनों के भीतर ठोस परिणाम का वादा किया। उन्होंने वाराणसी पुलिस कमिश्नर को पीड़ित परिवार की हर संभव मदद करने का निर्देश भी दिया। तेजस्वी यादव ने की पीड़ित परिवार से बात बिहार के नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने स्नेहा के माता-पिता सुनील सिंह और जूही देवी से फोन पर बात कर उन्हें न्याय दिलाने का आश्वासन दिया। आरजेडी ने चेतावनी दी है कि अगर 15 दिनों में ठोस कार्रवाई नहीं हुई तो पार्टी आंदोलन करेगी। पार्टी ने स्पष्ट किया कि वह पीड़ित परिवार के साथ खड़ी है और राज्य सरकार के कदमों पर नजर रखे हुए है। ज्ञात हो कि भेलूपुर थाना के जवाहर विस्तार में एक छात्रावास मेंनीट की तैयारी कर रही 17 वर्षीय छात्रा स्नेहा सिंह के मौत की खबर परिजनों को 2 फरवरी को मिली थी। छात्रा ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली या साजिश के तहत उसकी हत्या कर दी गई, ना खुलासा हुआ ना कोई कार्रवाई हुई। वह पिछले दो साल से दुगाकुंड स्थित एक कोचिंग संस्था से मेडिकल की तैयारी कर रही थी। यहां प्रश्न उठता है कि जब परिवार वाले शव को अपने पैतृक गांव सासाराम के तकिया लाना चाह रहे थे तो पुलिस ने वाराणसी में ही दाह संस्कार क्यों कर दिया। इन्हीं सब मामले की जांच की मांग को लेकर राजद का प्रतिनिधिमण्डल आज यूपी की राजधानी पहुँच सीएम योगी और डीजीपी से मुलाकात की।

## स्नेहा हत्याकांड में नाथूपुर SHO पर कार्रवाई की मांग



**वाराणसी।** के एक छात्रावास में नीट की छात्रा स्नेहा की संदिग्ध मौत मामले में चेनारी के पूर्व विधायक ललन पासवान ने पीड़ित परिवार से मुलाकात की। उन्होंने नाथूपुर एसएचओ पर धारा 302 का मुकदमा चलाने की मांग की है।पासवान ने कहा कि स्नेहा की मौत छात्रावास संचालक और थाना प्रभारी की मिलीभगत का नतीजा है। उन्होंने छात्रावास संचालक के बेटे पर भी घटना में शामिल होने की आशंका जताई। पूर्व विधायक ने आरोप लगाया कि पुलिस पैसे के बल पर आरोपियों को बचाने का प्रयास कर रही है। स्नेहा की मौत से लोगों में गुस्सा 1 फरवरी को स्नेहा की मौत के बाद से सासाराम में लोगों का गुस्सा लगातार बढ़ रहा है। न्याय की मांग को लेकर लोग विरोध प्रदर्शन और कैंडल मार्च निकाल रहे हैं। सोशल मीडिया पर भी 'जस्टिस फॉर स्नेहा' अभियान चल रहा है। इस मामले में जदयू नेता भगवान सिंह कुशवाहा, पवन सिंह की पत्नी ज्योति सिंह और उपेंद्र कुशवाहा समेत कई राजनीतिक नेता पीड़ित परिवार से मिल चुके हैं। सभी ने न्याय दिलाने का आश्वासन दिया है। बादल हत्याकांड के बाद स्नेहा हत्याकांड ने सासाराम को एक बार फिर सुर्खियों में ला दिया है।

## 'सीएम ने बीपीएससी 70वीं री-एग्जाम की मांग पूरी करने को कहा

### गर्दनीबाग पहुंचे खान सर बोले- मुख्यमंत्री को जानकारी मिल गई है





**पटना ।** BPSC 70वीं PT को रद्द करवाने की मांग लेकर कैंडिडेट्स का प्रदर्शन आज दूसरे दिन भी जारी है। मंगलवार को खान सर ने कहा ' सीएम नीतीश को रि एग्जाम की बात पता चल गई है। उन्होंने दीपक सर (यानी सीएम के प्रधान सचिव ) को कहा है कि इन लोगों की जो मांग है, उसे पूरी करा दीजिए। हमलोग उनसे रिक्वेस्ट करते हैं कि सीएम सर दीपक सर मिलकर रि-एग्जाम करवा दें। मंगलवार को दूसरे दिन भी खान सर कैंडिडेट्स के साथ गर्दनीबाग धरना स्थल पर पहुंच हैं। उन्होंने कहा कि अपनी मांग के बहुत करीब पहुंचे हैं। हम लोग वकालत करने जा रहे हैं। अपना केस खुद लड़ेंगे। बच्चों के साथ अन्याय नहीं होने देंगे। गर्दनबीग में खान सर हाथों में चूड़ी और पायल लेकर प्रदर्शन कर रहे। सोमवार को शिक्षक खान सर ने कहा था कि जब तक सरकार और आयोग री-एग्जाम की मांग को नहीं मानती है। तब तक हमारा प्रदर्शन जारी रहेगा। आज इससे भी ज्यादा संख्या में भीड़ जुटेगी। उन्होंने कहा, 'हम लोग लड़ाई जीत गए हैं। सरकार भी अब ये बात मान चुकी है कि री-एग्जाम करना हमारी मजबूरी है। मजिस्ट्रेट, प्रशासन, BPSC, सचिवालय सब ये मान चुके हैं। सारे सबूत हमारे पक्ष में हैं।' शिक्षक खान सर के मुताबिक, 'खगड़िया, भागलपुर में क्वेश्चन पेपर टिक मारकर कुछ लोगों के साथ शेयर किया गया है। सीवान, मोतिहारी में भी धांधली हुई है। सबका CCTV देंगे। 22 सेंटर पर परीक्षा लेकर नॉर्मलाइजेशन किया गया है। सरकार हमें मजबूर न करें, नहीं तो गांधी मैदान में लाखों की भीड़ जुटेगी। बड़ा आंदोलन करेंगे।' सोमवार को गर्दनीबाग में हुए प्रदर्शन के दौरान खान सर ने कहा था कि, 'हम लोगों की सिर्फ एक ही मांग है री-एग्जाम। एग्जाम में धांधली हुई है। कोई गलत डिमांड नहीं कर रहे हैं। सरकार के हित में री-एग्जाम होगा। सरकार अगर चाहती है कि नाराजगी न झेले और 2025 का फैसला उनके फेवर में हो तो री-एग्जाम करवा दे। 'हमने हाईकोर्ट में सबूत दे दिया है और सरकार को री-एग्जाम करानी ही पड़ेगी। हम प्रधानमंत्री मोदी जी से भी कहते हैं कि वे भी इसमें हस्तक्षेप करें। बिहार में आपकी डबल इंजन की सरकार है। डबल इंजन की सरकार सिर्फ हॉर्न बजाने के लिए नहीं है।' 'सरकार से गुजारिश है कि वे बच्चों के गुस्से को नफरत में नहीं बदलने दें। आज यहां जितनी संख्या में बच्चे आए हैं, कल इससे दोगुनी संख्या में आएंगे। इसलिए हम लोगों की मांग है री-एग्जाम। नहीं तो कोर्ट में बच्चों की जीत हो रही है।' री-एग्जाम का मामला पटना हाईकोर्ट में भी चल रहा है। इस मामले में पहली सुनवाई 16 जनवरी को हुई थी।

सुनवाई के दौरान हाई कोर्ट ने 30 जनवरी से पहले BPSC को एफिडेविट देने को कहा था। हालांकि, कोर्ट ने PT एग्जाम पर रोक लगाने से इनकार कर दिया था। इसके बाद कई बार मामला लिस्टेड भी हुआ पर सुनवाई नहीं हुई। BPSC 70वीं PT री-एग्जाम को लेकर प्रशांत किशोर की पार्टी जनसुराज समेत कई अन्य याचिकाएं पटना हाई कोर्ट में दायर की गई है। इसे अब एक साथ जोड़ दिया गया है।

### संक्षिप्त डायरी

## मैट्रिक परीक्षा को ध्यान में रख बनाया गया है ट्रैफिक प्लान



**पटना ।** सासारामे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार 19 फरवरी बुधवार को प्रगति यात्रा के दौरान रोहतास जिले में आएंगे। सीएम की प्रगति यात्रा से संबंधित जानकारी देने के लिए डीएम उदिता सिंह ने सोमवार को अपने कक्ष में पत्रकार वार्ता की। डीएम ने बताया कि मुख्यमंत्री चेनारी, बिक्रमगंज, संझौली प्रखंड के प्रस्तावित स्थलों का निरीक्षण करेंगे। इसके बाद जिला मुख्यालय सासाराम में समीक्षा बैठक करेंगे। सीएम की यात्रा के बारे में जानकारी देते हुए डीएम ने बताया कि सीएम नीतीश कुमार की यात्रा जिले में तीन स्थलों पर प्रस्तावित है। पहला लोकेशन चेनारी प्रखंड के मल्हीपुर पंचायत में रहेगा। इसके बाद सीएम बिक्रमगंज के घुसियाखुर्द पंचायत और संझौली प्रखंड के बाजितपुर पंचायत का दौरा करेंगे। इसके बाद सीएम जिला मुख्यालय सासाराम पहुंचेंगे। वहां जिले के विभिन्न योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। इसके बाद डीआरडीए सभागार में योजनाओं की समीक्षा बैठक करेंगे। वहीं, एसपी रौशन कुमार ने बताया कि सीएम की यात्रा को लेकर सासाराम शहर, बिक्रमगंज और चेनारी में ट्रैफिक व्यवस्था में परिवर्तन किया गया है। सीएम के यात्रा के दौरान भारी वाहनों का प्रवेश पूरी तरह से वर्जित रहेगा। एसपी ने कहा कि 19 फरवरी को समय से पहले परीक्षा भवन के लिए निकले ताकि कही जाम का सामना नहीं करना पड़े। सासाराम मैट्रिक की परीक्षा सोमवार को जिले के 61 केन्द्रों पर शांतिपूर्ण एवं कदाचारमुक्त माहौल में शुरू हुई। रोहतास महिला कॉलेज परीक्षा केंद्र से एक नकलची को पकड़ा गया। पहले दिन मातृभाषा विषय की परीक्षा दोनों पालियों में हुई। परीक्षा को लेकर शहर में सुबह से ही गहमा-गहमी बढ़ने लगी थी। पहले दिन की परीक्षा में कुल 51300 परीक्षार्थियों को शामिल होना था। जिसमें 50390 उपस्थित हुए व 910 अनुपस्थित रहे। शिक्षा विभाग के अनुसार पहली पाली में 25274 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए एवं 436 गैरहाजिर रहे। वहीं, दूसरी पाली में 25116 परीक्षार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया। जबकि, 474 छात्रों ने परीक्षा छोड़ दी। डीईओ मदन राय ने बताया की सभी केन्द्रों पर शांतिपूर्ण ढंग से परीक्षा सम्पन्न हुई। मैट्रिक की परीक्षा शुरू होने के साथ ही हरेक केंद्र पर कड़ी चौकसी शुरू कर दी गई। सभी केंद्रों पर परीक्षा प्रारंभ होने के पूर्व ही छात्र-छात्राओं की तलाशी ली गई। छात्राओं की तलाशी के लिए तमाम केंद्रों पर महिला शिक्षिका अथवा महिला पदाधिकारी की तैनाती दिखी। परीक्षा के दौरान सुबह से ही कड़ी चौकसी होने के कारण कहीं से गड़बड़ी की सूचना नहीं मिली। परीक्षा में कदाचार की कोई सम्भावना ना बने इसके लिए केन्द्रों पर प्रवेश के पहले ही छात्रों की गहन तलाशी ली गई। परीक्षा की कराई जा रही वीडियोग्राफी डीईओ ने बताया केन्द के अंदर सीसी कैमरा व केन्द्रों के बाहर वीडियोग्राफी के माध्यम से परीक्षार्थियों पर पैनी नजर रखी जा रही है। पहले दिन की परीक्षा शुरू होने के साथ प्रशासन द्वारा दिखाई गई सख्ती को देखकर अभिभावक परीक्षा केंद्र के आसपास भी नहीं नजर आए। छात्र- छात्राओं को परीक्षा केंद्रों पर पहुंचाने के बाद अधिकांश अभिभावक केंद्र से दूर चले गए। यहीं कारण रहा कि परीक्षा केंद्रों पर सुबह से ही शांति का माहौल कायम रहा

## 34 अभ्यर्थियों को दिये गये स्टडी व टूल किट



**पटना ।** अवर प्रादेशिक नियोजनालय डालमियानगर की ओर से बेरोजगार युवाओं को नियोजन सहायता उपलब्ध कराने के क्रम में स्टडी किट एवं टूल किट वितरण किया गया। सहायक निदेशक सुबोध कुमार ने बताया कि नियोजन- सह- मार्गदर्शन कार्यक्रम के तहत प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी करने वाले तथा 31 अभ्यार्थियों को पुस्तकें स्टडी किट के रूप में दी गयीं। मान्यता प्राप्त संस्थान से प्रशिक्षित तीन अभ्यर्थियों को स्वरोजगार के लिए ट्रेड टूल किट निःशुल्क दी गयी। दिसंबर में 43 अभ्यर्थियों को स्टडी और 19 अभ्यर्थियों को टूल किट उपलब्ध करायी गयी थी। उन्होंने बताया कि टूल किट एवं स्टडी किट आर्थिक रूप से कमजोर बेरोजगार युवाओं के लिए रोजगार एवं स्वरोजगार से जोड़ने में सहायक है। पुस्तकों के अभाव में आर्थिक रूप से कमजोर अभ्यर्थी प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी सही ढंग से नहीं कर पाते हैं। स्टडी किट परीक्षा की तैयारी में मदद करेगी। इसी प्रकार तकनीकी प्रशिक्षण प्राप्त अभ्यर्थी टूल किट का उपयोग स्वरोजगार के रूप करते हुए आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन सकेंगे। इन योजनाओं का लाभ उन्हीं को मिलता है जो नियोजनालय में छह माह पूर्व निबंधित हों। वार्षिक आय 1 लाख 80 हजार से कम होना चाहिए, बिहार राज्य का निवासी होना चाहिए एवं अभ्यर्थी द्वारा प्रतियोगी परीक्षा का भरे हुए फार्म की छायाप्रति तथा केन्द्र या राज्य सरकार से मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान से कम से कम 3 माह का प्रशिक्षण प्राप्त होना चाहिए।

## अभिनव कला का होली मिलन नौ को




**पटना ।** डेहरी सदरे अभिनव कला की बैठक सोमवार को संस्था के अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इसका संचालन जीवन प्रकाश गुप्ता ने किया। इस दौरान बीते दिनों आयोजित गजल संध्या कार्यक्रम की समीक्षा की गयी। साथ ही आगामी कार्यक्रम का निर्णय भी लिया गया। बताया कि आगामी 9 मार्च को संस्था द्वारा होली मिलन समारोह आयोजित किया जायेगा। इसका स्थान और समय अगली बैठक में सुनिश्चित किया जाएगा। बैठक में उपाध्यक्ष मुन्ना सिंह, सचिव नंदन कुमार, मुकेश कुमार, कलाम हाशमी, अरुण शर्मा, विजय चौरसिया, शादाब सिद्दीकी, मनोज पांडेय, प्रेम प्रकाश, संजय गुप्ता, पंकज कुमार, अजय कुमार सिन्हा, सुनील कुमार, नरेंद्र कुमार, पवन कुमार मिश्रा थे।

# बाइक राइडिंग का रखते हैं शौंक तो बेस्ट हैं ये जगहें!



अगर आप भी काम करते-करते थक गए हैं और बाइंकिग का भी शौंक रखते हैं तो और किसी छोटे वेकेशन की प्लानिंग कर रहे हैं तो निकल जाएं इन शानदार सड़कों के सफर पर। जहां ऊंचे पहाड़, गहरे झरने खूबसूरत हरे-भरे जंगल आपका इंतजार कर रहे हैं। ऐसी जगह खास तौर पर उन लोगों के लिए अच्छी है जो कि बाइक राइडिंग के शौकीन हैं। यहां पर आप कुदरती नजारों, पहाड़ों, झरनों का भी मजा ले सकते हैं। आइए जानते है उन जगहों के बारे में....



### 1. लेह, लद्दाख

चारो तरफ पहाड़ों से घिरे इस रूट पर ड्राइविंग का अपना एक अलग ही मजा आता है। ऊंचे पहाड़ों के बीच से निकलता खारदूंगला रोड, जो दुनिया भर में अपनी ऊंचाई के लिए जाना जाता है पर घूमने का अलग ही मजा है। इसके अलावा यहां का मैग्नेरटिक रोड खासतौर से मशहूर है। यहां पर टूरिस्ट अप्रैल से अगस्त तक बाइक राइडिंग करने के लिए आते हैं।

### 2.स्पीति वैली, हिमाचल

लद्दाख से थोड़ी ही दूर हिमाचल की स्पीति वैली हैं। बाइक से स्पीती वैली तक पहुंचने के लिए काजा, टैबो, स्पीती और पीन वैली जैसी कई खूबसूरत जगहें देखने को मिलती हैं। यहां पर सड़कों के किनारे सेब, खूबानी के पेड़ और सतलुज नदी की खूबसूरती के साथ प्राचीन मंदिरों को भी देख सकते है।

### 3.वालपराई और वाझाचल फॉरेस्ट

बाइक राइडिंग के लिए यह सबसे बेस्ट रूट है। यहां राइडिंग के दौरान घने, हरे-भरे जंगल और कई सारे छोटे-छोटे वाटर फॉल्स का नजारा देखने को मिलता है।।

### 4.गोवा, मुंबई

इंडिया के बिजनेस कैपिटल मुंबई से गोवा तक बाइक से सफर करना भी काफी मजेदार है। अमेरिका के 101 हाइवे से काफी मिलती-जुलती इस सड़क को इंडिया में बेस्ट कोस्टल राइडिंग के लिए जाना जाता है।

### 5.वेस्टर्न, अरुणाचल प्रदेश

हिमालय की ऊंची चोटियों को राइडिंग के वक्त देखना बहुत ही अच्छा एक्सपीरिएंस होता है। हालांकि यहां सड़कों की कमी है जिसके चलते ऊंचे-नीचे पहाड़ी रास्तों से गुजरना होता है। सफर के दौरान बर्फ से ढकी सड़कें, ट्राइबल कल्चर और उनकी अलग सी लाइफस्टाइल को कैमरे में आसानी से कैद किया जा सकता है।

### 6. जैसलमेर, जयपुर


दोनों तरफ रेगिस्तारन और बीच में हाईवे का सफर में आपको राजस्थानी कल्चर देखने के कई मौके मिलते हैं। इसके साथ ही बीच-बीच में जोधपुर, ओसियां, पोकरन जैसे स्टॉकपेज आते हैं जो आपकी सैर को और भी मजेदार बनाएंगे।




# खूबसूरत कुदरती नज़ारों और बीचों की सैर करनी है तो जाएं अंडमान-निकोबार



**एलीफेंट बीच अंडमान के मशहूर बीचों में से एक है। हैवेलॉक द्वीप पर स्थित इस बीच तक आप नाव से या फिर जंगल ट्रेक करके पहुंच सकते हैं। नीले पानी और चमकदार रेत वाले इस बीच पर आकर आपको बहुद सुकून मिलेगा। यह बीच शानदार कोरल रीफ और स्नॉर्कलिंग के लिए भी जाना जाता है। छुट्टियों में परिवार के साथ यदि आप भीड़भाड़ से अलग शांति और सूकुन वाली जगह की तलाश में है तो अंडमान-निकोबर बेस्ट जगह है। खूबसूरत कुदरती नज़ारों और साफ समुद्री तटों वाले अंडमान की शांति और सुंदरता हर किसी का मन मोह लेती है।**









### साफ-सुंदर बीच

पानी से अटखेलियां करना पसंद है तो अंडमान के बीच आपको बुला रहे हैं। यहां के साफ पानी में आप स्कूबा डाइविंग, स्विमिंग, स्कीइंग, पैरास्लाइडिंग, बनान बोट राइड, अंडर वॉटर वॉकिंग आदि एडवेंचर गेम्स का मजा ले सकते हैं। स्कूब डाइविंग के दौरान समुद्र के नीचे रंग-बिरंगी मछलियों से मिलने का अनुभव यादगार बन जाएगा। यहां के बीच अपनी खूबसूरती और स्वच्छता के लिए मशहूर हैं। बीचों की सफेद और चमकीली रेत पर लेटकर जूस और कोल्ड ड्रिंक का मजा लें। क्योंकि अंडमान अपने बीचों के लिए ही मशहूर है तो कुछ खास बीचों की सैर करना न भूलें।

### एलीफेंट बीच

यह अंडमान के मशहूर बीचों में से एक है। हैवेलॉक द्वीप पर स्थित इस बीच तक आप नाव से या फिर जंगल ट्रेक करके पहुंच सकते हैं। नीले पानी और चमकदार रेत वाले इस बीच पर आकर आपको बहुद सुकून मिलेगा। यह बीच शानदार कोरल रीफ और स्नॉर्कलिंग के लिए भी जाना जाता है।

### राधानगर बीच

हैवलॉक द्वीप पर स्थित यह बीच भी बहुत मनोरम हैं यहां के दृश्य बेहद सुंदर हैं। अंग्रेजी मैगजीन टाइम द्वारा इसे भारत के सबसे अच्छे बीचों में से एर माना गया और पूरी दुनिया का यह सांतवा बेस्ट बीच है। फोटोशूट के लिए यह बीच एकदम परफेक्ट हैं तो यदि आप अंडमान जाएं तो इस बीच पर फोटो खिंचवाना न भूलें।

### विजयनगर बीच

यह बीच भी अंडमान के बेस्ट बीचों में से एक है जो सैलानियों के बीच बहुत पॉप्युलर है। यहां का पानी बहुत साफ है और वातावरण स्वच्छ और सुंदर। यहां आप स्वीमिंगस बोटिंग, सर्फिंग और फोटोग्राफी का मजा ले सकते हैं। अंडमान के बीच फिलहाल अन्य जगहों के बीचों से साफ और सुंदर है, तो आप यदि कुदरत की गोद में सुकून भरे पल बिताना चाहते हैं तो अगली छुट्टी अंडमान में बिताएं।

### काला पत्थर बीच

यह बीच भी बहुत सुंदर और शांत है। परिवार के साथ सुकून भरे तो पल बिताने वालों के लिए यह परफेक्ट जगह है। यहां की रेत चांदी की तरह चमकती है। इस बीच पर आप सनबाथ का मजा ले सकते हैं।

### बेस्ट टाइम

572 छोटे-बड़े द्वीपों से मिलकर बना है अंडमान। यह देश के सबसे आकर्षक टूरिस्ट प्लेसेज में से एक है। सिंतबर से लेकर मार्च तक का समय यहां जाने के लिए सबसे अच्छा है, क्योंकि तब आप यहां की कुदरती खूबसूरती के साथ ही सुहावने मौसम का पूरा मजा ले सकेंगे।

# मलेशिया है बेहद ही खूबसूरत, बिताए गर्मियों की छुट्टियां



**मलेशिया की राजधानी क्वालालम्पुर के अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर कदम रखते ही मुझे लगा कि मैं यूरोप, आस्ट्रेलिया या अमेरिका जैसे किसी विकसित देश की धरती पर खड़ी हूं। क्रोम और शीशे से बना यह हवाई अड्डा विश्व के सबसे आधुनिक हवाई अड्डों में एक है। चमकते हुए ग्रेनाइट के फर्श, नवीनतम तकनीक से लैस सभी सुविधाएं तथा ड्यूटीफ्री सामानों से भरी चमचमाती हुई दुकानें यहां आने वाले हर पर्यटक को सहज ही प्रभावित कर लेती हैं। मुझे लगा कि जब इतने ही दिनों में मलेशिया इतनी तरक्की कर सकता है तो हम क्यों नहीं? पर इस प्रश्न का जवाब सोचने से पहले ही मुझे पता लगा कि क्वालालम्पुर से पिनांग जाना है और वहां पहुंचने के लिए लगभग 40 मिनट की उड़ान फिर भरनी है। अभी भारतीय समय के अनुसार सुबह के पांच बजे थे, पर हवाई अड्डे की घड़ी सुबह साढ़े सात का समय दिखा रही थी यानी मलेशिया व भारत के समय में ढाई घंटे का अंतर था। मैंने स्थानीय समय के अनुसार अपनी घड़ी मिलाई और पिनांग जाने वाले विमान में बैठ गई।**



### सुपारी के पेड़ों वाला द्वीप

मलेशिया पर्यटन विभाग की ओर से गए हम आठ लोग थे जिनका स्वागत बहुत ही गर्मजोशी से पिनांग हवाई अड्डे पर टूर गाइड लेना व एडी ने किया। हवाई अड्डे से अपने होटल मुतियारा बीच रिसोर्ट तक जाते हुए लेना व एडी ने हमें पिनांग के बारे में तमाम जानकारियां दीं। पिनांग की खूबसूरती की एक झलक हमें रास्ते में ही मिल गई। हरी-भरी पहाड़ियों से घिरा पिनांग एक द्वीप है जिसका आकार एक तैरते हुए कछुए की तरह है। पिनांग की खूबसूरती से प्रभावित होकर ही ब्रिटिश रचनाकार सॉमरसेट मॉम ने लिखा था, यदि किसी ने पिनांग नहीं देखा, तो उसने संसार नहीं देखा। मुझे भी यहां आकर लगा कि मॉम ने कुछ गलत नहीं लिखा है। पूर्वी देशों के सबसे सुंदर शहरों में गिना जाता है पिनांग, जिसका नाम इस द्वीप पर बहुतायत से पाए जाने वाले सुपारी के पेड़ों के कारण पड़ा। मलय भाषा में पिनांग पान की सुपारी को कहते हैं। पूरब का मोती कहा जाने वाला यह द्वीप 1786 में सुदूर पूर्वी देशों में ब्रिटिश राज्य का पहला व्यापारिक केंद्र बना, पर आज यह पूरब और पश्चिम के मिलन का एक आकर्षक बिंदु है। चूंकि विश्व के लगभग सभी देशों से पर्यटक यहां वर्ष भर आते रहते हैं, अतः यहां की अर्थव्यवस्था का एक प्रमुख स्त्रोत पर्यटन है। पर्यटन संबंधी सुविधाएं यहां बहुत विकसित हैं और कई अंतरराष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनियों का विकास भी काफी अच्छा है।

### असर चीनी संस्कृति का

कई वर्षो तक ब्रिटिश शासन के अधीन रहने के कारण यहां की पुरानी इमारतों में ब्रिटिश स्थापत्य की झलक दिखती है। साथ ही चीनी संस्कृति का प्रभाव आज भी यहां के लोगों पर देखा जाता है। लेना व एडी ने चीनियों द्वारा बनाए गए कुआन यिन तेंग, वाट चैया मांगकालाराम तथा अन्य बौद्ध मंदिरों को दिखाते हुए बताया कि पिनांग की राजधानी जॉज टाउन में चीनियों द्वारा बनाए गए ऐसे कई बौद्ध मंदिर हैं, जहां एक विशेष जाति के चीनी लोग विभिन्न त्योहार मनाने के लिए आज भी इकट्ठे होते हैं। इन मंदिरों पर बनी अत्यंत महीन चीनी पेंटिंग व लकड़ी की नक्काशी से सजे पैनल इस देश के कलाकारों की प्रतिभा का परिचय देते हैं। थाईलैंड की स्थापत्य कला से प्रभावित वाट चैया मांगकालाराम मंदिर में भगवान बुद्ध की लेटने की मुद्रा में विश्व की तीसरी सबसे बड़ी प्रतिमा है।

### एक अनुभव अनोखा सा

मीलों तक फैले रेतीले मैदान व नारियल के पेड़ों की कतारों से सजे पिनांग के समुद्र तट विदेशी पर्यटकों को वर्षो से आकर्षित करते आ रहे हैं। दो दिन की पिनांग यात्रा के दौरान लेना व एडी हमें यहां के लगभग सभी दर्शनीय स्थलों पर ले गए, हमने स्थानीय भोजन का स्वाद लिया और बटरवर्थ तथा पिनांग के द्वीप के बीच चलने वाली फेरी में बैठकर द्वीप के चारों ओर फैले नीले पानी की सैर की। इस फेरी में लगभग 100 से अधिक गाड़ियां लोड की जा सकती हैं और 20-25 मिनट में समुद्र के जरिये अपनी गाड़ी में बैठे-बैठे आप पिनांग द्वीप तक आ-जा सकते हैं। यह मेरे लिए एक अनोखा अनुभव था। चीन, ब्रिटेन, थाईलैंड, बर्मा आदि देशों से प्रभावित पिनांग के इतिहास की जानकारी लेते और यहां के शौकीन व बहुत ही मिलनसार लोगों की यादें दिल में लेकर हम पिनांग ब्रिज से होते हुए क्वालालम्पुर की ओर चल दिए। यह ब्रिज पिनांग द्वीप व मलेशिया प्रायद्वीप को जोड़ने वाला विश्व का तीसरा सबसे लंबा ब्रिज है। यहां इस ब्रिज से जाते हुए पिनांग द्वीप की आखिरी झलक हमें मिल रही थी।

### ऐतिहासिक इमारतों के शहर में

क्वालालम्पुर जाते हुए हम मलेशिया के एक और राज्य पेराक से गुजरे जिसका मलय भाषा में अर्थ है चांदी। इस राज्य का यह नाम यहां पाई जाने वाली टिन की खानों के कारण पड़ा जिसका पेराक के इतिहास और अर्थव्यवस्था पर काफी गहरा प्रभाव रहा। पेराक की राजधानी ईपोह भी साफ सुथरे पार्क, चौड़ी सड़कों व आकर्षक ऐतिहासिक इमारतों के कारण दर्शनीय है। क्वाला कांगसार पेराक का शाही शहर है और यहां की प्राचीन खूबसूरत इमारतों में उबूदिहाह मसजिद व इस्कंदारियाह महल खास हैं। उबूदियाह मसजिद का निर्माण पेराक के 28वें सुलतान इदरीस मुर्शिदुल अदजाम शाह प्रथम के जमाने में शुरू हुआ पर इसके पूरा होने में काफी अड़चनें आई। प्रथम विश्वयुद्ध के दौरान हाथियों द्वारा यहां के इटैलियन मार्बल के फर्शो को तोड़ दिया गया और इसका उद्घाटन 1917 में हो सका। लगभग 100 वर्ष से भी अधिक पुराना रबर का पेड़ भी क्वाला कांगसार में दर्शनीय है। इसके अलावा पेराक की लाइमस्टोन गुफाएं और उनमें बौद्ध चित्रकला व बुद्ध की विशाल प्रतिमाएं भी देखने लायक हैं। लेटे हुए भगवान बुद्ध की 24 मीटर लंबी प्रतिमा के दर्शन करने हों, जो मलेशिया में सबसे लंबी प्रतिभा है, तो थाई बौद्ध मंदिर मेकप्रसित जाएं। यह ईपोह से तीन किलोमीटर उत्तर की ओर है। परिवार सहित आने वाले पर्यटकों के लिए आधुनिक राइड व झूलों से लैस बुकिट मेराह थीम पार्क भी यहां है, जो 600 हेक्टेयर में फैले लेक टाउन रिसोर्ट का एक हिस्सा है। पेराक टांग, सैम पोह टांग, शाही मसजिद, जैपनीज गार्डन, दारुल रिदजुआन संग्रहालय, ताम्बुन, सुंगकाई हिरण फार्म, क्वाला वोह जंगल पार्क, लता इस्कंदर वाटर फॉल आदि भी परोक के मुख्य दर्शनीय स्थलों में से हैं।

### रोशनी के बाग में

क्वालालम्पुर देखने की उत्सुकता ने हमें चैथे दिन मलेशिया की राजधानी पहुंचा दिया। गार्डन सिटी ऑफ लाइट्स कहे जाने वाले अपने शहर को यहां के लोग प्यार से केएल कहते हैं। 88 मंजिलों वाले विश्व के सबसे ऊंचे फ्री स्टैंडिंग टॉवर्स पेट्रोनाज ट्विन टॉवर्स क्वालालम्पुर में प्रवेश करते ही दिखने लगते हैं। इस्लाम के पांच स्तंभों से प्रेरित यह इमारत मलेशिया की पहचान है। रात को ये टॉवर्स इतने खूबसूरत दिखते हैं कि इनकी ओर से आंखें हटाने की इच्छा नहीं होती। क्वालालम्पुर सिटी सेंटर के बीचोंबीच निर्मित पेट्रोनाज टॉवर्स मलय व आधुनिक आर्किटेक्चर का बेमिसाल नमूना है। इसके भीतर पेट्रोनाज फिलहारमोनिक हॉल है तथा पेट्रोनाज परफॉर्मिंग आर्ट्स ग्रुप भी। क्वालालम्पुर में हमने विश्व की चैथी सबसे लंबी (421 मीटर) तथा एशिया की सबसे ऊंची मीनार क्वालालम्पुर भी देखी, जिसके भीतर जाकर ऑब्जर्वेटरी डेक से आप पूरे क्वालालम्पुर तथा क्लैंग वैली का नजारा देख सकते हैं। यहां के रिवॉल्विंग रेस्टोरेंट में कई तरह के स्वादिष्ट भोजन का मजा लेते हुए आप क्वालालम्पुर की एक-एक इमारत, पार्क, संग्रहालय व घर आदि दूरबीन से देख सकते हैं। क्वालालम्पुर टॉवर दूरसंचार नेटवर्क, रेडियो व टीवी स्टेशन की ट्रांसमिशन टॉवर भी है।



# चैम्पियंस ट्रॉफी के पहले मैच में बांग्लादेश के खिलाफ जीत से शुरुआत करने उतरेगी भारतीय टीम

**कराची (एजेंसी)।** दुबई (ईएमएस)। भारतीय टीम गुरुवार को यहां के दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी के ग्रुप ए के अपने पहले मैच में बांग्लादेश को हराने के इरादे से उतरेगी। हाल में इंग्लैंड के खिलाफ मिली जीत से भारतीय टीम के हौंसले बुलंद हैं। वह इस मैच को जीतकर यहां के मैदान के अनुरुप ढ़लते हुए पाकिस्तान के खिलाफ अगले मैच के लिए भी लय हासिल करना चाहेगी। बांग्लादेश के खिलाफ मुकाबला टीम इंडिया के लिए इसलिए अहम है, क्योंकि कई सवाल मौजूदा टीम पर हैं। भारतीय टीम के लिए इस मैच में जसप्रीत बुमराह के विकल्प के तौर पर किसी गेंदबाज को रखती है। ये देखना होगा। बुमराह फिट नहीं होने के कारण इस टूर्नोमेंट से बाहर हैं। भारतीय टीम इस टूर्नामेंट में जीत की प्रबल दावेदार मानी जा रही है हालांकि इसके लिए उसके बल्लेबाजों और गेंदबाजों को बेहतर प्रदर्शन करना होगा। इस टूर्नामेंट में भारतीय टीम की जीत कप्तान रोहित शर्मा और विराट कोहली की बल्लेबाजी पर भी निर्भर करेगी। इस मैच में उपकप्तान शुभमन गिल, श्रेयस अय्यर पर भी भारतीय प्रशंसकों की नजर रहेंगी। कप्तान रोहित ने कुछ दिन पहले इंग्लैंड के खिलाफ शानदार शतक और कोहली ने अर्धशतक बनाया था। इसके अलावा शुभमन ने भी अच्छा प्रदर्शन किया और इंग्लैंड के खिलाफ तीन एकदिवसीय मैचों की सीरीज में एक शतक और दो अर्धशतक लगाये। हालांकि, चैंपियंस ट्रॉफी में भारत के सामने चुनौती घरेलू सीरीज से काफी अलग है। ग्रुप ए में भारत को इस मैच के बाद पाकिस्तान और न्यूजीलैंड से खेलना है। वहीं एक हार भी उसे बाहर कर सकती है। भारतीय टीम ने पिछले कुछ समय में एकदिवसीय ओवर के क्रिकेट में अच्छा प्रदर्शन किया है पर बांग्लादेश के खिलाफ उसे सही संयोजन रखना होगा।

इस मैच में देखना होगा कि विकेटकीपर बल्लेबाज के एल राहुल अपने पसंदीदा पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी करेंगे या फिर अक्षर पटेल उनसे ऊपर आएंगे और वह छठे नंबर पर उतरेंगे। इस विकेटकीपर बल्लेबाज ने इंग्लैंड के खिलाफ शुरुआती दो मैचों में छठे नंबर पर बल्लेबाजी की थी पर अंतिम एकदिवसीय मै में वह पांचवें नंबर पर उतरे। दो मैचों में वे विफल रहे थे, लेकिन तीसरे मैच में उन्होंने रन बनाए थे। ऐसे में पूरी संभावना है कि टीम प्रबंधन मैच की स्थिति के अनुसार ही कोई फैसला करेगा।

दूसरी ओर गेंदबाजी में सही संतुलन हासिल करना आसान नहीं है। मुख्य तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी के नई गेंद से साझेदार के रूप में अर्शदीप सिंह और हर्षित राणा में से एक को चुना जाएगा ये देखना होगा। शमी को भी अपने प्रदर्शन में सुधार करना होगा। राणा ने अब तक प्रभावशाली प्रदर्शन किया है और वह सपाट पिचों पर भी अपनी गति और उछाल के साथ बल्लेबाजों को परेशान करने की क्षमता रखते पर अर्शदीप बाएं हाथ के कोण और अपनी गेंदबाजी में मौजूद विविधता के कारण नई गेंद की जिम्मेदारी उठाने की दौड़ में सबसे आगे हैं।

इसके अलावा भारतीय टीम तीन स्पिनरों को शामिल कर सकती है। हार्दिक पांड्या तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर होंगे, लेकिन यहां भी भारत को इस बात पर विचार करना होगा कि रविंद्र जडेजा और अक्षर के अलावा तीसरा स्पिनर कौन होगा। बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव और मिस्ट्री स्पिनर वरुण चक्रवर्ती में से किसी एक को शामिल करने के फैसला आसान नहीं होगा। अगर हाल के प्रदर्शन को ध्यान रखें तो वरुण को अवसर मिलेगा, वहीं अनुभव को देखें तो कुलदीप रहेंगे। को मौका मिलना चाहिए, लेकिन कुलदीप ने मंगलवार को यहां नेट पर कुछ प्रतिष्ठित बल्लेबाजों को चकमा देकर अपनी क्षमता दिखाई।

वहीं बांग्लादेश टीम में भी इस बार अनुभवी शाकिब अल हसन और लिटन दास जैसे खिलाड़ी नहीं हैं। बांग्लादेश ने पूर्व में आईसीसी प्रतियोगिताओं में कई टीम को परेशान किया है। ऐसे में भारतीय टीम इस मैच में अपनी ओर से पूरी ताकत लगा देगी। बांग्लादेश के कप्तान नजमुल हुसैन ने हाल में कहा था कि इस बार भारतीय टीम में तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह नहीं है जिससे उसके पास जीत का अवसर है।




### दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं

**भारत:** रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, लोकेश राहुल, ऋषभ पंत, हार्दिक पंड्या, अक्षर पटेल, वॉशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, हर्षित राणा, मोहम्मद शमी, अर्शदीप सिंह, रविंद्र जड़ेजा और वरुण चक्रवर्ती।

**बांग्लादेश:** नजमुल हुसैन शंटो (कप्तान), सौम्य सरकार, तंजीद हसन, तौहीद हृदय, मशफिकुर रहीम, एमडी महमूदुल्लाह, जाकिर अली अनिक, मेहदी हसन मिराज, रिशाद हुसैन, तास्किन अहमद, मुस्ताफिजुर रहमान, परवेज हुसैन इमोन, नासुम अहमद, तंजीम हसन साकिब और नाहिद राणा।

# आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में विराट तोड़ सकते हैं कई रिकार्ड



**दुबई (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में कई अहम रिकार्ड अपने नाम कर सकते हैं। विराट ने इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे एकदिवसीय में शानदार अर्धशतकीय पारी खेलकर फार्म हासिल कर लिया है। ऐसे में प्रशंसकों को उम्मीद है कि विराट चैंपियंस ट्रॉफी में मैच विजेता पारियां खेलेंगे।


विराट इस दौरान कई बड़े रिकॉर्ड बना सकते हैं। 297 एकदिवयीस मैचों में 13,963 रन बनाने वाले विराट के पास सबसे तेज 14,000 रन पूरे करने का अवसर है। अगर वह चैंपियंस ट्रॉफी में 37 रन बना लेते है तो वह एकदिवसीय में 14,000 रन बनाने वाले सबसे तेज बल्लेबाज बन जाएंगे। भारतीय टीम के महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर और श्रीलंका के पूर्व कप्तान कुमार संगकारा ने ही एकदिवसीय में 14,000 से अधिक रन बनाए हैं। तेंदुलकर ने अपनी 350वें पारी में 14,000 रन का आंकड़ा पार किया था, जबकि संगकारा ने अपने 378 वीं पारी में यह उपलब्धि हासिल की थी। वहीं कोहली ने अब तक सिर्फ 285 पारियां खेली है।

विराट अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में तीसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बनने के भी बेहद करीब हैं। कोहली ने सभी फॉर्मेट में 545 मैच खेले हैं और 27,381 रन बनाए हैं। अगर वह चैंपियंस ट्रॉफी 103 रन बना लेते हैं तो ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग को पीछे छोड़ देंगे। पोंटिंग ने 560 मैच खेले और 27,483 रन बनाए हैं विराट ने 2009 में भारत के लिए चैंपियंस ट्रॉफी में डेब्यू किया था. और अब तक खेले गए 13 मैचों में 529 रन बनाए हैं। चैंपियंस ट्रॉफी में खेल रहे बल्लेबाजों में विराट सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं.। 263 रन बनाने के साथ ही वो वेस्टइंडीज के पूर्व कप्तान क्रिस गेल के 791 रनों का रिकॉर्ड तोड़कर टूर्नामेंट के इतिहास में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बन जाएंगे।

विराट कोहली के निशाने पर चैंपियंस ट्रॉफी में सबसे ज्यादा पाचास रन बनाने का रिकॉर्ड भी होगा। अब तक खेले गए 13 चैंपियंस ट्रॉफी मुकाबलों में उन्होंने पांच अर्धशतक बनाए हैं। अगर इस बल्लेबाज ने चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में दो अर्धशतक बना लिए तो वह राहुल द्रविड़ के सबसे ज्यादा अर्धशतकों 6 का रिकॉर्ड तोड़ देंगे।

# बांग्लादेश के खिलाफ चैम्पियंस ट्रॉफी मुकाबले में अर्शदीप को शामिल करे भारत : पोंटिंग

**दुबई (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम चैम्पियंस ट्रॉफी में अपना पहला मैच गुरुवार को बांग्लादेश से खेलेगी। इसी को लेकर ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग ने कहा कि भारतीय टीम को इसमें हर्षित राणा की जगह पर बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह को शामिल करना चाहिये। पोंटिंग के अनुसार इस टूर्नामेंट में मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की अनुपस्थिति में अर्शदीप अहम भूमिका निभा सकते हैं। राणा ने हाल में इंग्लैंड के खिलाफ एकदिवसीय सीरीज में अच्छा प्रदर्शन कर अंतिम ग्यारह के लिए अपनी दावेदारी पक्की की थी।



पोंटिंग ने कहा कि मैं पहले मैच के लिए बाएं हाथ के तेज गेंदबाज को रखना चाहूंगा। इसलिए मैं राणा की जगह अर्शदीप को टीम में रखना चाहूंगा। उन्होंने कहा कि सभी जानते हैं कि अर्शदीप कितना अच्छा गेंदबाज है और अगर कौशल की बात करें तो शायद उसके पास भी बुमराह जैसा कौशल है। वह नई गेंद से डेथ ओवरों में प्रभावी प्रदर्शन करने में सक्षम है। पोंटिंग ने कहा कि हर्षित भी एक अच्छा गेंदबाज है। मुझे लगता है कि वह काफी प्रतिभाशाली है और हम सभी जानते हैं कि नई गेंद से वह क्या कमाल कर सकता है पर मुझे नहीं लगता कि डेथ ओवरों में वह अर्शदीप जैसी भूमिका निभा सकता है। इस पूर्व कप्तान ने कहा कि अंतिम एकादश में बाएं हाथ का तेज गेंदबाज होना अंतर पैदा करता है। इससे आक्रमण को विविधता मिलती है। टीम में नई गेंद संभालने और मूव करने में सक्षम गेंदबाज की हमेशा ही जरुरत होती है।

# चैंपियंस ट्रॉफी से पहले बाबर आजम के लिए बुरी खबर, शुभमन गिल फिर बने आईसीसी वनडे रैंकिंग में नंबर 1



**दुबई (एजेंसी)।** चैंपियंस ट्रॉफी के शुरुआती दिन जारी आईसीसी रैंकिंग अपडेट में शुभमन गिल और महेश थीक्षाना क्रमशः नए नंबर 1 पुरुष वनडे बल्लेबाज और गेंदबाज बन गए हैं। गिल अपनी सूची में बाबर आजम से आगे निकल गए हैं, जबकि थीक्शाना ने राशिद खान को पछाड़ा है। गिल ने इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू एकदिवसीय श्रृंखला में 87, 60 और 112 के स्कोर बनाया था जिससे टीम इंडिया 3-0 से सीरीज जीती। वह 269 रन बनाकर टॉप स्कोरर रहे। उनके बाद श्रेयस अय्यर (181 रन) का नाम था।

**आईसीसी वनडे रैंकिंग**

1. शुभमन गिल, भारत (796 रेटिंग)
2. बाबर आजम, पाकिस्तान (773 रेटिंग)
3. रोहित शर्मा, भारत (761 रेटिंग)
4. हेनरिक क्लासेन, दक्षिण अफ्रीका (756 रेटिंग)
5. डेरिल मिचेल, न्यूजीलैंड (740 रेटिंग)
6. विराट कोहली, भारत (727 रेटिंग)
9. श्रेयस अय्यर, भारत (679 रेटिंग)

यह दूसरी बार है जब गिल एकदिवसीय क्रिकेट में शीर्ष पर पहुंचे हैं - पिछला अवसर 2023 में एकदिवसीय विश्व कप के दौरान था। गिल की बढ़त ने बाबर को दूसरे स्थान पर धकेल दिया। गिल के 796 रेटिंग अंक हैं, जबकि बाबर के 773 हैं। उनके बाद शीर्ष 5 में रोहित शर्मा, हेनरिक क्लासेन और डेरिल मिशेल हैं, जो पाकिस्तान में त्रिकोणीय श्रृंखला के बाद 2 स्थान ऊपर चढ़ गए हैं, जहां उन्होंने 81, 10 और 57 रन बनाए थे। इंग्लैंड के खिलाफ दो वनडे मैचों की सीरीज के बाद श्रीलंका के कप्तान चैरिथ असलांका आठ स्थान ऊपर चढ़कर 8वें नंबर पर पहुंच गए हैं, जबकि पाकिस्तान के कप्तान मोहम्मद रिजवान 15वें स्थान पर पहुंच गए हैं।


श्रीलंका चैंपियंस ट्रॉफी का हिस्सा नहीं है क्योंकि वह क्वालीफिकेशन से चूक गई थी। राशिद जिन्होंने पिछले दिसंबर से कोई वनडे नहीं खेला है, दूसरे स्थान पर खिसक गए हैं, लेकिन थीक्षाना बहुत पीछे नहीं हैं। उनके पास 669 रेटिंग अंक हैं। गेंदबाजों की तालिका में थीक्षाना और राशिद के पीछे नामीबिया के बर्नार्ड शोल्ट्ज़ हैं, उनके बाद शीर्ष पांच में भारत के कुलदीप यादव और पाकिस्तान के शाहीन शाह अफरीदी हैं। न्यूजीलैंड के कप्तान मिचेल सैंटनर ने भी बड़ा कदम उठाया है, पाकिस्तान त्रिकोणीय श्रृंखला में 3 एकदिवसीय मैचों में उनके 5 विकेट ने उन्हें पांच स्थान का फायदा दिया है और उन्हें नंबर 7 पर डाल दिया है।

# चैम्पियंस ट्रॉफी के लिए बाकि देशों के साथ ही भारतीय झंडा भी पाक बोर्ड ने लगाया

कराची । पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने अब कराची में भारतीय झंडा भी लगा दिया है। इससे पहले पीसीबी ने चैम्पियंस ट्रॉफी के शुरुआती कार्यक्रम में भारत का झंडा नहीं लगाया था पर इस मामले पर हुई आलोचना के बाद उसने भारतीय झंडा भी लगा दिया है। इससे पहले सोशल मीडिया पर कराची के नेशनल स्टेडियम की कुछ तस्वीरें और वीडियोज वायरल हुई थीं। इनमें भारतीय झंडा नही था। वही चैंपियंस ट्रॉफी में हिस्सा ले रहे बाकी सभी देशों का झंडा था। वही अब नई तस्वीरों में चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारत के झंडे को अन्य भाग लेने वाले देशों के साथ रखा गया है। यहां तक कि भारतीय टीम की जर्सी पर भी दुबई में खेलने के बाद भी मेजबान देश पाकिस्तान का नाम लिखा है पर , अभी भी स्टेडियम के ऊपर भारत का झंडा नहीं लहरा रहा है, इसके बारे में कहा गया है कि भारतीय टीम अपने मुकाबले दुबई में खेलेगी। इसलिए यहां झंडा नहीं लगाया गया है। पीसीबी के एक अधिकारी ने कहा, जैसा कि आप जानते हैं, भारतीय टीम आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के दौरान अपने मैच खेलने के लिए पाकिस्तान नहीं आ रही है; कराची के नेशनल स्टेडियम, रावलपिंडी क्रिकेट स्टेडियम और लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में उन देशों के झंडे फहराए गए हैं, जो इन स्थलों पर खेलने जा रहे हैं। वहीं बीसीसीआई उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने भी इस विवाद को लेकर कहा कि पीसीबी को पहले यह पुष्टि करनी चाहिए कि वहां पहले भारतीय झंडा था या नहीं।

# चैम्पियंस ट्रॉफी के लिए पांच स्पिनर रखे जाने को सही नहीं मानते कार्तिक

दुबई । भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक ने आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी के लिए पांच स्पिनरों को रखे जाने को सही नहीं माना है। इस टूर्नामेंट में तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह खेल नही रहे हैं और उनके विकल्प के तौर पर युवा तेज गेंदबाज हर्षित राणा को शामिल किया गया है। इसमें ओपनर यशस्वी जायसवाल को बाहर करने के बाद स्पिनर वरुण चक्रवर्ती को भी अवसर दिया गया है। वरुण भारतीय दल में पांचवें स्पिनर हैं। वहीं कार्तिक को लगता है कि बुमराह के सबसे बेहतर विकल्प तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज होते। उन्होंने कहा, देखिए, अगर आपको अनुभव के आधार पर जाना था तो सिराज अच्छे विकल्प हो सकते थे। हालांकि, हर्षित ने इंग्लैंड के खिलाफ बहुत अच्छी गेंदबाजी की जिससे मुझे लगता है कि भारतीय प्रबंधन अभी हर्षित से बहुत प्रभावित है।। भारत को चैंपियंस ट्रॉफी के अपने सभी मैच दुबई में खेलने हैं। इसें स्पिन ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा का अंतिम ग्यारह में शामिल होना लगभग तय है। दुबई के हालातों में कुलदीप यादव भारत के लिए गेंद से अंतर पैदा कर सकते हैं। स्पिन ऑलराउंडर अक्षर पटेल बल्ले की भी अनदेखी नहीं हो सकती। कार्तिक ने कहा कि दल में पांच स्पिनरों का होना यह दिखाता है कि टीम मैनेजमेंट आदर्श संयोजन को लेकर संशय में है। कार्तिक ने कहा, 'मुझे व्यक्तिगत रूप से लगता है कि पांच स्पिनर बहुत ज्यादा हैं। मुझे लगता है कि वे चार से भी काम चला सकते थे। और यहीं पर मुझे लगता है कि यह थोड़ा सा संशय भी दिखाता है। इसके अलावा यशस्वी जैसे बल्लेबाज की जगह विकल्प के तौर पर स्पिनर को रखना हैरानी की बात है।'



# एफआईएच हॉकी प्रो लीग में जर्मनी ने भारत को 4-1 से हराया

**भुवनेश्वर (एजेंसी)।** मौजूदा विश्व चैंपियन जर्मनी ने मंगलवार को पुरुष एफआईएच हॉकी प्रो लीग के रोमांचक मुकाबले में भारत को 4-1 से हरा दिया। आज यहां भुवनेश्वर के प्रतिष्ठित कलिंगा हॉकी स्टेडियम में खेले गये मुकाबले में जर्मनी के लिए फ्लोरियन स्पर्लिंग ने (7वें) मिनट, थिएस प्रिंज ने (14वें) मिनट, मिशेल स्ट्रुथॉफ ने (48वें) मिनट और राफेल हाटकॉफ ने (55वें) मिनट में गोल किए।

वहीं, भारत की ओर से एकमात्र गोल गुरजंत सिंह ने (13वें )मिनट में किया। पहले क्वार्टर में जर्मनी की ओर से फ्लोरियन स्पर्लिंग ने सातवें मिनट में गोल दागकर अपनी टीम को बढ़त दिलाई। इसके कुछ देर बाद ही भारत के गुरजंत सिंह ने 13वें मिनट में गोलकर स्कोर 1-1 से बराबरी पर ला दिया।

जर्मनी के थिएस प्रिंज ने 14वें मिनट में एक और गोल करके अपनी टीम की बढ़त को 2-1 कर दिया। भारत ने दूसरे और तीसरे क्वार्टर में आक्रामक प्रदर्शन किया। लेकिन भारतीय खिलाड़ी गोल करने में विफल रहे। 48वें मिनट में जर्मनी ने मिशेल स्ट्रुथॉफ के जरिए गोलकर बढ़त को 3-1 कर दिया। इसके दो मिनट बार राफेल हाटकॉफ ने जर्मनी के चौथा गोल कर अपनी टीम जीत सुनिश्चित कर दी।



# मैक्सवेल विफल हुए तो ऑस्ट्रेलिया होगी बाहर : वॉन



लंदन । इंग्लैंड क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने कहा है कि अगर ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल इस बार असफल रहे तो ऑस्ट्रेलियाई टीम आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी से बाहर हो जाएगी। वॉन के अनुसार मिशेल स्टार्क, नियमित कप्तान पैट कमिंस और जोश हेजलवुड की अनुपस्थिति में ऑस्ट्रेलियाई टीम पहले ही कमजोर है। ऐसे में नये गेंदबाजों के लिए पाकिस्तान और दुबई में बल्लेबाजों को रोकना कठिन होगा। कमिंस और हेजलवुड चोटों के कारण बाहर हो गए, जबकि स्टार्क ने निजी कारणों से टूर्नामेंट से बाहर होने का फैसला किया। वॉन ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया को अपने तीन मुख्य तेज गेंदबाजों की कमी खलेगी। मिचेल स्टार्क टूर्नामेंट से बाहर हो गए है। कमिंस और जोश हेजलवुड भी नहीं है। उनका मुख्य तेज गेंदबाजी आक्रमण पाकिस्तान और दुबई में नहीं होगा। ऐसा लगता है कि यह ऑस्ट्रेलिया के लिए बहुत बड़ा झटका है। वॉन ने स्टीव स्मिथ को कप्तान बनाना सही फैसला है। साथ ही कहा कि सभी कप्तानों में से स्मिथ रणनीतिक तौर पर देखा जाये तो किसी भी अन्य कप्तान की तरह ही अच्छे हैं। हालांकि, तीन मुख्य तेज गेंदबाजों के गायब होने के कारण स्मिथ को चैंपियंस ट्रॉफी में ऑस्ट्रेलिया को सफलता दिलाने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। उनके अनुसार मार्कस स्टोइनिस और मिचेल मार्श के टीम में नहीं होने से भी मैक्सवेल पर दबाव रहेगा। स्टोइनिस ने कुछ हफ्ते पहले ही एकदिवसीय से संन्यास की घोषणा की जबकि मार्श घायल हो गए थे। वॉन के अनुसार, मैक्सवेल ऑस्ट्रेलियाई टीम के ऐसे खिलाड़ी होंगे जिन पर सबकी नजर रहेगी। उन्होंने कहा कि ग्लेन मैक्सवेल और स्पिनर एडम जम्पा ऑस्ट्रेलिया के मुख्य खिलाड़ी होंगे, लेकिन मुझे लगता है कि बहुत कुछ मैक्सवेल के प्रदर्शन पर निर्भर करेगा।

# चैम्पियंस ट्रॉफी में भारतीय बल्लेबाजों को परेशान कर सकते हैं बांग्लादेश के नाहिद




**दुबई (एजेंसी)।** आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी में भारतीय टीम को गुरुवार को बांग्लादेश से खेलना है। इस मैच में भारतीय टीम को जीत का प्रबल दावेदार माना जा रहा है पर उसे बांग्लादेश के एक खिलाड़ी से सावधान रहना होगा। ये खिलाड़ी तेज गेंदबाज नाहिद राणा है।

6 फुट 5 इंच लंबे राणा बांग्लादेश टीम के ट्रंपकार्ड हैं और उनकी गेंदबाजी में दिग्गज तेज गेंदबाजों की झलक मिलती है। ऐसे में दुबई की पिच पर राणा अपनी स्पीड से भारतीय बल्लेबाजो को परेशान कर सकते है क्योंकि रफ्तार के साथ साथ उनके लंबे कद की वजह से गेंद को जो उछाल मिलती है वो उनकी गेंदबाजी को बेहद खतनाक बनाता है। पिछले साल टेस्ट सीरीज के दौरान नाहिद ने विराट कोहली और रोहित शर्मा को भी परेशान किया था। एक साल से कम समय में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपनी जगह बनाने वाले नाहिद तेज गेंदबाजी के साथ ही अच्छी लाइन लेंथ भी रखते हैं। जिससे उन्हें खेलना कठिन होता है. राणा के साथ साथ तस्किन अहमद और मुस्तिफिजुर रहमान भी भारतीय बल्लेबाजी के लिए मुश्किलें खड़ी करेंगे।

आंकड़ों को देखें तो भारतीय टीम बांग्लादेश पर भारी है। आईसीसी टूर्नामेंट के आंकड़ों के साथ ही ओवरऑल एकदिवसीय रिकॉर्ड भी उसके पक्ष में हैं। चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में खेलने के लिए चुनी गई भारतीय टीम के पास जहां 1389 मैचों का अनुभव है। वहीं बांग्लादेश की टीम के पास 1024 एकदिवसीय का ही अनुभव है।

# डीविलियर्स के नाम हैं कई रिकार्ड

जोहांबर्ग । दक्षिण अफीका के पूर्व कप्तान और स्टार बल्लेबाज एबी डीविलियर्स अपने आक्रामक क्रिकेट के कारण जाने जाते हैं। उन्होंने अपनी तेज पारियों से कई बड़े रिकार्ड कायम किये हैं जिन्हें तोड़ना किसी के लिए भी आसान नहीं होगा। इसए बल्लेबाज ने एक से बड़कर एक ऐसे शॉट लगाये जिसकी किसी ने कल्पना भी नही की थी। डीविलियर्स के नाम एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे तेज अर्धशतक का विश्व रिकॉर्ड है। यह रिकॉर्ड उन्होंने एक दशक पहले बनाया था जो आज तक कोई बल्लेबाज नहीं तोड़ पाया है। उन्होंने 16 गेंदों पर ही अर्धशतक लगा दिया था। डीविलियर्स ने साल 2015 में वेस्टइंडीज के खिलाफ केवल 16 बॉल पर ये रिकार्ड बनाया था। उन्होंने तब श्रीलंका के पूर्व सलामी बल्लेबाज सनथ जयसूर्या के रिकॉर्ड को तोड़ा था। जयसूर्या ने साल 1996 में पाकिस्तान के खिलाफ खेले गए मुकाबले में 17 गेंदों में अर्धशतक लगाया था। डीविलियर्स एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय में सबसे तेज शतक लगाने वाले बल्लेबाज हैं। उन्होंने सबसे कम गेंदों पर शतक लगाया है जो आज तक कोई नही तोड़ पाया। यह विश्व कीर्तिमान उन्होंने साल 2015 में वेस्टइंड्ज के खिलाफ बनाया था। तब उन्होंने शतक पूरा करने के लिए 31 गेंदें खेली थी। डीविलियर्स ने उस समय न्यूजीलैंड के कोरी एंडरसन का रिकॉर्ड तोड़ा था जिन्होंने 2014 में विंडीज के खिलाफ 36 गेंदों पर शतक लगाया था।



# चैंपियंस ट्रॉफी में पहली बार खेलेंगे दस भारतीय खिलाड़ी

**मुम्बई (एजेंसी)।** आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी में इस बार भारतीय टीम में पिछली बार के केवल 5 ही खिलाड़ी शामिल हैं। ऐसे में इस बार करीब एक दस खिलाड़ियों को भारतीय टीम की ओर से डेब्यू का अवसर मिल सकता है। इस बार कप्तान रोहित शर्मा, विराट कोहली, ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या, रवींद्र जडेजा और तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी के अलावा सारे ही नए खिलाड़ी हैं। यशस्वी जायसवाल और जसप्रीत बुमराह के संभावित खिलाड़ियों की सूची से बाहर होने के कारण वरुण चक्रवर्ती और हर्षित राणा को अवसर मिला है.

साल 2017 में आखिरी बार चैंपियंस ट्रॉफी को खेला गया था। अब 8 साल बाद इस आईसीसी टूर्नामेंट की वापसी होने जा रही है। पिछली बार पाकिस्तान ने भारत को हराकर इस ट्रॉफी को अपने नाम किया था। तब से अब तक आईसीसी ने चैंपियंस ट्रॉफी का आयोजन नहीं किया है। अब एक बार फिर से इस मेगा इवेंट का आयोजन किया जा रहा है। इतने लंबे अंतराल में कई भारतीय खिलाड़ियों ने संन्यास ले लिया है तो कुछ टीम में जगह नहीं बना पाए। भारतीय दल में शामिल 15 में से 5 खिलाड़ियों ने ही चैंपियंस ट्रॉफी खेला है. चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में भारतीय टीम में 10 खिलाड़ी पहली बार खेलेंगे। इसमें शुभमन गिल (उपकप्तान), श्रेयस अय्यर, केएल राहुल (विकेटकीपर), ऋषभ पंत (विकेटकीपर), अक्षर पटेल, वाशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, हर्षित राणा, अर्शदीप सिंह, वरुण चक्रवर्ती शामिल हैं। उप कप्तान शुभमन गिल, श्रेयस अय्यर, अक्षर पटेल, केएल राहुल, कुलदीप यादव और हर्षित राणा का खेलना तो पक्का माना जा रहा है। वहीं ऋषभ पंत, वाशिंगटन सुंदर, वरुण चक्रवर्ती को अंतिम ग्यारह में अवसर मिलना थोड़ा मुश्किल है।

**टीम** – रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल (उपकप्तान), विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल (विकेटकीपर), ऋषभ पंत (विकेटकीपर), हार्दिक पंड्या, अक्षर पटेल, वाशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, हर्षित राणा, मोहम्मद शमी, अर्शदीप सिंह, रविंद्र जडेजा और वरुण चक्रवर्ती



## अमरेली में नदी से पानी लेने गए 7 साल के बच्चे को शेर खा गया

अमरेली। गुजरात के अमरेली से एक चौंकाने वाला मामला आया है। जहां शेर ने एक बच्चे पर हमला कर बच्चे को खा लिया। जानकारी के अनुसार मध्यप्रदेश का एक परिवार अमरेली के पनिया गांव में बबूल के पेड़ काटने का काम कर रहा था, तभी उनके तीन बच्चे पानी भरने पास की नदी पर गए थे। वहां उन्हें अचानक शेर की दहाड़ सुनाई दी। जिससे 2 बच्चे भागे लेकिन एक बच्चे को शेर ने दबोच लिया और इतना बुरा काटा की बच्चे के टुकडे-टुकडे हो गए। वहीं, परिजन जब बच्चे को बचाने पहुंचे घटनास्थल पर पहुंचे तब उन्हें सिर्फ सिर, पैर और कुछ हड्डियां ही मिली। बीते अक्टूबर महीने में भी अमरेली के जिकाद्री गांव में एक पांच साल के बच्चे पर शेरनी ने हमला कर मार डाला था। इसके बाद शेर के हमले की यह दूसरी घटना है। फिलहाल वन विभाग ने कहा कि हमें जानकारी मिली, उसके बाद हमारी टीम ने 2 घंटे के अंदर शेर का रेस्क्यू किया। रेस्क्यू के बाद शेर को एनीमल केर सेंटर में भेजा गया है जहां पर उसकी जांच होगी। जिस बच्चे को शेर काटकर खा गया, उसका नाम राहुल बारीया था और वह 7 साल का था। बच्चे के पिता नारू बारिया और अन्य मजदूर यहां बबूल के पेड़ काटने का काम करने आए हैं। शेरों के इलाके में ये मजदूर झोपड़ी बनाकर खुले आसमान के नीचे रहते हैं। रात में इलाके में शेरों की दहाड़ के बावजूद वे सीमा से नहीं हटे। परिवार के मुताबिक सुबह राहुल दो अन्य लड़कियों के साथ एक बर्तन में पानी भरने के लिए पास की नदी पर गया था। तभी नदी के किनारे एक शेर उनका शिकार करने के लिए दौड़ा। दोनों लड़कियां भागने में सफल रही, लेकिन शेर राहुल को लेकर बबूल के पेड़ के पास गया और उसके टुकड़े-टुकड़े कर दिए।

## अखिलेश का आरोप, कुंभ में पूरा पैसा खर्च कर रही योगी सरकार, किसानों के लिए कुछ नहीं बचेगा

लखनऊ। समाजवादी पार्टी (एसपी) के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व सीएम अखिलेश यादव ने उत्तर प्रदेश सरकार के आगामी बजट को लेकर निशाना साधा है। अखिलेश ने आरोप लगाया कि योगी सरकार सारा पैसा कुंभ मेले पर खर्च कर रही है, इसके बाद प्रदेश के किसानों के लिए कुछ नहीं बचेगा। सपा प्रमुख अखिलेश ने कहा, योगी सरकार को किसानों की स्थिति पर ध्यान देना चाहिए। अगर देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करना है, तब कृषि क्षेत्र में निवेश बढ़ाना होगा। लेकिन योगी सरकार अपनी प्राथमिकताओं को भूलकर केवल धार्मिक आयोजनों पर पानी की तरह पैसा बहा रही है।



दरअसल अखिलेश ने यह बयान तब दिया है जब यूपी सरकार अगले बजट की तैयारियों में जुटी हुई है। अखिलेश ने कहा, कुंभ का आयोजन महत्वपूर्ण है, लेकिन जब किसानों को उनकी फसल का उचित मूल्य नहीं मिल रहा, गन्ना किसानों के बकाए का भुगतान अटका है और महंगाई बढ़ रही है, तब सारा ध्यान सिर्फ कुंभ पर देना उचित नहीं है। अखिलेश के इस बयान पर बीजेपी नेताओं ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। योगी सरकार के प्रवक्ताओं ने कहा कि कुंभ भारतीय संस्कृति और आस्था का महापर्व है और इस पर सवाल उठाना उचित नहीं। उन्होंने दावा किया कि सरकार किसानों और इंफ्रास्ट्रक्चर दोनों पर बराबर ध्यान दे रही है।

## संगम में प्रदूषित पानी के मामले पर यूपी सरकार पर नाराज हुआ एनजीटी

नई दिल्ली। प्रयागराज के संगम में प्रदूषित पानी के मामले पर सुनवाई के वक्त नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) उत्तर प्रदेश सरकार की दलील पर नाराज हो गया। उत्तर प्रदेश पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड (यूपीपीसीबी) ने कोर्ट में कहा कि सैंपल में जहां से पानी लिया गया, वहां का पानी दूषित था। सेंट्रल पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड (सीपीसीबी) ने एनजीटी के सामने रिपोर्ट पेश की थी, इस रिपोर्ट में कहा गया कि महाकुंभ में संगम का पानी नहाने योग्य नहीं है। पानी का फेकल कॉलीफॉर्म स्तर नहाने के लिए जरूरी प्राथमिक गुणवत्ता के स्तर के अनुरूप नहीं है। एनजीटी ने यूपी सरकार पर सवाल खड़े कर कहा कि आपने लंबा चौड़ा जवाब दाखिल किया लेकिन कहीं भी कोलीफॉर्म का जिक्र नहीं। एनजीटी ने कहा कि रिपोर्ट विस्तृत है, लेकिन उसमें गंगा यमुना की सफाई से जुड़े सारे मापदंडों का जिक्र नहीं। यूपीपीसीबी ने दावा किया कि जहां से सीपीसीबी ने गंगा यमुना में सैंपल लिया वहां पानी प्रदूषित था, लेकिन जहां से हमने लिए वहां पानी साफ था। यूपीपीसीबी की इस दलील पर एनजीटी नाराज हो गया। एजजीटी ने आदेश दिया कि यूपी सरकार ने एनजीटी को भरोसा दिलाया कि वे सीपीसीबी की रिपोर्ट पर एक्शन लेगा। इतना ही नहीं यूपीपीसीबी गंगा यमुना में पानी की गुणवत्ता को लेकर एक हफ्ते में लेटेस्ट रिपोर्ट दाखिल करेगा। अब मामले की अगली सुनवाई 28 फरवरी को होगी।

## देश के कई राज्यों में हो सकती है बारिश, 40 किमी की रफ्तार से चलेंगी हवाएं

नई दिल्ली। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने अगले कुछ दिनों के लिए पूर्वानुमान जारी किया है। आईएमडी के मुताबिक पूर्वोत्तर असम में निचले क्षोभमंडल स्तर पर चक्रवाती परिसंचरण बना हुआ है। इसके चलते 19 से 24 फरवरी के बीच अरुणाचल प्रदेश में हल्की बारिश हो सकती है। वहीं अगले सात दिनों में असम, मेघालय, नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा, पश्चिम बंगाल और सिक्किम में भी बारिश हो सकती है। आईएमडी ने कहा है कि 19 और 20 फरवरी को अरुणाचल प्रदेश, असम, मेघालय, नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में बिजली के साथ बारिश हो सकती है। 30-40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं भी चल सकती हैं। आईएमडी ने कहा कि 19 और 20 फरवरी को जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में गरज के साथ हल्की बारिश हो सकती है। कुछ जगहों पर ऐसी स्थिति 23 फरवरी तक रह सकती है। 20 फरवरी को पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली में भी हल्की बारिश हो सकती है।

# दिल्ली जीत ली...अब बिहार, असम और तमिलनाडू फतह की तैयारी में जुटे पीएम मोदी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली विधानसभा चुनाव में करीब तीन दशक बाद जीतने वाली भाजपा ने जश्न मना लिया है और अब फिर से दूसरे राज्यों की चुनावी तैयारी में जुट गई है। खासतौर पर पार्टी के शीर्ष नेता पीएम नरेंद्र मोदी किसी भी तरह से आराम के मूड में नहीं हैं। अब वे बिहार, असम और तमिलनाडु जैसे राज्यों को लेकर रणनीति तैयार कर रहे हैं। बिहार में इसी साल अक्टूबर तक विधानसभा चुनाव होने हैं। इसके बाद असम और तमिलनाडु में अगले साल चुनाव होने है। इन राज्यों को लेकर पहले से ही भाजपा तैयारी में है और 24 फरवरी को भागलपुर से पीएम नरेंद्र मोदी चुनाव अभियान की शुरुआत करने वाले है। भागलपुर में रैली को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं। इसके अलावा असम भी वे 24 फरवरी को ही जाएंगे।



असम और तमिलनाडु में चुनाव करीब एक साल दूर है, लेकिन पीएम मोदी अभी से तैयारियों में जुट गए है। इसकारण वे असम जाएंगे और फिर 28 तारीख को तमिलनाडु के रामेश्वरम भी पहुंच रहे हैं। पीएम मोदी यहां पर पंबन पुल का उद्घाटन करने वाले हैं, जो द्वीपीय शहर रामेश्वरम को तमिलनाडु के अन्य हिस्सों से जोड़ेगा। बिहार और असम के भाजपा नेताओं ने पीएम मोदी के दौरे की डिमांड की थी। दिल्ली में खुद पीएम मोदी ने चुनाव प्रचार का नेतृत्व किया था। इतना ही नहीं यमुना की सफाई को लेकर उन्होंने कहा था कि इस काम की निगरानी मैं व्यक्तिगत तौर पर करूंगा। इसके बाद माना जा रहा है कि पीएम मोदी ही आने वाले चुनावों में भी बीजेपी का चेहरा होने वाले है। बिहार में भाजपा का सीएम नीतीश कुमार की पार्टी जेडीयू के साथ गठबंधन है। भागलपुर में पीएम मोदी के साथ ही मंच पर नीतीश कुमार भी मौजूद रहने वाले है। इसके बाद वहां नीतीश कुमार और पीएम मोदी की कुछ साझा रैलियां भी होंगी। असम में भाजपा बीते 10 सालों से सत्ता में है और उस पर तीसरी बार वापसी का दबाव होगा। भाजपा को भागलपुर सीट पर कमजोर माना जाता है। इसके बाद भागलपुर से पीएम मोदी का रैली करना अहम है। इसके अलावा संकेत है कि भाजपा बिहार में किसी भी इलाके में खुद को कमजोर नहीं दिखाना चाहती। भागलपुर में ही पीएम मोदी की ओर से किसान सम्मान निधि योजना की नई किस्त जारी की जाएगी। वह भागलपुर में एक नई सेंट्रल यूनिवर्सिटी की स्थापना के एक आयोजन में भी शामिल होने वाले है। यहीं से वह दो दिनों की असम यात्रा पर रवाना हो जाएंगे, जहां कारोबारी समिट का भी आयोजन होना है।

## उपमुख्यमंत्री शिंदे ने विरोधियों के मुंह किए बंद, मतभेद की खबरों को सिरे से खारिज किया

मुंबई। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के साथ किसी भी तरह के मतभेद की खबरों को सिरे से खारिज कर दिया है। उन्होंने कहा कि महायुति गठबंधन (बीजेपी-एनसीपी-शिवसेना) में सब कुछ ठीक है और उनके बीच किसी भी तरह का कोई कोल्ड वॉर नहीं है। इसतरह की खबरें तब चर्चा में आई जब शिंदे ने मुख्यमंत्री रिलीफ फंड के जैसा मेडिकल सेल बना दिया। शिंदे के कदम को लेकर विपक्ष ने सवाल खड़े कर दिए थे। शिंदे ने कहा कि यह नया सेल किसी कॉम्पीटीशन व्यवस्था के रूप में नहीं बल्कि मुख्यमंत्री के वॉर रूम के साथ मिलकर काम करेगा ताकि मरीजों को बेहतर सेवाएं दी जा सके। उधर मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने भी मतभेद की खबरों को खारिज कर दिया है। उन्होंने कहा, इस तरह के सेल का गठन कोई गलत बात नहीं है, क्योंकि इसका मकसद जरूरतमंद लोगों की मदद करना है। जब मैं उपमुख्यमंत्री था, तब मैंने भी इसी तरह का सेल बनाया था। दरअसल शिंदे की यह सफाई विपक्षी दलों के आरोपों के बाद आई है, जिसमें शिवसेना (यूबीटी) के सांसद संजय राउत ने दावा किया था कि राज्य में 'समानांतर सरकार चलाई जा रही है'। राउत ने कहा, अगर सरकार इसी तरह चलती रही तब महाराष्ट्र में राजनीतिक अस्थिरता और बढ़ेगी।

## नाबालिग लड़कियों से बलात्कार और हत्या के मामले में बंगाल में छह दोषियों को मौत की सजा

-बंगाल पुलिस ने पेश की मिसाल

**कोलकाता (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल की विभिन्न अदालतों ने नाबालिग लड़कियों से बलात्कार और हत्या के मामले में बीते छह माह में छह दोषियों को मौत की सजा सुनाई है। इसके अलावा, अपने परिवार के सदस्यों की हत्या करने के दोषी व्यक्ति को भी मृत्युदंड की सजा सुनाई गई, इससे राज्य में बीते छह महीने में मृत्युदंड की सजा पाने वालों की संख्या बढ़कर सात हो गई है।



इस सूची में आरजी कर अस्पताल बलात्कार और हत्या मामले के दोषी संजय रॉय का नाम शामिल नहीं है। किशोरी का क्षत-विक्षत शव सात फरवरी 2025 को कोलकाता के न्यू टाउन इलाके में मिला था। पुलिस ने मामले में 22 वर्षीय ई-रिक्शा चालक को गिरफ्तार किया है। बता दें कि बंगाल में आखिरी न्यायिक फांसी दो दशक पहले हुई थी। दक्षिण कोलकाता के एक आवासीय इमारत के सुरक्षा गार्ड धनंजय चटर्जी को 16 वर्षीय छात्रा से बलात्कार और हत्या के मामले में वर्ष 2004 में 15 अगस्त से ठीक पहले फांसी दी गई थी। अपराध को मार्च 1990 में अंजाम दिया गया था।

जघन्य अपराध के इन मामलों में सितंबर 2024 से फरवरी 2025 के बीच मौत की सजा सुनाई गई। सिलीगुड़ी की एक पॉक्सो अदालत ने सात सितंबर 2023 को मोहम्मद अब्बास को मौत की सजा सुनाई। आरोपी अब्बास को अगस्त 2023 में माटीगारा इलाके में स्कूल जा रही 16 वर्षीय लड़की से बलात्कार और हत्या का दोषी पाया गया था। सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने फैसले का स्वागत कर लिखा, यह त्वरित सजा बंगाल पुलिस के प्रयासों का प्रमाण है बीते एक साल के भीतर न्याय सुनिश्चित किया। अपराजिता बलात्कार विरोधी विधेयक के लागू होने से इस तरह की कठोर सजाएं एक मिसाल बनेंगी, अपराधियों में डर पैदा करेंगी और इसतरह के जघन्य अपराधों को रोका जा सकेगा।

# दर्शक इस रोमांचक सीरीज को हिंदी, तेलुगु, तमिल और बंगाली में उपलब्ध डब संस्करणों के साथ देख सकते है

एजेंसी

**मुंबई :** इंतजार आखिरकार खत्म हुआ। भारत की सबसे चर्चित थ्रिलर ड्रामा सीरीज एक बदनाम आश्रम एक्शन से भरपूर सीजन 3 पार्ट 2 के साथ वापस आ रही है, जिसका प्रीमियर 27 फरवरी को विशेष रूप से अमेजन एमएक्स प्लेयर, अमेजन की मुफ्त वीडियो स्ट्रीमिंग सेवा पर किया जाएगा। आज स्ट्रीमिंग सेवा ने शो के नए सीजन का एक ऊर्जा से भरपूर ट्रेलर जारी किया, जो दर्शकों को आश्रम की उसी रहस्यमयी और सस्पेंस से भरी दुनिया में वापस ले जाएगा, जहां सत्ता, वफादारी और बदले की भावना अप्रत्याशित रूप से टकराती हैं। राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता प्रकाश झा द्वारा निर्देशित और निर्मित इस शो में बॉबी देओल मुख्य भूमिका में हैं, साथ ही आदिति पोहनकर, दर्शन कुमार, चंदन रॉय सान्याल, विक्रम कोचर, त्रिधा चौधरी, अनुप्रिया गोयनका, राजीव सिद्धार्थ, और ईशा गुप्ता भी अहम किरदार निभाते नजर आएंगे। इस शो को विमल द्वारा प्रस्तुत किया गया है, और लक्ज नाइट्रो, लाहौरी जीरा का सहयोग प्राप्त है, जबकि केईआई वायर एंड केबल्स विशेष भागीदार के रूप में जुड़े हैं। ट्रेलर में बाबा निराला के साम्राज्य में संबंध खराब होते हुए नजर आ रहे हैं। उनके करीबी सहयोगियों के साथ बढ़ता तनाव, पम्मी की निडर वापसी और भोपा स्वामी की सत्ता की भूख इस कहानी को और भी रोमांचक बना रही है। न्याय की डोर बेहद कमजोर पड़ चुकी है, और एक बदनाम आश्रम सीजन 3 - पार्ट 2 इस रोमांचकारी कहानी को और गहराई से पेश करेगा, जहां दिमाग के खेल, बदलते गठबंधन और वो काली सच्चाइयां सामने आएंगी, जिन पर यह आश्रम टिका हुआ है। लेकिन जैसे-जैसे ये रिश्ते कमजोर होने लगते हैं, क्या बाबा निराला अपने साम्राज्य को बचाने का कोई नया तरीका ढूंढ पाएंगे, या फिर यह उनके पतन की शुरूआत होगी।

## निकाय चुनाव से पहले कांग्रेस को झटका, हरियाणा में 50 नेता बीजेपी में शामिल

**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** हरियाणा में 2 मार्च को निकाय चुनाव होने वाले हैं और उससे पहले करनाल में कांग्रेस झटका लगा है। कांग्रेस के करीब 50 नेताओं ने बीजेपी का दामन थाम लिया है। इस दौरान हरियाणा के सीएम नायब सिंह सैनी और प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली भी मौजूद थे। बीजेपी से जुड़ने वाले नेताओं में हरियाणा अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व चेयरपर्सन त्रिलोचन सिंह, पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष अशोक खुराना, करनाल नगर निगम के पूर्व चेयरपर्सन बलविंदर कालरा शामिल हैं। इसके अलावा आम आदमी पार्टी नेता संजय बिंदल, कांग्रेस के ओबीसी सेल के जिलाध्यक्ष संजय चंदेल के अलावा कई पूर्व पार्षदों ने बीजेपी की सदस्यता ग्रहण की। कांग्रेस नेता निट्टू मान भी बीजेपी में शामिल हो गए हैं। करनाल सीट को बीजेपी का गढ़ माना जाता है और कांग्रेस के कुछ और नेताओं के आने से पार्टी मजबूत होगी। यहां से बीजेपी ने रेनू बाला गुप्ता को महापौर का उम्मीदवार बनाया है। सीएम सैनी ने कहा कि वह नेताओं का स्वागत करते हैं। आप लोगों के समर्थन से हमारी ताकत बढ़ेगी और हम पूरे समर्पण के साथ जनता की सेवा कर सकेंगे। इन नेताओं के कांग्रेस छोड़ने के बाद से पार्टी में हलचल तेज हो गई है। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि पूर्व डिप्टी मेयर मनोज वाधवा को मेयर प्रत्याशी बनाए जाने से लोगों में निराशा हैं। कांग्रेस छोड़ने की खबरों के बाद पार्टी नेताओं ने बागियों से मुलाकात भी की। कई नेताओं के यहां खुद महापौर उम्मीदवार मनोज वाधवा पहुंचे और मनाने की कोशिश की। उन्हें उम्मीदवार बनाए जाने से खफा नेताओं ने बीजेपी जॉइन की और सदस्यता ले ली। त्रिलोचन सिंह ने कहा कांग्रेस अब जनहित के मुद्दों से भटक रही है। इसलिए पार्टी छोड़ दी है। उन्होंने कांग्रेस नेतृत्व को धन्यवाद दिया कि उन्हें दो बार चुनाव लड़ने का मौका दिया। इसके अलावा अल्पसंख्यक आयोग का चेयरमैन भी बनाया। वहीं कांग्रेस नेताओं ने कहा कि




बीजेपी ने नेताओं पर दबाव डाला है। इसके कारण त्रिलोचन सिंह समेत कई लोगों ने इस्तीफा दिया है। मनोज वाधवा ने तो तीखे लहजे में कहा कि त्रिलोचन सिंह ने मेरी पीठ पर छुरा मारा है। वह नामांकन पत्र दाखिल करने तक साथ थे। इसके बाद अगले ही दिन पाला बदल लिया।

# कम बर्फबारी से जम्मू-कश्मीर में सूखे जैसे हालात, किसान हुए चिंतित

-कृषि विभाग ने दी पानी की कम खपत वाली फसलें उगाने की सलाह

**जम्मू (एजेंसी)।** जम्मू और कश्मीर में इस बार सूखे की आहट सुनाई देने लगी है। बर्फ रहित सर्दी और लंबे समय तक सूखे के कारण कश्मीर घाटी में जलाशयों के भरने में देरी हो रही है। इसके मद्देनजर किसान चिंतित हैं। अगर ऐसा होता है तो किसानों को समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। इसके चलते कृषि विभाग ने कश्मीर के किसानों को पानी की कम खपत वाली फसलें उगाने की सलाह दी है।



कृषि विभाग कश्मीर ने खासकर दक्षिण कश्मीर में प्रमुख जल निकायों के सूखने पर किसानों को चावल की खेती से दूर रहने और अन्य वैकल्पिक फसलें उगाने की सलाह दी। विभाग ने दावा किया कि है कि स्थिति से निपटने के लिए स्कॉस्ट-कश्मीर के साथ मिलकर आकस्मिक योजनाओं पर काम किया जा रहा है। स्कॉस्ट फसलों और अन्य किस्मों की वृद्धि के लिए उपयुक्त स्थानों के बारे में मार्गदर्शन करेगा। सूखे की स्थिति जारी रहने के साथ ही किसानों से कृषि एडवाइजरी के लिए अपडेट रहने और पानी की कमी के प्रभाव को कम करने के लिए टिकाऊ कृषि पद्धतियों को अपनाने को कहा गया है।

लम्बे समय बाद ऐसी स्थिति देखने को मिल रही है। इस बार बर्फ रहित सर्दियों को जलस्तर में कमी का मुख्य कारण बताया जा रहा है। सिंचाई और बाढ़ नियंत्रण विभाग के मुताबिक कम बर्फबारी के कारण कश्मीर की जीवन रेखा झेलम सहित ज्यादातर नदियां जीरो लैवल से नीचे बह रही हैं। पिछले 45 दिनों में बहुत कम बर्फ पिघलने और कम बारिश होने से नदी का जलस्तर घट रहा है। पुलवामा स्थित संगम पर झेलम का जल स्तर माइनस 1.01 फीट तक पहुंच गया है जबकि राम मुंशी बाग में यह 3.52 फीट था और अशाम में स्तर 0.75 फीट तक गिर गया है। लिद्दर, राम बिआरा, द्रंग और पोहरू, सीलू सहित छोटी नदियां और नाले भी न्यूनतम जल स्तर से नीचे बह रहे हैं।

मौसम विभाग के मुताबिक जम्मू और कश्मीर में अब तक बारिश में कुल 29 फीसदी की कमी आई है जबकि पिछले तीन महीनों में यह कमी 80 फीसदी के करीब है। अकेले जनवरी के महीने में कम बारिश और बर्फबारी दर्ज की गई है। वहीं 12 फरवरी तक पहले 2 महीनों में केंद्र शासित प्रदेश के सभी जिलों में बारिश में 70 से 80 फीसदी की भारी कमी दर्ज की गई थी। पूरे जम्मू-कश्मीर में 79 फीसदी कम बारिश दर्ज की गई है और 1 जनवरी से 12 फरवरी 2025 तक सिर्फ 29.8 मिली मीटर बारिश दर्ज की।

मौसम विभाग ने अगले एक हफ्ते में 2 वैस्टर्न डिस्टर्बेंस के चलते 19 से 22 फरवरी और 25 से 27 फरवरी के बीच बारिश और बर्फबारी का अनुमान लगाया है। इस सीजन की बर्फबारी हो सकती है। कश्मीर घाटी के मैदानी इलाकों जिनमें श्रीनगर भी शामिल है यहां 4 जनवरी को आखिरी बार बर्फबारी हुई थी। इसके चलते सूखा खत्म होने की आस बंधी है।

## सेना प्रमुख जनरल द्विवेदी की राहुल गांधी को नसीहत, सेना को राजनीति में नहीं घसीटे

**चीन के साथ सीमा विवाद पर बातचीत का दौर जारी**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने कांग्रेस सांसद और लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी को नसीहत दी है। उन्होंने कहा कि सेना को कभी भी राजनीति में नहीं घसीटना नहीं चाहिए। ऐसा होने पर बहुत चिंता की बात होगी। सेना प्रमुख जनरल द्विवेदी ने कहा कि सेना ने चीन के साथ बातचीत के रास्ते को आगे बढ़ाया है। यदि हम एक दूसरे से बात करते हैं तब बहुत से संदेह दूर हो पाएंगे। हमारी यह राय रही है कि किसी भी तरह से संदेह को खत्म किया जाए। इसके लिए हमारे द्वारा कोर कमांडर्स को ताकत दी है कि जहां भी संभव हो, वे फैसला ले लें। यदि बातचीत से कोई मसला हल होता है, तब कर लिया जाए। उन्हें यह पावर दी गई है कि यदि उनके लेवल से कोई मामला हल हो सकता है, तब क्यों ना ऐसा किया जाए। उसके लिए किसी भी तरह की मंजूरी का इंतजार करने की जरूरत नहीं है।



दरअसल राहुल गांधी ने कहा था कि चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ ने कहा था कि लद्दाख सेक्टर में घुसपैठ हुई थी। इस पर उन्होंने कहा कि सेना को राजनीति में नहीं घसीटा जाना चाहिए। वहीं महिलाओं को देवी काली की तरह सेना में शामिल करने की अपनी टिप्पणी पर फिर से जनरल द्विवेदी ने अपनी बात की। जनरल द्विवेदी ने कहा कि मेरा भाव यह था, जो हमारे इतिहास में झांसी की रानी लक्ष्मीबाई के बारे में कहा गया था कि बुंदेले हरबोलों के मुंह हमने सुनी कहानी थी, खूब लड़ी मर्दानी वह झांसी वाली रानी थी। बता दें कि महिलाओं को सेना में शामिल करने के वह हिमायती रहे हैं। सेना प्रमुख ने इस दौरान हथियारों की बिक्री को लेकर भी बात की।

उन्होंने कहा कि वर्तमान में हमारे यहां से विदेशों में हथियार भेजे जा रहे हैं। इसकी वजह यह है कि अब हथियार बनाने वाली कंपनियों को आसानी से लाइसेंस देने और छूट दी जा रही है। उन्होंने कहा कि भारत लंबे समय से यह कहता रहा है कि हम संवाद चाहते हैं। लेकिन जब जरूरी होगा, तब हम जंग से भी पीछे नहीं हटने वाले हैं। इस दौरान जब पूछा गया कि यदि किसी सेना कोई शहीद होता है, तब आप लोग कैसे परिवार को बताते हैं। उन्होंने कहा कि यह हमारे लिए बेहद दर्दनाक अनुभव होता है। लेकिन हम एक परिवार की तरह काम करते हैं। सेना में इंजीनियर, आर्टी, इन्फैंट्री सहित सभी लोग एक परिवार जैसे हैं।

# आपबीती : सांप और मगरमच्छों से सामना, डंकी रूट से अमेरिका जाने वालों की दास्तां

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पूर्व सैनिक मंदीप सिंह से वादा किया गया था कि उन्हें अमेरिका में कानूनी रूप से प्रवेश दिलाया जाएगा, लेकिन उनका जीवन खतरे में पड़ गया और उन्हें मगरमच्छों व सांपों से निपटना पड़ा, सिख होने के बावजूद दाढ़ी कटवानी पड़ी और कई दिनों तक बिना भोजन के रहना पड़ा। मगर अमृतसर में अपने परिवार के लिए बेहतर जीवन सुनिश्चित करने का उनका सपना 27 जनवरी को उस समय टूट गया, जब मैक्सिको के तिजुआना के रास्ते अमेरिका में घुसने की कोशिश करते समय उन्हें अमेरिकी सीमा गश्ती दल ने गिरफ्तार कर लिया।

इसके बाद समूह को पनामा के जंगलों को पार कराया गया। उन्होंने कहा, यहां हमें साथी यात्रियों ने बताया कि अगर हम बहुत अधिक सवाल पूछेंगे तो हमें गोली मार दी जाएगी। 13 दिनों तक हम खतरनाक रास्ते से गुजरे जिसमें 12 नहरें शामिल थीं। मगरमच्छ, सांप - हमें सब कुछ सहना पड़ा। कुछ लोगों को खतरनाक सरीसृपों से निपटने के लिए लाठियां दी गईं। मनदीप ने कहा, हम अधपकी रोटियां और कभी-कभी नूडल्स खाते थे, क्योंकि उचित भोजन तो दूर की बात थी। हम दिन में 12 घंटे यात्रा करते थे।

मंदीप ने बताया कि पनामा पार करने के बाद समूह ने कोस्टा रिका में रुककर होंडुरास की यात्रा शुरू की, जहां, हमें अंततः चावल खाने को मिला। मनदीप ने बताया, लेकिन निकारागुआ से गुजरते समय हमें कुछ खाने को नहीं मिला। हालांकि ग्वाटेमाला में हमें किस्मत से दही चावल मिल गया। जब हम तिजुआना पहुंचे तो मेरी दाढ़ी जबरन काट दी गई। उन्होंने बताया कि 27 जनवरी की सुबह उन्हें बॉर्डर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया, जब वे अमेरिका में घुसने के लिए सीमा पार कर रहे थे।

उन्होंने कहा, अधिकारियों ने हमें बताया कि हमें निर्वासित कर दिया जाएगा। वापस भेजे जाने से पहले हमें कुछ दिनों तक हिरासत केंद्र में रखा गया। गुरदासपुर जिले के रहने वाले लवप्रीत ने बताया कि वह एक साल पहले घर से चले गए थे।लवप्रीत ने कहा, मेरे ट्रैवल एजेंट ने मुझे डंकी रूट से जाने को कहा, जो सुरक्षित नहीं था। पनामा के जंगलों से गुजरना बहुत खतरनाक था। हम किसी तरह खुद को सांपों, मगरमच्छों और दूसरे जानवरों से बचाने में कामयाब रहे।

लवप्रीत ने कहा, हमें एक कंटेनर में मेक्सिको ले जाया गया। हमें शौच के लिए भी नहीं जाने दिया गया। अगर हम शौच के लिए कहते तो वे हमें पीटते थे।कपूरथला जिले के बीस वर्षीय निशान सिंह ने भी ऐसी ही आपबीती सुनाई। निशान के परिवार ने उन्हें



अमेरिका भेजने के लिए 40 लाख रुपए खर्च किए थे। निशान ने कहा, हमें पीटा गया, खाना नहीं दिया गया। हमने 16 दिन जंगल में बिताए, मुख्य रूप से पानी पर जीवित रहे। हमारे मोबाइल फोन और अन्य सामान छीन लिए गए।


नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशनंस एलएलपी की ओर से शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित। **संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, प्रबंध संपादक- पंकज कु. सिंह*, प्रधान संपादक- देवेंद्र सिंह** (*पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), **प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह.** 9334331934, 9386895799, 9507466535, **RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902**